10 विराट कोहली....



12 शहनाज गिल....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -31 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**सेराज अंसारी**
**मोमिन कॉन्फ्रेंस नगर अध्यक्ष**

**सफलता अंतिम नहीं है, असफलता घातक नहीं है: मायने रखता है तो बस आगे बढ़ने का साहस। यह विचार हमें निरंतर प्रयास करने और मुश्किल समय में भी हिम्मत न हारने की प्रेरणा देता है, क्योंकि सफलता और असफलता दोनों ही जीवन के अस्थायी पड़ाव हैं।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोट: सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,185.43**
निफ्टी :- **24,078.50**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **28** °
न्यूनतम तापमान : **23** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:13**
संध्या :- **18:37**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1919 को फिनलैंड ने एक नए संविधान को अंगीकार कर आधुनिक लोकतंत्र की नींव रखी।**

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरकाशी की सिलक्यारा टनल में हादसा, झारखंड के श्रमिक की मौत

**उत्तरकाशी:** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में निमार्णाधीन सिलक्यारा टनल में आज गुरुवार तड़के हुए एक दर्दनाक हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रात करीब दो बजे टनल के भीतर शॉटक्रीट (कंक्रीट) लाइनिंग का एक हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया. मलबे की चपेट में आने से 21 वर्षीय श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई. श्रमिक झारखंड का निवासी बताया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा टनल के बड़कोट साइड से लगभग 900 मीटर अंदर हुआ. उस समय टनल के भीतर नियमित निर्माण कार्य चल रहा था. अचानक लाइनिंग का एक बड़ा ब्लॉक टूटकर नीचे गिर पड़ा, जिससे वहां कार्य कर रहे श्रमिकों में अफरा-तफरी मच गई. साथी श्रमिकों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायल श्रमिक को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी.

### अरुणाचल में भारी भूस्खलन, तवांग-थिंगबू रोड बाधित, लोगों से यात्रा न करने की अपील

**तेजपुर:** तवांग जिला प्रशासन ने एक पब्लिक एडवाइजरी जारी की है जिसमें आने-जाने वालों से तवांग-थिंगबू रोड पर गैर-जरूरी यात्रा से बचने की अपील की गई है. लगातार भारी बारिश की वजह से हुए बड़े लैंडस्लाइड की वजह से कई हिस्सों में और भी चट्टानें खिसकने का खतरा है. थिंगबू के असिस्टेंट कमिश्नर के ऑफिस के मुताबिक, न्यू मालिंग के पास भारी चट्टानें गिरने और कीचड़ जमा होने की वजह से सड़क पर तीन बड़े ब्लॉक बन गए हैं, जिससे यह रास्ता गाड़ियों के आने-जाने के लिए असुरक्षित हो गया है. यह इंटरनेशनल बॉर्डर के पास मागो और बांकरला को जोड़ने वाली एक जरूरी टूरिस्ट रोड है. सड़क ठीक करने का काम बुधवार सुबह 9:15 बजे शुरू हुआ और शाम 4:00 बजे तक चला. इस दौरान टीमों ने कुछ समय के लिए तीनों बड़े ब्लॉक हटा दिए और सड़क को ट्रैफिक के लिए फिर से खोल दिया.

### ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा महोत्सव-2026 में सम्मिलित हुए राज्यपाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने की महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा-अर्चना

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री ने महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र की विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंडवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने पारंपरिक विधि-विधान से श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर रथयात्रा का शुभारंभ किया तथा 'जय जय जगन्नाथ' के जयकारे लगाए। माननीय मुख्यमंत्री के साथ-साथ आस्था एवं भक्ति के समागम में शामिल हजारों श्रद्धालुओं ने भी 'जय-जय जगन्नाथ' के जयकारे लगाए। मौके पर माननीय



मुख्यमंत्री ने समस्त राज्य वासियों को भक्ति एवं समर्पण का पर्व रथयात्रा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**मुख्यमंत्री ने की तोरणद्वार निर्माण कराए जाने की घोषणा**

रथयात्रा के पावन अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जगन्नाथपुर मंदिर की भव्यता को और बड़ी पहचान दिलायी जायेगी। इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर की दूर से ही पहचान हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा मंदिर को जोड़ने वाली सड़क पर भव्य तोरणद्वार का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रथयात्रा महोत्सव का पूरे साल श्रद्धालुओं द्वारा इंतजार किया जाता है। आज यहां श्रद्धालुओं की उपस्थिति जगन्नाथपुर मंदिर की दिव्यता, भव्यता और आकर्षण को स्पष्ट करता है। आने वाले समय में यह रथयात्रा मेला को और सफल तथा प्रभावी बनाया जाएगा। इस अवसर पर माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### जगन्नाथ रथ यात्रा में भगदड़, दो श्रद्धालु की मौत, 150 से अधिक घायलों को अस्पताल में किया गया भर्ती

**पुरी।** जगन्नाथ रथ यात्रा के पहले दिन गुरुवार को पुरी के ग्रैंड रोड (बड़ा डंडा) पर भक्तों की भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई. खबर के मुताबिक, भीड़ के कारण बेहोश होने से दो लोगों की मौत हो गई. 150 से ज्यादा घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है. बेहोश व्यक्ति को इलाज के लिए पुरी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मौत का सही कारण का अभी पता नहीं चल पाया है. पुलिस ने कहा कि मरने वाले की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. आगे की जांच चल रही है. भगदड़ के दौरान एक और शख्स की मौत की खबर है. हालांकि, अधिकारियों ने भी तक दूसरी मौत की पुष्टि नहीं की है. एक और व्यक्ति की भी मौत होने की खबर है, हालांकि अधिकारियों ने अभी तक दूसरी मौत की पुष्टि नहीं की है. एक्स पोस्ट, ओडिशा पुलिस ने कहा कि, ओडिशा अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं की स्पेशल रेस्क्यू यूनिट ने आज सुबह से भारी भीड़ से 33 भक्तों को सुरक्षित बचाया है. बचाए गए भक्तों को तुरंत प्राथिमिक उपचार और ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया, जिसके बाद उन्हें आगे की उपचार के लिए पास के अस्पताल में ले जाया गया. गुरुवार शाम तक, रथ यात्रा के दौरान सेहत से जुड़ी अलग-अलग शिकायतों के चलते करीब 150 लोगों को पुरी जिला जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूत्रों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. भगदड़ के बीच इमरजेंसी रेस्क्यू टीमों ने कई लोगों को स्ट्रेचर पर निकाला. सालाना रथ यात्रा के लिए पुरी जगन्नाथ मंदिर के सिंहद्वार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई थी.

## सोनिया गांधी की अध्यक्षता में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक, मानसून सत्र की रणनीति पर चर्चा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को निर्णय लिया कि वह संसद के आगामी मानसून सत्र में केंद्र सरकार को शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी अनियमितता, पेपर लीक, राम मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी, एथनॉल, परिसीमन से जुड़े विषय तथा कई अन्य मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगी. पार्टी का यह भी कहना है कि वह इस सत्र में विदेश नीति के अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यकों के अधिकारों से जुड़े विषय को भी प्रमुखता से उठाएगी. इसी क्रम में पार्टी की संसदीय रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास '10, जनपथ' पर एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे.

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि चंदा चोरी-आस्था से धोखा, प्रश्नपत्र लीक और शिक्षा व्यवस्था का सुनियोजित पतन, संस्थानों पर कब्जा, राजनीतिक दलों को तोड़ना, अनेक घोटाले और भ्रष्टाचार के



आरोप, कमरतोड़ महंगाई के अलावा विदेश नीति की विफलताएं और रणनीतिक भूलें और 3.5 करोड़ वाहन मालिकों पर एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) थोपना, बेलगाम वनों की कटाई तथा एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर लगातार हमले ऐसे प्रमुख मुद्दे हैं जिनको लेकर कांग्रेस मानसून सत्र में मोदी सरकार से जवाब मांगेगी. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में जनता के जीवन और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई. सूत्रों के मुताबिक, बैठक में संसद के अंदर विपक्षी दलों के साथ समन्वय बनाने के अलावा विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति तथा सदन में पार्टी की प्राथमिकताओं पर भी मंथन किया गया. बता दें कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से प्रारंभ होकर 13 अगस्त तक चलने की संभावना है. सत्र शुरू होने से पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की भी सोमवार को बैठक प्रस्तावित है।

### नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2026 का तीसरे दिन भी झारखंड पवेलियन में आने वालों का लगा रहा तांता

## झारखंड की बांस निर्मित-स्टील बोतल और मग ने भारत टेक्स 2026 में बटोरी खूब सराहना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली/रांची।** नई दिल्ली, भारत मंडपम में (14 से 17 जुलाई) तक आयोजित भारत टेक्स 2026 में झारखंड पवेलियन में प्रदर्शित बांस से निर्मित स्टील बोतल और मग देश-विदेश से आए आगंतुकों, खरीदारों एवं उद्योग प्रतिनिधियों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पारंपरिक बांस शिल्प को आधुनिक तकनीक और उपयोगिता से जोड़कर तैयार किए गए ये उत्पाद पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ जीवनशैली का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

**बांस से निर्मित उत्पाद स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण के लिए हैं अनुकूल**

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा स्थित अनजनेया बांस क्लस्टर







द्वारा निर्मित ये उत्पाद अपनी गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और उपयोगिता के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। बांस और स्टेनलेस स्टील से निर्मित बोतल गर्म एवं ठंडे पेय का तापमान 12 से 14 घंटे तक बनाए रखने में सक्षम है, जबकि बांस, स्टेनलेस स्टील एवं फूड-ग्रेड प्लास्टिक (ढक्कन) से तैयार मग 3 से 4 घंटे तक पेय का तापमान सुरक्षित रखता है। भारत टेक्स 2026 जैसे वैश्विक मंच पर झारखंड 'लोकल टू ग्लोबल' की अपनी सोच को साकार कर रहा है। तसर सिल्क, जीआई टैग उत्पादों, हस्तकरघा, हस्तशिल्प और बांस आधारित नवाचारों के माध्यम से राज्य वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। अनजनेया बांस क्लस्टर जैसे उद्यम स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाते हुए झारखंड के उत्पादों को नए निर्यात अवसरों से जोड़ रहे हैं। अनजनेया बांस क्लस्टर झारखंड की समृद्ध बांस शिल्प परंपरा को आधुनिक डिजाइन और अत्याधुनिक तकनीक के साथ नई पहचान दे रहा है। क्लस्टर बांस से सजावटी उत्पाद, फर्नीचर एवं लाइफस्टाइल उत्पादों के निर्माण के साथ-साथ लेजर कटिंग, लेजर एनग्रेविंग, सीएनसी राउटिंग एवं कस्टमाइज्ड डिजाइन समाधान जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग कर अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के उत्पाद तैयार करता है। भारत टेक्स 2026 में 130 से अधिक देशों के 6,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों तथा 1.3 लाख से अधिक व्यापारिक आगंतुकों की उपस्थिति झारखंड के एमएसएमई, कारीगरों और उद्यमियों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है।









झारखण्ड उजाला www.jharkhandujala.com



# पतरातू प्रखंड के पतरातू डैम में तैरता हुआ फ्लोटिंग रेस्टूरेंट और म्यूजिकल फाउंटेन का पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने उद्घाटन किया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**पतरातू :** गुरुवार को पतरातू प्रखंड के पतरातू डैम में तैरता हुआ फ्लोटिंग रेस्टूरेंट और म्यूजिकल फाउंटेन का पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने उद्घाटन किया। सर्वप्रथम रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज ने मंत्री को पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया। उसके पश्चात मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम के दौरान नारियल फोड़कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर बड़का गांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी, रामगढ़ विधायक ममता देवी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और दर्जनों गणमान्य लोग शामिल हुए। लाखों रुपए की लागत से डैम में फ्लोटिंग रेस्टूरेंट को डीएमएफटी फंड से निर्मित किया गया है। जो अब पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु होगा। इसके अलावा झारखंड पर्यटन विभाग की ओर से पतरातू डैम में बने हुए म्यूजिकल फाउंटेन का भी उद्घाटन पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने पतरातू क्षेत्र को भविष्य में पर्यटन की दिशा में झारखंड ही नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अवरिम पंक्ति का बताया। साथ ही यहां पर विकास करने की बात भी कही। टूरिज्म की संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन विभाग की ओर से पतरातू डैम में करोड़ों रुपए की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण कराया गया है।

**मौके पर विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा :**

झारखंड में पतरातू, टूरिज्म के क्षेत्र में एक अलग ही स्थान रखता है। पतरातू घाटी, पतरातू डैम और पलानी झरना जहां सिर्फ भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रों के पर्यटक ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के पर्यटक और सैलानी यहां पहुंचते हैं। मौके पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पतरातु को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व स्तर पर लाने की मेरी ड्रीम प्लान शुरू से रही है। यहां की खूबसूरत वादियां, हसीन नजारे और पर्याप्त संसाधन पतरातू क्षेत्र को विश्व के नक्शे पर स्थापित करने के लिए पर्याप्त हैं, मगर जरूरत है सरकारी सहयोग एवं क्षेत्र के लोगों के समर्थन का रामगढ़ विधायक ममता देवी ने कहा कि हम बड़े खुशनसीब हैं कि पतरातू जैसे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका हम जनप्रतिनिधियों को मिला है। पतरातू में हम लोगों का होना हमारे लिए गौरव की बात है। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर पतरातू अपना एक खास जगह बनाने में सफलता प्राप्त करेगी कार्यक्रम में पर्यटन सचिव मुकेश कुमार, जेटीडीसी डायरेक्टर के प्रेम रंजन, रामगढ़ डीसी ऋतुराज, हॉट लिप्स के संचालक रंजन कुमार, पतरातू एसडीपीओ राघवेंद्र शर्मा, पुलिस इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भाजपा युवा नेता किशोर कुमार महतो, कांग्रेस नेता सुजीत पटेल, जयप्रकाश सिंह ननकी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बंगिया समिति की बैठक में मां विपपत्तरिणी की पूजा अर्चना का लिया गया निर्णय

**पतरातू:** पतरातू बंगिया समिति की बैठक पंच मंदिर पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मां विपपत्तरिणी की पूजा के आयोजन भव्यता से सम्पूर्ण करना था। बैठक क्षेत्र के जाने माने चिकित्सक डॉक्टर लाहा की अध्यक्षता में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि 18 जुलाई 2026 दिन शनिवार को पंच मंदिर पीटीपीएस रोड नंबर 17 में पूजा अर्चना की जाएगी। पूजा कराने में सहयोग राशि ?400/-रखा गया। तय किया गया कि पूजा करने वाले वर्ती अपना अपना थाली (डाला) सजाकर साथ लायेगे। कमेटी की तरफ से सिर्फ पूजा की व्यवस्था, पंडित जी का दक्षिण, फल फूल, पूजा सामग्री रहेगा। बैठक में उपस्थित सदस्य डॉक्टर डी लाहा,उत्तम दा, अमर राय, परितोष पाल, प्रकाश प्रमाणिक, मनोज महादानी बॉबी दत्ता उपस्थित रहे। वहीं बैठक में टेलिफोनिक उपस्थित सदस्यों में बापी मुखर्जी, जीतू भंडारी, आश दा, संजय घोष, अरिंदम, धारा दा, एवं आनंद दत्ता उपस्थित थे। सभी सदस्यों की सहमति से सारे चीजों का निर्णय लिया गया ।

## पुलिस निरीक्षक कार्यालय पतरातू अंचल के मुख्य द्वार में गंदगी व जल जमाव



**पतरातू:** पुलिस निरीक्षक कार्यालय पतरातू अंचल के मुख्य द्वार के ठीक सामने गंदगी व जल जमाव इन दिनों चर्चा का विषय बन गया है। क्योंकि इस कार्यालय के सामने से एक सड़क गुजरती है जो रिहाईसी क्षेत्र की ओर ले जाता है, और उस सड़क से आने जाने वाले लोगों को पुलिस निरीक्षक कार्यालय पतरातु के सामने से गुजरना पड़ता है। जहां कार्यालय के ठीक सामने गड्ढों में काफी जल जमाव एवं गंदगी तथा बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी है। लोगों का कहना है कि इतने बड़े पदाधिकारी केकार्यालय के ठीक सामने इस तरह की अव्यवस्था थोड़ा अजीब लगता है। वैसे तो हम लोगों को भी काफी परेशानी होती है लेकिन यदि विभागीय स्तर से भी इसकी सफाई की जाती तो इसका सौंदर्य कुछ और ही होता। इतने बड़े पदाधिकारी के कार्यालय के ठीक सामने गंदगी, जल जमाव और इतनी झाड़ियां का होना अच्छा नहीं लगता।

## कोतो पंचायत के विभिन्न जगहों पर 10 डस्टबिन का किया गया वितरण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** ग्राम पंचायत में 15 वे वित्त आयोग से मुखिया निधि के नेतृत्व में 10 डस्टबिन का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित वरीय समाजसेवी जयप्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि स्वछता को लेकर निरंतर हमलोगों का प्रयास जारी है। जिसमें पंचायत के सभी विधालय, अस्पताल पंचायत भवन जैसे सार्वजनिक जगहों पर डस्टबिन का वितरण किया गया। वहीं मुखिया निधि सिंह ने कहा कि पंचायत के हर टोला मुहल्ला में अब लगभग सड़क बन गयी है और पहले के अपेक्षा साफ सफाई में भी लोगों का निरंतर योगदान मिल रहा है जो सराहनीय है। बस मैं अपने पंचायत की जनता से यह आग्रह करती हूं कि किसी भी तरह का कचरा इधर-उधर ना फैला कर दिए गए इस डस्टबिन का उपयोग करते हुए सारे कचरो को इस डस्टबिन में ही डालें। इससे हमारा पंचायत पूरी तरह साफ सुथरा और कचरा रहित बनेगा। मौके पर मुख्य रूप से शीला तिवारी,विजय वर्मा, अनिल कुमार, राकेश मंडल,शंकर महतो, रामावतार महतो आदि उपस्थित हुए।

## बीएफसीएल ने पॉश जागरूकता से सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को किया सुदृढ़

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल) ने हाल ही में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम (ढडरल झ ढशेिील्ल३ङ्मल्ल ङ्म री७४' ल्ल१२ेल्ल३) विषय पर जागरूकता सत्रों का आयोजन किया। इन सत्रों का उद्देश्य कर्मचारियों, हाउसकीपिंग कर्मियों तथा संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) श्रमिकों के बीच सम्मान, गरिमा, समानता एवं सुरक्षित कार्य वातावरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।बीएफसीएल द्वारा आयोजित इन सत्रों में कार्यस्थल पर प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों एवं दायित्वों, पेशेवर आचरण, अनुचित व्यवहार की पहचान तथा शिकायत निवारण की उपलब्ध प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को यह भी बताया गया कि एक सुरक्षित, समावेशी और उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थल के निर्माण एवं संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।विशेष रूप से हाउसकीपिंग स्टाफ और संविदा श्रमिकों को शामिल कर बीएफसीएल ने यह संदेश दिया कि कार्यस्थल पर सम्मान और सुरक्षा का अधिकार सभी के लिए समान है, चाहे उनकी भूमिका या रोजगार की प्रकृति कुछ भी हो। कंपनी का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति गरिमा और सम्मान के साथ कार्य करने का अधिकार रखता है।यह पहल बीएफसीएल की उस सतत प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत संगठन कार्यस्थल पर नैतिक मूल्यों, जागरूकता, समान अवसरों और कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नियमित प्रशिक्षण एवं संवेदनशीलता कार्यक्रमों के माध्यम से कंपनी एक ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे।बीएफसीएल का विश्वास है कि कार्यस्थल की सुरक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक और भावनात्मक सुरक्षा भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। सम्मान, गरिमा और पारस्परिक विश्वास ही एक प्रगतिशील एवं उत्पादक कार्यस्थल की आधारशिला हैं।

## विश्व हिन्दू परिषद ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की आयोजित




**ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ**

**रामगढ़/गोला।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, गोला प्रखंड समिति की ओर से सेवा सप्ताह के तहत गुरुवार को हरि मंदिर, गोला परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। शिविर में क्यूरबे क्लिनिक की मेडिकल टीम द्वारा लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर (बीपी), ऑक्सीजन सैचुरेशन (SpO2), वजन, ऊंचाई आदि की निःशुल्क जांच की गई। आवश्यकता पड़ने पर ईसीजी (ECG) जांच की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही पात्र लोगों के आभा (ABHA) कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से बजरंग दल रामगढ़ जिला संयोजक महेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतिमा देवी, श्रद्धा देवी, प्रतिमा देवी, दीपक मुंडा, तिलो देवी, सेम्युअल किस्कू सहित अन्य मौजूद थे।

# झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने गुरुवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान परिसदन रामगढ़ के सभाकक्ष में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति रामचंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर समिति के माननीय सदस्य चंद्रदेव महतो उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति और उनके लाभार्थियों तक पहुंच आदि विषयों पर समीक्षा की गयी। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सभी विभागों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान रामगढ़ जिला में संचालित प्रमुख विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन निर्माण एवं पथ निर्माण विभाग, खनन, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग, जिला योजना आदि शामिल रहा। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने-अपने योजनाओं की प्रगति, समस्याएँ और समाधानात्मक प्रयासों की जानकारी दी गई। सभापति ने कहा कि सदाचार समिति का उद्देश्य जनहित में पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन सामान्य की समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जनता के हर सुख-दुख में सदैव खड़ा रहूंगा : पियूष चौधरी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/गोला।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोला प्रखंड की सोसो पंचायत के ग्राम हेमतपुर (धमनाटाँड) में नवस्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन युवा आजसू जिला प्रभारी पियूष चौधरी ने विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया।इस अवसर पर पियूष चौधरी ने कहा कि यह ट्रांसफार्मर क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्याओं के समाधान, सुरक्षित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर विद्युत सुविधा मिलेगी और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।उन्होंने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता है कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक गाँव बेहतर आधारभूत सुविधाओं से सशक्त बने तथा विकास का लाभ हर परिवार तक समान रूप से पहुँचे।जनसुविधाओं का विस्तार, ग्रामीण विकास और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।पियूष चौधरी ने कहा, जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं क्षेत्र की प्रत्येक मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति के लिए निरंतर कार्य करता रहूँगा और जनता के हर सुख-दुख में सदैव उनके साथ खड़ा रहूँगा। जनसेवा, जनविश्वास और सतत विकास के मार्ग पर मेरा संकल्प आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा।₹ मौके पर आजसू पार्टी पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार महतो कोनेश्वर महतो गोविंद महतो सतीश महतो मोहन करमाली कामेश्वर करमाली दिलीप कुमार महतो आदि मौजूद थे।

## रथयात्रा पर सवार हो भाई बहन के साथ मौसीबाड़ी पँहुचे भगवान

**सेन्हा-लोहरदगा:** रथयात्रा में भगवान जगनबाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नौ दिन के लिए मौसीबाड़ी गए। यह परंपरा आषाढ़ माह के द्वितीय तिथि को आयोजन किया गया। जो पूरे भारत देश में धूमधाम से मनाया जाता है। इसी के तहत लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में सेन्हा एवं कोराम्बे में रथयात्रा आरम्भ हुआ। रथयात्रा के पूर्व सुबह से ही लोग भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का पूजा अर्चना करने में व्यस्त रहे। भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के साथ भाई बहन का पूजन कर आशीर्वाद प्रप्त किए जिसके पश्चात रथयात्रा के दौरान भी रथ को खींचकर आशीर्वाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान भगवान जगन्नाथ का रथ को फूलों से सजाया गया था। रथ का रस्सी को खिंचने के क्रम में भक्तजन भगवान जगन्नाथ और भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा का जयकारा लगा रहे थे। वही शंख ध्वनि से पूरा माहौल गूंज रहा था प्रखंड क्षेत्र के वसुदेवराय महाप्रभु मन्दिर कोराम्बे और ठाकुरबाड़ी सेन्हा से प्रारम्भ होकर मौसीबाड़ी पहुंचकर रथयात्रा संपन्न हुई। जबकि रथयात्रा के दौरान बच्चे बुजुर्ग और महिला तथा नवजवान सभी लोग रथ में सवार भगवान जगन्नाथ का दर्शन के लिए लालायित थे। भक्तों के द्वारा भगवान जगन्नाथ के रथ को रस्सी के सहारे खींच कर मौसी बड़ी तक पहुंचाया गया। रथयात्रा के दौरान मेला आकर्षण का केंद्र रहा जहां बच्चे बच्चियां मिठाई,खिलौना ले रहे थे तथा चाट चाउमीन खा कर आनंदित हो रहे थे। रथयात्रा के दौरान असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए तथा शांति पूर्वक रथयात्रा संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन जगह जगह पर मुस्तैद थी। और थाना प्रभारी नीरज झा स्वंय क्षेत्र भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा और दिशा निर्देश कर्मियों को दे रहें थे। पुलिस पदाधिकारी एस आई खिलेश्वर बड़ाइक एएसआई राजकुमार बैठा दल बल के साथ मेला स्थल पर मौजूद रहे। मौके पर चंद्रमोहन पाठक,नवल साहू,नर्मदेश्वर पाठक, पंकज महतो,अवनीश पाठक,डॉक्टर राजीव रंजन,विनय पाठक,यदुनंदन गिरी,विजय पाठक सहित सैकड़ो श्रद्धालु भक्त महिला पुरुष नवजवान और बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

## ग्रामीणों की समस्या पर युवा आजसू जिला प्रभारी पीयूष चौधरी ने लिया त्वरित संज्ञान, सड़क मरम्मत कार्य कराया शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत अंतर्गत सोनडिमरा जारा से गोविंदपुरा तक जाने वाली सड़क, जो गोविंदपुर, सबलपुर, घांघरा, जारा, मसरीबेड़ा, नावाबांध, खेरजारा एवं सोनडिमरा जारा सहित लगभग सात गांवों को जोड़ती है, कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों के अनुसार, इस समस्या की जानकारी कई बार जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने युवा आजसू जिला प्रभारी पीयूष चौधरी को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया। सूचना मिलते ही पीयूष चौधरी ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया और ग्रामीणों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कराया। उनके इस त्वरित प्रयास से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और लोगों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पीयूष चौधरी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास एवं आम लोगों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर वे सदैव तत्पर रहेंगे तथा जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। इस मौके पर आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता फागू महतो, युवा नेता नितीश कुमार, संदीप महतो, रामश्याम महतो, रवि महतो, चंद्रशेखर महतो, बागबर महतो सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नशे के हालत में एक बालक दूसरे बालक को किया जख्मी हालत नाजुक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**सेन्हा-लोहरदगा:** सेन्हा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम दो बालक के बीच विवाद उतपन हुआ विवाद इतना गहरी होते चला गया कि एक बालक ने दूसरे बालक को जान से मारने के निहत से अनगिनत सर पर प्रहार किया जिससे दूसरा बालक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। उक्त घटना लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के बंसरी गांव में मंगलवार देर शाम हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंसरी गांव निवासी देशांत उराँव के 16 वर्षीय पुत्र विराज उराँव ने गांव के करमा उराँव के 15 वर्षीय पुत्र रंजीत उराँव मार मार के जख्मी कर भाग निकला। जिसकी जानकारी रंजीत उराँव के परिवार को मिला तो गम्भीर अवस्था में पुत्र को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सा के दौरान स्वास्थ्य स्थिति में सुधार नही होने पर बुधवार को रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां ट्रामा सेंटर में जिंदगी मौत के बीच झुझ रहा है। वहीं इस घटना के बाद सेन्हा थाना में लिखित जानकारी देते हुए परिजनों ने न्याय का गुहार लगया है। थाना प्रभारी नीरज झा ने मामला को गम्भीरता देखते हुए आरोपी बालक विराज उराँव के विरुद्ध कांड संख्या दर्ज कर बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद मेडिकल जांचोपरांत गुरुवार को बाल सुधार गृह गुमला भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी नीरज झा ने बताया कि मारपीट का मामला बंसरी गांव से प्राप्त हुआ था। जिसकी जांच पड़ताल के दौरान तथा बालक विराज उराँव ने जुर्म को स्वीकार करते हुए डेनराइट के नशा में घटना को अंजाम दिया है। वहीं सूत्रों से प्राप्त हुआ कि प्रेम प्रसंग तथा मोबाइल को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। फिलहाल आरोपी को पुलिस हिरासत में लेते हुए न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत कर आदेशानुसार बाल सुधार गृह गुमला गुरुवार को भेजा गया। जबकि घायल बालक रंजीत उराँव का इलाज चल रहा है और चिंताजनक स्थिति बना हुआ है।

# जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा रांची का जगन्नाथपुर मंदिर, भक्तों ने खींचा रथ

## रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी पहुंचे महाप्रभु जगन्नाथ, 25 जुलाई को होगी वापसी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में गुरुवार की शाम पांच बजे जगन्नाथपुर मंदिर में भगवान जगन्नाथ के भव्य रथ को श्रद्धालुओं ने खींचा. जगन्नाथ रथयात्रा के मौके पर मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी. मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं थीं. बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए उत्साहपूर्वक मंदिर पहुंचे. नौ दिन बाद भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा नौ दिन बाद 25 जुलाई को मौसीबाड़ी से वापस आएंगे.



**श्री विष्णुसहस्त्रनाम के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा**

रथयात्रा शुरू होने से पहले जगन्नाथ मंदिर में श्री विष्णुसहस्त्रनाम जाप के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा की गई. इस दौरान मंदिर परिसर में एकत्रित हजारों श्रद्धालु एक साथ प्रभु का नाम और जयकारे लगाते दिखाई दिए.

**महाआरती में गूंजे जयकारे, भक्तिमय हुआ माहौल**

गुरुवार की सुबह भगवान के दर्शन और महाआरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर ह्यजय जगन्नाथह्ण और ह्यहरे कृष्णाह्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा. भक्तों ने हाथ जोड़कर प्रभु के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की. रथयात्रा के लिए मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है.

**सुरक्षा व्यवस्था पर प्रशासन की विशेष नजर**

रथयात्रा में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है. पूरे मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है. श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मियों तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है. भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग बैरीकेडिंग की व्यवस्था भी की गई है.

**शाम 5 बजे निकला महाप्रभु का भव्य रथ**

रथयात्रा महापर्व का सबसे महत्वपूर्ण क्षण शाम पांच बजे आया, जब भगवान जगन्नाथ का विशाल रथ मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान कर गया. भक्तों ने पूरे उल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ खींची. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रथ की रस्सी को छूना या खींचना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है. श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इससे मोक्ष की प्राप्ति और अनेक यज्ञों के बराबर पुण्य फल मिलता है. इसी आस्था के कारण हजारों श्रद्धालु रथ खींचने के लिए उत्सुक हैं.

**मौसीबाड़ी और मेले की भव्य तैयारियां**

रथयात्रा को लेकर मौसीबाड़ी को विशेष रूप से सजाया गया है, जहां भगवान अगले नौ दिनों तक विराजमान रहेंगे. मंदिर के आसपास पारंपरिक मेला भी सज चुका है, जिसमें खान-पान, हस्तशिल्प और मनोरंजन की अनेक दुकानें श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं. आने वाले दिनों में यह मेला रांचीवासियों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहेगा. मंदिर के गर्भगृह से सबसे पहले भगवान गरुड़ को रथ पर रखा गया. इसके बाद तीनों विग्रह एक-एक कर गर्भगृह से लाए गए. रथ आकर्षक तरीके सजाए गए थे. इस अवसर पर 1001 विष्णु सहस्त्रनाम का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए. चार पंक्तियों में बैठकर आस्था से भाग लिए.

# रातू में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, सात आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के कुंबाटोली गांव में युवती (19 वर्ष) के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना उजागर हुई है. इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वहीं दो आरोपी अब भी फरार हैं. पीड़िता मूल रूप से खूंटी जिला के रनिया की रहनेवाली है और फिलहाल धुर्वा में रहती है. पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि 12 जुलाई (रविवार) को उसकी सहेली मरियम टुटी, मरियम के मित्र अंकित उरांव तथा अन्य लोगों के साथ रातू के कुंबाटोली स्थित अंकित उरांव के घर जाने की योजना बनी थी. रात करीब आठ बजे रचित, अंकित और मरियम बाइक से निकले, जबकि पीड़िता अंकित के दोस्तों ऋषि उरांव और सुदीप उरांव के साथ स्कूटी से कुंबाटोली के लिए रवाना हुई. पीड़िता के अनुसार, हाजी चौक



तक सभी लोग साथ-साथ चल रहे थे, लेकिन इसके बाद सुदीप उरांव स्कूटी तेज गति से चलाते हुए आगे निकल गया और उसे एक सुनसान स्थान पर ले गया. वहां उसने युवती के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया. विरोध करने के दौरान सात-आठ अन्य युवक भी वहां पहुंच गये. इसके बाद उसे ब्रजपुर स्थित एक सुनसान और बंद मकान में ले गये. युवती ने आरोप लगाया है कि सुदीप उरांव, निशांत उरांव, रोशन उरांव, अमनदीप उरांव, राहुल उरांव, अभिषेक उरांव, अनुज उरांव, आशीष उरांव तथा ऋषि उरांव ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया.

**अमानवीय व्यवहार करने का भी आरोप**

पीड़िता ने अमानवीय व्यवहार करने का भी आरोप लगाया है. पीड़िता के अनुसार, घटना के बाद सुदीप और ऋषि उसे अंकित उरांव के घर ले गये, जहां उसकी सहेली मरियम मौजूद थी. बाद में उसे और उसकी सहेली को चापाटोली स्थित घर पहुंचा दिया गया. उसने स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दो दिन बाद 14 जुलाई को पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी. इधर ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी के निर्देश पर डीएसपी अजय आर्यन के नेतृत्व में एसआइटी बनायी गयी. टीम ने सात नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वहीं, नामजद दो आरोपी अमनदीप उरांव और सुदीप उरांव फरार हैं. उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है.

# भारत निर्वाचन आयोग की बड़ी पहल, चुनाव में मीडिया की भूमिका पर नई दिल्ली में जुटेंगे देशभर के मीडियाकर्मी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** निर्वाचन कार्य में मीडिया की भूमिका पर चुनाव आयोग ने बड़ी पहल करते हुए आगामी 17 जुलाई यानी कल राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस बुलाया है. नई दिल्ली के द्वारका स्थित आईआईआईडीएम सभागार में आयोजित इस कांफ्रेंस को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार संबोधित करेंगे.




**कई राज्यों से शामिल होंगे मीडियाकर्मी**

झारखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों से शामिल हो रहे मीडियाकर्मियों को सर्वप्रथम चुनाव में मीडिया की भूमिका विषय पर (डीजी मीडिया) आशीष गोयल विचार व्यक्त करेंगे. इसके बाद आईआईडीईएम के डीजी राकेश कुमार वर्मा संबोधित करेंगे. सुबह 9:00 बजे से आयोजित इस एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस में डॉ सीमा खन्ना डीजी आईटी के द्वारा एउक्छएळ प्लेटफार्म और चुनाव में टेक्नोलॉजी की भूमिका पर जानकारी दी जाएगी. कानूनी विषयों के जानकारी डीडीजी (लॉ) विजय कुमार पांडे के द्वारा महत्वपूर्ण संवैधानिक कानून और हाल में न्यायालय द्वारा आए जजमेंट की जानकारी दी जाएगी. अपूर्वा कुमार सिंह के द्वारा इलेक्ट्रॉन रोल पोलिंग प्रक्रिया और काउंटिंग प्रक्रिया पर विचार रखे जाएंगे.

**मुख्य चुनाव आयुक्त कॉफ्रेंस को करेंगे संबोधित**

निर्वाचन कार्य से जुड़ी खबरों का रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों को चुनाव आयोग के द्वारा हर पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी. एक दिवसीय इस नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करीब 1 घंटे तक संबोधित करेंगे. मुख्य चुनाव आयुक्त के संबोधन के पश्चात उपस्थित मीडियाकर्मी उनसे सीधा सवाल भी पूछ सकते हैं. इसके लिए 4:30 बजे अपराह्न से 5:30 तक प्रश्नोत्तर अवधि रखी गई है. झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे चुनाव कार्य से जुड़ी जानकारी मीडियाकर्मियों को मिलेगी. उन्होंने कहा कि झारखंड से 10 से 12 पत्रकार इसमें शामिल हो रहे हैं.

# अवैध वाटर कनेक्शन पर नगर निगम सख्त, जलापूर्ति नेटवर्क की होगी जांच

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने और अवैध जल कनेक्शनों पर रोक लगाने के लिए रांची नगर निगम ने सख्ती शुरू कर दी है. बुधवार को अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम की जलापूर्ति शाखा और पीएचइडी के अभियंताओं की समीक्षा बैठक हुई. इसमें जलापूर्ति व्यवस्था, वाटर लीकेज, दूषित पानी की शिकायतें, खराब चापाकलों की स्थिति और अवैध वाटर कनेक्शनों की विस्तार से जांच की गयी.



**वार्डों में गंदे पानी की शिकायत पर एक्शन**

अपर नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या 18 समेत अन्य प्रभावित इलाकों में दूषित जलापूर्ति की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पीएचइडी और नगर निगम की संयुक्त टीम को पूरे जलापूर्ति नेटवर्क की प्वाइंट-टू-प्वाइंट जांच करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि समस्या के वास्तविक कारणों की पहचान कर उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाये. जलापूर्ति व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी. बैठक में उन्होंने राइजिंग लाइन से लिए गये अवैध वाटर कनेक्शनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया. इसके लिए सभी वार्डों में विशेष धावा दल के माध्यम से ऐसे कनेक्शनों को चिह्नित कर दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. अपर नगर आयुक्त ने कहा कि शहर के नागरिकों को अगर जलापूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी है तो वे टोल फ्री नंबर 18005701235 पर शिकायत दर्ज करायें, ताकि शिकायत का शीघ्र समाधान किया जा सके.

# रांची के डीएवी नंदराज में छेड़छाड़ के आरोप में 7 साल के बच्चे को शिक्षकों ने बेरहमी से पीटा, डीसी ने दिए जांच के आदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची के बरियातू स्थित ऊअश नंदराज पब्लिक स्कूल में अपने महिला सहपाठी के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में कक्षा 3अ में पढ़ने वाले 7-8 वर्षीय छात्र को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है. जिससे बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इधर पूरे मामले को लेकर छात्र के पिता रंजीत कुमार सिंह ने रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को लिखित आवेदन देकर निष्पक्ष जांच कर स्कूल प्रबंधन पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है. बच्चे के पिता ने आवेदन में बताया कि इतने छोटे उम्र में उनके बेटे पर बिना पर्याप्त साक्ष्य के एक महिला सहपाठी से छेड़छाड़ जैसा गंभीर आरोप लगाकर मेरे पुत्र के साथ कुछ शिक्षकों ने बच्चे के साथ मारपीट की और उसे शारीरिक और मानसिक दंड दिया. शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पूरे



मामले की जांच का आदेश दिया है. बताया जा रहा है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर स्कूल प्रबंधन और मामले में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

इधर छात्र की उम्र महज 7-8 वर्ष है. पिता का आरोप है कि बच्चे पर गंभीर आरोप लगाने से पहले मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की गई. उनका कहना है कि यदि किसी छात्रा की ओर से शिकायत मिली थी, तो स्कूल प्रबंधन को संबंधित छात्रों, शिक्षकों और प्रत्यक्षदर्शियों से तथ्य जुटाकर मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए थी. शिकायत में कहा गया है कि इतने छोटे बच्चे पर बिना पर्याप्त साक्ष्य के गंभीर आरोप लगाना उसके आत्मसम्मान, मानसिक विकास और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है. पिता ने आरोप लगाया है कि बच्चे को शारीरिक और मानसिक दंड दिए जाने के बाद उसकी मानसिक स्थिति और स्वास्थ्य पर असर पड़ा. रंजीत कुमार सिंह ने 3 जुलाई को स्कूल के प्राचार्य को दिए आवेदन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की थी. उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि भविष्य में किसी भी छात्र पर बिना पर्याप्त प्रमाण और निष्पक्ष जांच के इस तरह के गंभीर आरोप नहीं लगाए जाएं. साथ ही बच्चे के सम्मान, सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई. परिजनों के अनुसार, इस मामले को लेकर 2 जुलाई को भी स्कूल प्रबंधन को दो आवेदन दिए गए थे. इसके बाद 3 जुलाई को छात्र के पिता ने एक और लिखित शिकायत दी. शिकायत में स्कूल प्रबंधन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया था. लेकिन स्कूल प्रबंधक द्वारा जांच करने के लिए इन कर कर दिया गया.

# तमाड़ में रथ यात्रा उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न, जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा क्षेत्र



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तमाड़ः** तमाड़ में भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के माहौल में संपन्न हुई। रथ को नीचेटोली श्याम चांद मंदिर समीप से विधिवत निकालकर राजबाड़ी लाया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। रथ यात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष लगाते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। राजबाड़ी में आयोजित रथ मेले में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था और आयोजन को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं आयोजन समिति भी पूरी तरह सक्रिय रही।

# चार घंटे में लूटकांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार; लूटी गई बाइक, मोबाइल, पिस्तौल समेत कई सामान बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू।** दशमफॉल थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर अपाची मोटरसाइकिल और मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने महज चार घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त पिस्तौल, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ?500 नकद तथा अपराध में प्रयुक्त दो अन्य मोटरसाइकिल बरामद की हैं। बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 15 जुलाई को दशमफॉल थाना क्षेत्र के अराडीह पंचायत अंतर्गत चुरगी गांव के समीप चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक व्यक्ति से उसकी अपाची मोटरसाइकिल, नोकिया कीपैड



मोबाइल, आधार कार्ड एवं नकदी लूट ली थी। इस संबंध में दशमफॉल थाना कांड संख्या 47/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुंडू डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, वैज्ञानिक अनुसंधान, गुप्त सूचना एवं मानवीय स्त्रोतों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र चार घंटे के भीतर पूरे मामले का सफल उद्भेदन कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अड़की थाना क्षेत्र के हुड़वा गांव निवासी अंकित मुंडा (18), गोपाल मुंडा (18), अजीत मुंडा (19) तथा तमाड़ थाना क्षेत्र के एदेलबेड़ा निवासी गुरचन मुंडा (18) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि घटना से एक दिन पूर्व, 14 जुलाई को उन्होंने तमाड़ थाना क्षेत्र में पिस्तौल दिखाकर एक व्यक्ति से ?150 एवं एक सैमसंग मोबाइल फोन लूटा था। इसके अलावा बुंडू थाना क्षेत्र में भी एक अन्य व्यक्ति से ?20 हजार नकद और एक सैमसंग स्मार्टफोन लूटने की बात स्वीकार की है। पुलिस इन मामलों में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है। बरामद सामान में लूटी गई अपाची मोटरसाइकिल, एक पिस्तौल, नोकिया कीपैड मोबाइल, ?500 का नोट, आधार कार्ड, अपराध में प्रयुक्त दो अन्य मोटरसाइकिल तथा एक आरोपी का मोबाइल फोन शामिल है। डीएसपी ने बताया कि इस कार्रवाई में दशमफॉल थाना प्रभारी कुंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल महली, सशस्त्र बल तथा मरांगहादा थाना पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई टीमवर्क, तकनीकी अनुसंधान और त्वरित पुलिस कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# बुंडू में रथ यात्रा उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न, जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंजा क्षेत्र

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडूः** भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा गुरुवार को बुंडू में श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ संपन्न हुई। रथ यात्रा नवरात्रिटोली स्थित राधा रानी मंदिर के समीप से विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुई और मौसी बड़ी, बुंडू चौक तक पहुंची, जहां हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य बना दिया। रथ यात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे मार्ग में ₹जय जगन्नाथ₹ के गगनभेदी जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन और धार्मिक नारों के साथ पूरे उत्साह से यात्रा में शामिल हुए। मौसी बड़ी में आयोजित पारंपरिक रथ मेले में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने मेले में



बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों और महिलाओं ने भी मेले का भरपूर आनंद उठाया। रथ यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासन एवं आयोजन समिति की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरे आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का सुंदर संदेश दिया।

# झारखंड में राशन लेना है तो बतानी होगी जाति, हेमंत सरकार का फैसला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने सरकारी राशन कार्डधारियों के लिए नया आदेश जारी किया है. अब सभी राशन कार्डधारकों को अपनी जाति पोर्टल पर अपडेट करानी होगी. विभाग ने राशन दुकानदारों को इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है.



**ऑनलाइन अपडेटेशन और अनुमोदन की प्रक्रिया**

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जारी आदेश सभी जिलों के आपूर्ति पदाधिकारियों को भेजा गया है. जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को भेजी गई चिट्ठी में स्पष्ट किया गया है कि मोबाइल ऐप एवं ई-पॉस के माध्यम से पोर्टल पर जाति अपडेटेशन का ऑनलाइन प्रावधान किया गया है. जाति अपडेटेशन का अनुमोदन अनिवार्य रूप से पणन पदाधिकारी/प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के स्तर से जांचोपरांत ही किया जाएगा. इस कार्य को त्वरित गति से सरकारी राशन दुकानदारों के माध्यम से पूरा करने का आदेश दिया गया है. राज्य में कुल 2,62,71,749 राशन कार्डधारियों के लिए 59,89,931 राशन कार्ड जारी किए गए हैं.

**जाति गणना को लेकर मिसगाइड किया जा रहा है- मंत्री इरफान अंसारी**

खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राशन कार्ड में जाति गणना को लेकर लोगों को मिसगाइड किया जा रहा है. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह भारत सरकार के दिशा-निर्देश के अनुरूप परिवार के सदस्यों का आकलन है. मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि पहले एक परिवार में 35-35 किलो अनाज चला जाता था जबकि परिवार में एक सदस्य होता था, ऐसे में उन्हें मात्र 5 किलो अनाज मिलना चाहिए. राज्य सरकार सभी राशन कार्ड धारकों के परिवार की गणना कर रही है. जाति संबंधी सवाल पर इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार सभी जातियों का सम्मान करती है और इसमें कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा.

**नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का विरोध**

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूरे मामले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि जाति आधारित राशन कार्ड उचित नहीं है. बाबूलाल मरांडी ने कहा, ₹इस तरह का प्रावधान अभी तक नहीं था. यदि इसकी शुरूआत की गई है तो यह कहीं से भी उचित नहीं है. उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिनियम का हवाला देते हुए बताया कि गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाएगा और इसके तहत करीब 86% गरीबों को राशन मुहैया कराया जाता रहा है. ऐसे में जाति आधारित राशन कार्ड तैयार करना उचित नहीं है. उन्होंने आगे कहा कि नियम के विरुद्ध राशन कार्ड बनवाने वालों को वंचित करने का प्रावधान है और सरकार समय-समय पर इस पर कार्रवाई भी करती रही है. खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इस नए फरमान से फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन हतप्रभ है. एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव ज्ञानदेव झा ने निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि राशन दुकानों पर आने वाले कार्डधारियों से उनकी जाति कैसे पूछी जाएगी.

# अशोक नगर चोरी कांड में इस्तेमाल जगुआर कार बंगाल से बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची के अशोक नगर स्थित त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन के मालिक अखिलेश पांडेय के घर हुई हाई-प्रोफाइल चोरी के मामले में रांची पुलिस को सफलता मिली है. चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गयी जगुआर कार को पश्चिम बंगाल के बरुइपुर से बरामद कर लिया गया है. पुलिस वाहन को रांची ले आयी है. अब आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश तेज कर दी गयी है. जानकारी के अनुसार चोरी के बाद भागने के दौरान आरोपियों की जगुआर कार की एक अन्य वाहन से टक्कर हो गयी थी. मामला बढ़ता देख दोनों आरोपी कार वहीं छोड़कर फरार हो गये थे. पुलिस का दावा है कि तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर



जल्द ही दोनों आरोपी गिरफ्त में होंगे. गौरतलब है कि अखिलेश पांडेय के घर से करीब आठ लाख रुपये नकद और लगभग 90 लाख रुपये मूल्य के सोने, हीरे, रूबी व चांदी के जेवरात चोरी हुए थे. इस संबंध में अखिलेश पांडेय के पुत्र की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है.

**80 लाख की जगुआर से पहुंचे थे रांची**

जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी आठ जुलाई की दोपहर करीब 80 लाख की जगुआर कार से रांची पहुंचे थे. कार पर उत्तरप्रदेश का नंबर प्लेट लगा था. दोनों ने जगन्नाथपुर स्थित बिरसा चौक के पास होटल पार्क रिट्रीट में कमरा लिया था. होटल में ठहरने के लिए उन्होंने एक मुस्लिम व्यक्ति के नाम पर बने आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था. जांच में यह भी पता चला कि होटल में ठहरने के दौरान दोनों कई बार बाहर निकले थे. पुलिस होटल के सीसीटीवी फुटेज, फर्जी पहचान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है.

# भक्ति और आस्था के रंग में रंगा कोटालपोखर, हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहरवा/साहिबगंज।** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर कोटालपोखर पूरी तरह भगवान श्रीजगन्नाथ की भक्ति में सराबोर नजर आया। जय जगन्नाथ और हरे कृष्ण के गगनभेदी जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की पारंपरिक एवं भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर रथ खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। रथ यात्रा का शुभारंभ शांति चौक स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा - अर्चना और महाआरती के साथ हुआ। इसके




बाद आकर्षक ढंग से सुसज्जित भगवान जगन्नाथ का रथ मुख्य बाजार, रेलवे गेट, आजाद चौक, गांधी मुहल्ला, जीवनपुर सहित कोटालपोखर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भजन - कीर्तन करते हुए नाचते - गाते भगवान के जयकारे लगाते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। रथ यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने भगवान के रथ पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। तेज धूप और उमस भरे मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कहीं कोई कमी नहीं दिखी। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी पूरे उत्साह के साथ इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में राधाकृष्ण गोपीनाथ मंदिर कमेटी की अहम भूमिका रही। समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, महाप्रसाद, विश्राम एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था की। स्वयंसेवक पूरी यात्रा के दौरान व्यवस्था संभालते रहे, जिससे आयोजन अनुशासित और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। रथ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। कोटालपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल पूरे रूट पर तैनात रहा। पुलिस ने भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा पर लगातार नजर बनाए रखी, जिससे यात्रा बिना किसी व्यवधान के सकुशल संपन्न हुई। धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देने वाली इस ऐतिहासिक रथ यात्रा ने एक बार फिर कोटालपोखर की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ से क्षेत्र में सुख - समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए आयोजन के सफल संचालन पर मंदिर समिति एवं प्रशासन की सराहना की।

## समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा को लेकर 17 जुलाई को डीईओ की बैठक, सभी बीईईओ-बीपीओ को उपस्थित रहने का निर्देश

**साहिबगंज।** जिले के बोरियो प्रखंड में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने जिले के सभी बीइओ व बीपीओ को आगामी 17 जुलाई को समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा हेतु बैठक में उपस्थित होने का निर्देश जारी किया है। डीईओ ने पत्र निर्गत किया है। डीईओ ने पत्र में निर्देश दिया है कि सभी बीइओ/बीपीओ को समग्र शिक्षा साहिबगंज के सभागार में जिला उपायुक्त के 10 जून को हुई समीक्षा बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन, ई-विद्यावाहिनी पर छात्र/शिक्षक उपस्थिति, अपार आईडी जेनरेशन, गुणवत्ता शिक्षा क्रियान्वयन, सामाजिक आंकेक्षण, एक पेड़ मां के नाम आदि पर चर्चा होगी। बैठक में जिले के सीआरपी व बीआरपी को ऑन लाईन बैठक में जुड़ने का निर्देश है।

## भक्ति और उल्लास के बीच निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, जयघोष से गूंजा बरहेट नगर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहेट/साहिबगंज।** बरहेट में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रथयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के जयकारे लगाए तथा रथ की डोर खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।रथयात्रा का शुभारंभ एनटीपीसी रोड स्थित जगन्नाथ मंदिर से हुआ। इसके बाद रथ बरहेट बाजार के प्रमुख मार्गों से होते हुए हरे कृष्ण मंदिर पहुंचा। पूरे मार्ग में ₹जय जगन्नाथ₹ और ₹हरे कृष्ण₹ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए प्रभु की भक्ति में सराबोर नजर आए।हरे कृष्ण मंदिर पहुंचने पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान



के साथ विराजमान कराया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान यहां आठ दिनों तक विश्राम करेंगे। इसके उपरांत पुनः भव्य शोभायात्रा के साथ उन्हें जगन्नाथ मंदिर वापस लाया जाएगा।रथयात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं रथयात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## जयघोष और भक्ति के बीच धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र की सैदपुर पंचायत अंतर्गत मुन्ना पटाल गांव से गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के माहौल में धूमधाम से निकाली गई। हर वर्ष की भांति आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान जगन्नाथ के जयकारों के साथ रथ को खींचा। रथ यात्रा का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश मंडल, जिला परिषद सदस्य सुष्मिता देवी, जदयू जिलाध्यक्ष सुनील सिन्हा, मुखिया प्रतिनिधि दुर्गा मंडल, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी तथा तालझारी थाना प्रभारी नितेश पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। रथ यात्रा




मुन्ना पटाल गांव से प्रारंभ होकर डेढ़गामा, मलाहिटोला, मंगलहाट चौक, इंग्लिश, संग्रामपुर, मखानी और लालमाटी होते हुए लगभग आठ किलोमीटर की पदयात्रा तय कर तालझारी पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाते हुए भजन-कीर्तन में मग्न रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। धार्मिक मान्यता के अनुसार पद्म पुराण में वर्णित है कि भगवान जगन्नाथ की बहन सुभद्रा ने नगर भ्रमण की इच्छा व्यक्त की थी। इसके बाद भगवान जगन्नाथ और बलभद्र उन्हें रथ पर बैठाकर नगर भ्रमण कराने निकले थे तथा मौसी के घर सात दिन तक ठहरे थे। तभी से आषाढ़ मास की द्वितीया तिथि को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकालने की परंपरा चली आ रही है। इस अवसर पर रविंद्र कर्मकार, शंभू शर्मा, बिंदेश्वरी यादव, श्रवण मंडल, शुभम सिंह, मोहन कर्मकार, राजकिशोर दुबे सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

## झारखंड प्रदेश यादव महासभा की कोर कमेटी बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर मंथन, जरूरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह का खर्च उठाने का ऐतिहासिक निर्णय

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** रांची में गुरुवार को झारखंड प्रदेश यादव महासभा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव मुख्य अतिथि एवं रामाशीष यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, यादव समाज के राजनीतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव ने निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर चर्चा करते हुए सभी सदस्यों से सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी



पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सही ढंग से दर्ज कराना आवश्यक है, क्योंकि एक जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत होता है।बैठक में सभी राजनीतिक दलों से यादव समाज को उसकी जनसंख्या, योगदान और क्षमता के अनुरूप सम्मानजनक राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग भी की गई।इस दौरान सर्वसम्मति से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के सामूहिक विवाह का संपूर्ण खर्च झारखंड प्रदेश यादव महासभा वहन करेगी। महासभा ने इसे समाज सेवा एवं सामाजिक समरसता की दिशा में एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल बताया।बैठक में प्रदेश महासचिव इंद्रजीत यादव, दिनेश यादव (जामताड़ा), शिवकुमार यादव, बनारस प्रसाद यादव, पिंकी यादव सहित यादव समाज के कई प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तीनपहाड़ पानी सप्लाई टंकी परिसर में नया 63 केवीए ट्रांसफार्मर लगने से आमलोगों को मिली राहत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ हाथीगढ़ स्थित सप्लाई पानी टंकी परिसर में लगा 65 केवीए का ट्रांसफार्मर बीते शुक्रवार को जल जाने की वजह से उक्त सप्लाई पानी टंकी पर आश्रित लगभग 500 घरों के समक्ष पेयजल की गंभीर समस्या आन पड़ी थी।लोगों को पानी के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा था।इधर पेयजल की समस्या को जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष तीनपहाड़ निवासी मुर्शीद राजा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना लेकर तत्काल ही 65 केबीए का ट्रांसफार्मर जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने का आग्रह किया।जिसके बाद बीते सोमवार देर शाम विभाग के द्वारा 65 केवीए का ट्रांसफार्मर भेज दिया गया लेकिन भारी बारिश और सप्लाई पानी टंकी परिसर में जल जमाव की वजह से नया ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य बंद करना पड़ा।इसी बीच दोबारा से मुर्शीद राजा को जानकारी मिली कि



पानी की समस्या दिन ब दिन गंभीर रूप लेती जा रही है।जिसके बाद मुर्शीद राजा और विघुत कर्मियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से गुरुवार को सप्लाई पानी टंकी परिसर में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर लगने से दूसरे दिन यानी शुक्रवार सुबह से आमजन के घरों में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।इस दौरान तेतुलिया पंचायत के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि विश्वजीत दास का भी सराहनीय योगदान रहा।वही विधुत कर्मियों में मोनू,इमाम,महबूब अंसारी सहित ग्रामीण भोला रविदास, ऐतवारी रविदास, मजबूर अंसारी, हैदर अंसारी ,नाजिर अंसारी ,मुन्ना अंसारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# लोहरदगा के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए विद्यालय परिसर से हर्षोल्लास के साथ रवाना किया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगाः** पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा, लोहरदगा के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए विद्यालय परिसर से हर्षोल्लास के साथ रवाना किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम एवं विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित यात्रा एवं अनुशासित व्यवहार की सीख दी। विद्यालय की वरीय शिक्षिका सुमित्रा टोप्पो एवं शिक्षक अनूप एक्का के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं निजी बस से लोहरदगा से रांची के लिए रवाना हुए। इसके बाद रांची से एसी कोच रेलगाड़ी के माध्यम से भुवनेश्वर पहुंचेंगे। शैक्षिक भ्रमण




को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अधिकांश छात्र-छात्राएं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आते हैं और उनमें से लगभगसभी लोग पहली बार आरक्षित सीट पर रेल यात्रा का अनुभव करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा कि शिक्षा केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित नहीं है। शैक्षिक भ्रमण बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करता है। नए स्थानों, विज्ञान केंद्रों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों को देखकर बच्चों का दृष्टिकोण व्यापक होता है और उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है। सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण एवं गरीब परिवारों के बच्चों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रही है। उन्होंने सभी बच्चों से कहा है कि यात्रा के दौरान जो भी नई बातें सीखें, उन्हें अपनी डायरी में अवश्य लिखें। यही अनुभव भविष्य में उनके सपनों को साकार करने और ऊंची उड़ान भरने की प्रेरणा देगा। विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और अवलोकन की क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। यात्रा के दौरान बच्चे विभिन्न स्थानों की संस्कृति, विज्ञान, तकनीक और प्राकृतिक वातावरण को निकट से समझेंगे। यह अनुभव उनकी पढ़ाई को अधिक रोचक और उपयोगी बनाएगा। सभी विद्यार्थियों को अनुशासन, समय का पालन और यात्रा के प्रत्येक अनुभव से सीख लेने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालय परिवार ने सभी छात्र-छात्राओं के सुखद, सुरक्षित एवं ज्ञानवर्धक शैक्षिक भ्रमण की कामना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा उनके व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सुभद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट के जिला जिला समन्वयक जय कुमार ने बतलाया कि सभी बच्चों के लिए यात्रा के दौरान ठहरने एवं भोजन इत्यादि की समुचित व्यवस्था की गई है, किसी बच्चे को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावक मौजूद थे।

## वार्ड नंबर 6 में महिला आरोग्य समिति का हुआ गठन, लता कुमारी हुई सहिया पद पर चयनित



**साहिबगंज।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शहरी वार्डो में किशोरी एवं धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विभिन्न वार्डों में महिला आरोग्य समिति का गठन किया जा रहा है। जहां इसी क्रम में वार्ड नंबर 6 गुल्लीभट्ठा में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के डीपीसी संदीप कुमार, शहरी डीपीएम सूरज कुमार, अभय सिंह, सदानंद यादव, मुनी जी पांडेय, सुनील कुमार, एएनएम मधुर लता एवं वार्ड पार्षद शेखर पासवान की उपस्थिति में महिला आरोग्य समिति का गठन किया गया। जहां सर्वसम्मति से महिला आरोग्य समिति की अध्यक्ष नीतू देवी पति संजय तांती, सचिव स्वीटी शर्मा पति दिलीप शर्मा, कोषाध्यक्ष सहिस्ता प्रवीण पति रहमान अहमद एवं अन्य सदस्यों में रीता देवी, रिंकू खातून, शीतू कुमारी, कविता देवी, आशा देवी, नंदनी कुमारी, जूली देवी एवं रिया कुमारी का चयन किया गया। उधर महिला आरोग्य समिति का गठन होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व गठित समिति के सभी सदस्यों व स्थानीय लोगों के मौजूदगी में सहिया के चयन की प्रकिया शुरू की गई। जिसमें पिछले कई सालों से वार्ड क्षेत्र में टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी एवं अन्य कार्यों में शामिल रहने वाली एकमात्र सदस्य लता कुमारी पति स्वर्ग देवनंदन पासवान का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जहां स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चयनित सहिया लता कुमारी को प्रमाण पत्र दे दिया। इस मौके पर सुकन्या देवी, कंचन देवी, मीना देवी, गीता देवी, मुन्नी देवी, सोनू कुमार, विश्वकर्मा कुमार, प्रशांत कुमार पासवान समेत वार्ड क्षेत्र से जुड़े अन्य लोग मौजूद थे।

## पारिवारिक विवाद में मां-बेटा घायल, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया मारपीट का आरोप

**राजमहल/साहिबगंज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेगंडुब्बी गांव में गुरुवार को एक आपसी विवाद के चलते हिंसक मारपीट की घटना सामने आई है, जिसमें एक मां और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल महिला रोगीला बीवी (60 वर्ष) ने अपने पुत्र इब्राहिम शेख और अन्य बेटों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरी ओर घायल बेटे इब्राहिम शेख (40 वर्ष) ने अपनी मां और अन्य भाइयों पर ही मारपीट का आरोप मढ़ा है। परिजनों द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर कुमार सौरभ द्वारा उनका उपचार किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एएसआई काली पद मुर्मू पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और मामले की छानबीन व कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बरहेट शिवगादी मंदिर में नाबालिग हिंदू किशोरी से विवाह का आरोप, मुस्लिम युवक पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

साहिबगंज । जिले के बरहेट थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। आरोप है कि एक 22 वर्षीय मुस्लिम युवक ने शिवगादी मंदिर में एक नाबालिग हिंदू किशोरी से विवाह कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर प्रबंधन समिति ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ को थाना ले गई । वही किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने युवक और किशोरी दोनों को अपने संरक्षण में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बरहेट के मोमिन टोला निवासी 22 वर्षीय मनोवर अंसारी पर आरोप है कि उसने बुधवार को प्रसिद्ध शिवगादी मंदिर में एक नाबालिग हिंदू किशोरी से विवाह कर लिया। बताया जा रहा है कि किशोरी रांगा थाना क्षेत्र की रहने वाली है और बरहेट में अपने रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी वर्ष उसने 12वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे।

## भीषण सड़क हादसा में बतख विक्रेता की दर्दनाक मौत

**घटना स्थल से फरार टेलर गाड़ी के तलाश में जुटी सेन्हा पुलिस**



**सेन्हा–लोहरदगाः** नेशनल हाइवे पथ पर भीषण सड़क हादसे में बतख विक्रेता की घटना स्थल पर हुई दर्दनाक मौत पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अज्ञात टेलर गाड़ी के तलाश में जुटी हुई है। उक्त घटना लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना के समीप एन एच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर हुआ। मृतक की पहचान अरु गांव निवासी स्वर्गीय हजरत अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र सफरुद्दीन अंसारी के रूप में की गई। बताया जाता है कि मृतक मूल रूप से बतख बेचकर अपने परिवार की जीविका चलाता था। जानकारी के अनुसार मृतक सफरुद्दीन अंसारी अपने घर से सेन्हा की ओर टीवीएस बाइक में बतख लेकर बेचने के लिए निकला था। इसी दौरान सेन्हा थाना के समीप गुमला की ओर से आ रही तेज रफ्तार में अज्ञात ट्रेलर के चपेट में आने से बतख विक्रेता का मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना के बाद सेन्हा थाना प्रभारी नीरज झा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने दुर्घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्रेलर को तुरंत पकड़ने की मांग किया। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए सेन्हा थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस ने तत्काल अन्य थानों को अलर्ट किया और भाग रहे ट्रेलर का पीछा करने लगें लेकिन टेलर चालक पुलिस को चकमा दे फरार हो गया। फिलहाल पुलिस सीसी कैमरा के मदद से फरार टेलर की तलाश में जुटे गए और पुलिस आगे की कानूनी कारवाई एवं शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है।

## अमलाबाद में ओएनजीसी का निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, हजारों ग्रामीण लाभान्वित

**बोकारो :** ओएनजीसी सीबीएम परिसंपत्ति, बोकारो द्वारा सीएसआर के तहत अमलाबाद पंचायत सचिवालय में गुरुवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अनुग्रह दृष्टिदान, दिल्ली और अग्रवाल लेजर एंड इंप्लांट सेंटर, बोकारो के सहयोग से हुआ। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों को आंखों की जांच, उपचार और ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराना तथा बीपी व शुगर जांच के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नेत्र, बीपी और शुगर की जांच कराई। जरूरतमंदों को दवा, चश्मा उपलब्ध कराया गया और मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन भी किया गया। इस दौरान अमलाबाद थाना प्रभारी कौशलेन्द्र कुमार और चंदनकियारी थाना प्रभारी अमित राय ने शिविर का निरीक्षण कर ओएनजीसी की सराहना की।बाद में थाना प्रभारी ने अधिकारियों के साथ सीएसआर परियोजनाओं का निरीक्षण कर शिक्षा व स्वच्छता के कार्यों को सराहा।

# झारखंड के डी जी पी महोदय के द्वारा मंत्री राधा कृष्ण किशोर का सुरक्षा बल एवं वाहन को वापस करना काफी दुर्भाग्यपूण:संदीप पासवान

**झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू**




**पलामू**:वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कमिटी के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान के अध्यक्षता में गुरुवार को मेदिनीनगर पलामू के परिसदन भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड सरकार के वित मंत्री माननीय राधाकृष्ण किशोर के द्वारा डी जी पी महोदय के क्रिया कलाप से क्षुब्ध होकर सुरक्षा कर्मी को वापस कर दिया गया है। इसी के विरोध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया ! वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला कमिटी के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार में एक मात्र अनुसूचित जाति के मंत्री लंबे समय से राजनितिक का अनुभव रखने वाले के साथ दुर्भावना से प्रेरित होकर झारखंड के डी जी पी महोदय के द्वारा सुरक्षा बल एवं वाहन को वापस करना काफी दुर्भाग्यपूर्ण बात है। इसकी वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल कमिटी एवं पलामू गढवा एवं लातेहार जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी साथ ही पुरे झारखंड प्रदेश के पासवान समाज के लोग कड़ी निंदा करते हैं। हमें ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड के डी जी पी महोदय के द्वारा अनुसूचित जाति के मंत्री समझ कर उनके साथ साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। दुर्भाग्य की बात है कि वर्तमान सरकार में कांग्रेस कोटे से एक मात्र दलित नेता माननीय राधाकृष्ण किशोर वित मंत्री झारखंड सरकार के रूप में है। वैसे झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काफी अनुभवी एवं अनुसूचित जाति के हितैषी हैं जिसका उदाहरण उन्होंने राज्य सभा चुनाव में झारखंड से झामुमो कोटा से माननीय वैद्यनाथ राम को राज्य सभा सांसद बनाकर एक मिसाल पेश किया है लेकिन झारखंड सरकार को बदनाम एवं माननीय मुख्यमंत्री के छवि को धुमिल करने के लिए डी जी पी के द्वारा ऐसा कुचक्र रचा गया है जो राज्यहित में उचित नहीं है। इस मुद्दे पर हम सभी लोग माननीय वित मंत्री झारखंड सरकार राधाकृष्ण किशोर के साथ हैं। हम आप सभी प्रेस मिडिया के बंधुओं के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन से यह मांग करते हैं कि इनकी सुरक्षा व्यवस्था जल्द से जल्द बहाल किया जाए अन्यथा हम सभी विवश होकर चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। मौके पर अजय पासवान मुखिया पाटन, अशोक पासवान, उपाध्यक्ष बीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू , अखिलेश पासवान, विवेक कुमार,उमेश पासवान,जीतू दुबे सहित अन्य लोगों ने मौजूद थे।

## वीबीजी रामजी योजना की 318 विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग**)विष्णुगढ़ केंद्र सरकार की वीबीजी रामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित की गई। वीबीजी रामजी योजना के तहत प्रखंड में 318 विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास कर गांवों की तस्वीर बदलने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को योजना के सफल क्रियान्वयन, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी पंचायतों में योजनाओं का चयन, क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में मनरेगा बीपीओ राजमोहन वर्मा, एई पंकज कुमार, जेई अशोक कुमार, जय प्रकाश चौधरी, विकास कुमार दास, अरशद अहमद, लेखा सहायक राजीव कुमार, इंद्र गुरु, बीपीआरओ सह पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद, सपना कुमारी, प्रीति कुमारी, लक्ष्मी बाला, देवनंदन प्रसाद, रामानंद प्रसाद, जगनारायण राम, मदन यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज श्रीवास्तव, आलोक कुमार, गौतम कुमार सहित प्रखंड के अन्य कर्मी एवं विभिन्न पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), लोहरदगा द्वारा आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**लोहरदगाः** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), लोहरदगा द्वारा आयोजित 31 दिवसीय निःशुल्क महिला दर्जी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में 30 महिला प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को सिलाई का व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लिए सक्षम बनाना था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक लोहरदगा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में कौशल आधारित स्वरोजगार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्राप्त प्रशिक्षण का सदुपयोग कर अपना स्वयं का सिलाई केंद्र स्थापित करने तथा अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक श्री सुरेश भगत ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को महिला एवं बच्चों के वस्त्रों की कटिंग, सिलाई, फिनिशिंग, मशीन संचालन, माप लेने की तकनीक, ग्राहक व्यवहार, लागत निर्धारण, उद्यमिता विकास, बैंकिंग, वित्तीय साक्षरता एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी व्यावहारिक रूप से प्रदान की गई। प्रशिक्षार्थी मीरा उरांव ने संस्थान द्वारा दिए गए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए आभार व्यक्त करते हुए स्वरोजगार अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। आने वाले 20 जुलाई से ब्यूटी पार्लर पर प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है।

## रक्तदान महादान के तहत रक्तदान शिविर का भी किया जाएगा आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**जिला फुटबॉल लीग का शुभारंभ 17 जुलाई, शुक्रवार से।**



जिला फुटबॉल संघ, लोहरदगा की एक बैठक माननीय सांसद सह जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष श्री सुखदेव भगत की अध्यक्षता में उनके आवास पर संपन्न हुई। बैठक में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जिला फुटबॉल लीग प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु सभी टीमों के कोच, मैनेजर एवं पदाधिकारियों के साथ चर्चा के उपरान्त कई महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। इस वर्ष 'ए डिवीजन' में 9 टीमें, 'बी डिवीजन' में 9 टीमें एवं महिला वर्ग में 7 टीमें लीग प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं। 'ए डिवीजन' की जो भी दो टीमें अंतिम स्थान पर रहेंगी, वे अगले वर्ष 'बी डिवीजन' में चली जाएँगी तथा 'बी डिवीजन' की विजेता टीम 'ए डिवीजन' के लिए क्वालीफाई करेगी। सभी टीमों को निर्देश दिया गया है कि वे पूरे इक्विपमेंट (खेल सामग्री) के साथ निर्धारित समय पर मैदान में रिपोर्ट करें। जो रिपोर्टिंग टाइम दिया गया है, उसी के आधार पर मैच होगा। इस वर्ष लीग प्रतियोगिता का उद्देश्य नशा मुक्ति एवं रक्तदान के लिए युवाओं को जागरूक करना है। जिले में ब्लड (रक्त) की कमी को देखते हुए माननीय सांसद एवं उपायुक्त, लोहरदगा की अपील पर मैचों के साथ-साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में किया गया है, जिसमें टीमों के खिलाड़ी, पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी ब्लड डोनेशन (रक्तदान) करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला फुटबॉल संघ के अभिनव सिद्धार्थ भगत, साजिद अहमद, बसंत तिर्की, शुकरा उरांव, संजय भगत, वीरेंद्र यादव, मनोज भगत, फूलदेव उरांव, संदीप उरांव, सोनू कुरैशी, तबारक अंसारी, तारिक अनवर, रफीक अंसारी, राहुल कुमार, सुभाष तिर्की, पूजा कुमारी, रोशन मुंडा, जॉय निखिल रुंडा, आरिफ खान, रौनक अंसारी, शंकर भगत, अलीन कुजूर, निरंजन उरांव, मतीश यादव, रंजीत उरांव, जितेंद्र उरांव, प्रियेश उरांव, अमित मिंज इत्यादि उपस्थित थे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही के आरोप में जेएलकेएम के पाकुड़ जिलाध्यक्ष हसन अंसारी पदमुक्त

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**पाकुड़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने संगठन के अनुशासन और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि मानते हुए पाकुड़ जिला अध्यक्ष हसन अंसारी को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया है। यह कार्रवाई नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की कथित उगाही के आरोप सामने आने के बाद की गई है।

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह विधायक जयराम कुमार महतो की ओर से इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि हसन अंसारी के खिलाफ नौकरी दिलाने के एवज में मोटी रकम लेने की कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों और उपलब्ध तथ्यों की जांच के बाद प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए, जिसके आधार पर संगठन की गरिमा और अनुशासन बनाए रखने के लिए उन्हें पदमुक्त करने का निर्णय लिया गया।जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीपुर निवासी हसन अंसारी पर करीब तीन वर्ष पहले कई लोगों को नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये लेने का आरोप लगा था। पीड़ित लंबे समय से अपने पैसे वापस मांग रहे थे, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता रहा। मामला उस समय तूल पकड़ गया, जब गुरुवार को हिरणपुर के एक विवाह भवन में आयोजित पार्टी की बैठक के दौरान कुछ पीड़ितों ने हसन अंसारी का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पीड़ितों को अब तक उनकी राशि वापस नहीं मिल सकी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चचाओंं का बाजार गर्म है। वहीं, जेएलकेएम की ओर से की गई इस कार्रवाई को संगठन की साख बचाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## रथ यात्रा में सत्य साईं सेवा समिति ने लगाया नि:शुल्क शीतल जल सेवा शिविर, हजारों श्रद्धालुओं को मिली राहत

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़।** भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा के शुभ अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति, छोटी अलीगंज, पाकुड़ की ओर से श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए सिद्धू-कान्हू मोड़ के समीप निःशुल्क शीतल जल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और उमस के बीच लगाए गए इस शिविर में हजारों श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाकर समिति ने मानव सेवा और सामाजिक समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।रथ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शन और रथ खींचने के लिए पहुंचे थे। ऐसे में सत्य साईं सेवा समिति के सदस्यों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ लोगों की सेवा की। शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं को ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया, जिससे उन्हें तेज धूप और गर्मी से राहत मिली।कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री सत्य साईं बाबा के पावन चित्र के समक्ष अगरबत्ती, दीप प्रज्ज्वलन और भजन-कीर्तन के साथ हुई। आध्यात्मिक वातावरण के बीच समिति के स्वयंसेवकों ने अनुशासन, निष्ठा और सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था वर्षों से ‟मानव सेवा ही माधव सेवा” के सिद्धांत पर कार्य करती आ रही है और समाज के विभिन्न रचनात्मक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि इस जल सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में रथ यात्रियों और आम लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करना है।इस सेवा अभियान को सफल बनाने में समिति के संयोजक रवि ठाकुर, पूर्व संयोजक उत्तम कुमार दास सोरेन, पवित्र दास, दुलाल घोष, नवो चंद्र साहु, रिंकी कुमार, कौशल्या झा, सोमेश झा, आशा देवी, उज्जी राय, निशा कुमारी, आरती कुमारी, अपर्णा चक्रवर्ती, बाल विकास के बच्चों, एलुमनाई सदस्यों तथा साईं भक्तों ने सक्रिय योगदान दिया।विशेष अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा संगठन, पाकुड़ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं राज्य मेडिकल को-ऑर्डिनेटर डॉ. देवकांत ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सेवा कार्य में जुटे स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है और यही भगवान की सच्ची आराधना है।डॉ. ठाकुर ने सत्य साईं बाबा के संदेश ‟लव ऑल, सर्व ऑल” और ‟मानव सेवा ही माधव सेवा है” का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में आपसी सहयोग, करुणा और सेवा की भावना को निरंतर बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों से इस प्रकार के सामाजिक और सेवा कार्यों से जुड़ने की अपील की।रथ यात्रा के दौरान लगाया गया यह निःशुल्क शीतल जल सेवा शिविर न केवल श्रद्धालुओं के लिए राहत का केंद्र बना, बल्कि समाज में निःस्वार्थ सेवा, भाईचारे और मानवीय मूल्यों का भी संदेश देता नजर आया। समिति के इस प्रयास की स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने सराहना की।

## पाकुड़ के लाल ने बढ़ाया जिले का मान, सीनियर फिटनेस कैंप के लिए सिंदू कुमार यादव का चयन



**रणजी ट्रॉफी अंडर-23 टीम में जगह बनाने की दिशा में बढ़ा कदम, क्रिकेट जगत में खुशी की लहर**

**पाकुड़:** जिले के युवा क्रिकेटरों के लिए गर्व की खबर सामने आई है। पाकुड़ के प्रतिभाशाली खिलाड़ी सिंदू कुमार यादव का चयन सीनियर फिटनेस कैंप के लिए किया गया है। यह उपलब्धि उनके क्रिकेट करियर के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही है, क्योंकि इसी कैंप में उनके प्रदर्शन के आधार पर रणजी ट्रॉफी की अंडर-23 टीम में जगह मिलने की संभावना तय होगी।सिंदू के चयन की खबर मिलते ही पाकुड़ के खेल प्रेमियों और जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल बन गया। जिले के इतिहास में यह पहला अवसर बताया जा रहा है, जब किसी युवा खिलाड़ी को इस स्तर के फिटनेस कैंप में शामिल होने का मौका मिला है।जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने इसे पूरे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया है। संघ के सचिव प्रणय तिवारी, कोषाध्यक्ष गणपत सिंह, उपाध्यक्ष श्रीपत कुमार और प्रशासनिक समिति के सदस्य वीरेंद्र पाठक, गौरव चौधरी तथा सोमन घोष ने सिंदू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर अर्जुन सिंह और आशुतोष यादव ने भी सिंदू की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सिंदू के कोच गणपत सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि पाकुड़ के क्रिकेट के विकास की पहचान है। उन्होंने बताया कि सीनियर फिटनेस कैंप में शानदार प्रदर्शन करने पर सिंदू कुमार यादव को रणजी ट्रॉफी अंडर-23 टीम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। इस खबर से जिले के युवा खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।

## एसआईआर फॉर्म भरने में ग्रामीणों की मदद के लिए आगे आया इंसानियत फाउंडेशन



**पाकुड़:** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाताओं को फॉर्म भरने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इंसानियत फाउंडेशन की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संस्था के सदस्य विभिन्न पंचायतों में घर-घर जाकर लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।संस्था के सदस्यों ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में अभी भी कई ऐसे परिवार हैं, जिन्हें एसआईआर अभियान और इसकी प्रक्रिया की पूरी जानकारी नहीं है। ऐसे लोगों तक पहुंचकर टीम न केवल आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा रही है, बल्कि फॉर्म भरने और उससे जुड़ी समस्याओं के समाधान में भी सहायता कर रही है। चांचकी पंचायत के भाग संख्या-341 में बीएलओ अंजुमआरा बेगम एवं सहयोगी तनवीर आलम के साथ इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने लोगों के घर पहुंचकर फॉर्म भरवाने का कार्य किया। टीम का कहना है कि उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र मतदाता इस अभियान का लाभ उठा सकें और किसी को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।इंसानियत फाउंडेशन की टीम जिले के कई पंचायतों में जनसेवा कार्यों में जुटी हुई है। इस अभियान में महेशपुर से सदाम हुसैन, आसमुद्दीन और कबीर हुसैन, ईशाकपुर से आरिफ हुसैन, नुरजामन और कमाल शेख, संग्रामपुर से परवेज आलम तथा चांचकी से जाहेद शेख, सब्बीर शेख, हाजीकुल शेख, अकमाल शेख, अबेदुर रहमान, हलीम शेख और वानिज शेख सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## हेदलाग की विवाहिता ने पति पर लगाया जेवर-रुपए छीनकर दूसरी शादी करने का आरोप, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**कटकमासांडी/हजारीबाग:** कटकमासांडी थाना क्षेत्र के ग्राम हेदलाग (ओपी पेलावल) की एक विवाहिता ने अपने पति पर जेवर और रुपये छीनकर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की मांग की है। पीड़िता पूजा कुमारी ने कटकमासांडी ओपी पेलावल थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया है।

**आवेदन में लगे आरोप**

पूजा कुमारी के अनुसार उनकी शादी 19 जून 2020 को पप्पू कुमार पिता डेगन महतो के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। दोनों के 2 बच्चे - पियुष कुमार 5 वर्ष और पीहू कुमारी 2 वर्ष हैं। आरोप है कि कुछ समय बाद पति का संपर्क टाटीझरिया थाना क्षेत्र के ग्राम झरपो निवासी खुशबू कुमारी पिता मनोज महतो से हो गया, जो तलाकशुदा है। इसी के बाद पति ने मारपीट शुरू कर दी, खाना-कपड़ा देना बंद कर दिया और शादी के सारे जेवर - सोने का झुमका, मंगलसूत्र और चांदी की पायल छीन लिए। पीड़िता ने बताया कि 19 जून 2026 को पति ने मायके वालों द्वारा भरण-पोषण के लिए दिए गए 40,000 रुपये भी जबरन छीन लिए और कमाने जाने की बात कहकर घर से भाग गया।

**दूसरी शादी की तैयारी का आरोप**

पूजा का आरोप है कि 14 जुलाई 2026 को पता चला कि पति बाहर न जाकर झरपो में खुशबू के घर पर रह रहे हैं और 16 जुलाई 2026 को उससे दूसरी शादी करने की तैयारी कर रहे हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

**पुलिस से कार्रवाई की मांग**

पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से पति और दूसरी महिला के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई कर उसे और उसके बच्चों को न्याय दिलाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बिटिया सेवा फाउंडेशन‟ का शुभारंभ, बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में नई पहल

**चतरा** जिले में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और सामाजिक उत्थान को लेकर गुरुवार को‟बिटिया सेवा फाउंडेशन‟ का शुभारंभ किया गया,इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित हुवे, संस्था ने स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में बेटियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुमारी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर निर्भर करती है। उन्होंने संस्था की इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए विश्वास जताया कि यह हजारों बेटियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करेगी।विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य श्री चंद्रदेव गोप ने कहा कि प्रत्येक बेटी को समान अवसर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बिटिया सेवा फाउंडेशन सेवा, समर्पण और सामाजिक सहयोग के माध्यम से बेटियों के सपनों को नई उड़ान देगा तथा समाज में जागरूकता और समानता का संदेश फैलाएगा।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने संस्था के उद्देश्य की सराहना करते हुए इसे चतरा जिले के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल बताया। वक्ताओं ने कहा कि जब बेटियाँ शिक्षित, स्वस्थ और आत्मविश्वासी बनेंगी, तभी समाज का समग्र विकास संभव होगा।बिटिया सेवा फाउंडेशन का यह शुभारंभ केवल एक संस्था की शुरूआत नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान, अधिकार और सशक्त भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली पाकुड़ की ऐतिहासिक रथ यात्रा, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ः** आस्था, परंपरा और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक पाकुड़ की ऐतिहासिक रथ यात्रा गुरुवार को पूरे धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ निकाली गई। भगवान मदनमोहन, जगन्नाथ और राधिका की भव्य रथ यात्रा में शामिल होने के लिए शहर की सड़कों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे शहर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। रथ यात्रा की शुरूआत शहर के प्रसिद्ध नित्यकाली मंदिर परिसर से हुई। वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच भगवान जगन्नाथ के विशाल रथ को खींचना शुरू किया। नगर भ्रमण करते हुए रथ यात्रा भगत पाड़ा स्थित शिव मंदिर पहुंची, जहां से वापस काली मंदिर लाई गई। इस दौरान भगवान मदनमोहन और राधिका को आठ दिवसीय प्रवास के लिए मौसी बाड़ी ले जाया गया। शाम के समय मौसी बाड़ी में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।पाकुड़ की यह रथ यात्रा सदियों पुरानी परंपरा से जुड़ी हुई है। बताया जाता है कि यह ऐतिहासिक मेला राजा पृथ्वी चंद्र शाही के शासनकाल से, बंगला सन 1122 से लगातार आयोजित होता आ रहा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, उस समय पाकुड़ राज्य को ह्यराढ़ प्रदेशह्न के नाम से जाना जाता था। पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे होने और राढ़ी नदी के किनारे बसे होने के कारण इस क्षेत्र को विशेष पहचान मिली।

रथ यात्रा और मेले की सबसे खास बात इसका सामाजिक और सांस्कृतिक स्वरूप है। स्थानीय आदिवासी और पहाड़िया समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़ों और मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए भगवान की शोभायात्रा में शामिल हुए। यह आयोजन विविधता में एकता और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करता है। रथ यात्रा के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मेला परिसर में दंडाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए विशेष पुलिस बल को लगाया गया था।श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कई मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया था। एसडीपीओ और नगर थाना प्रभारी

## हत्याकांड के प्राथमिक अभियुक्त माथुर गोप गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बलियापुर /धनबाद।** बलियापुर थाना क्षेत्र में एक संवेदनशील हत्याकांड का मुख्य आरोपी माथुर गोप को पुलिस ने सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है ।आरोपी पर अपने पिता की हत्या का गंभीर आरोप है। बलियापुर थाना कांड संख्या 126/26 दिनांक 15 जुलाई 2026 में दर्ज हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिक अभियुक्त माथुर गोप(25 वर्ष ), पिता स्वर्गीय विनोद गोप को बलियापुर पुलिस द्वारा विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त माथुर गोप, ग्राम -साकिन दोलाबड़ (टोला-खेरवाड़ी), थाना -बलियापुर, जिला- धनबाद का निवासी है। पुलिस के अनुसार यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस )की धारा 103 (1) के तहत दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का 16 जुलाई 2026 को चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, इसके बाद उसे माननीय न्यायालय, धनबाद के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा ( जेल )के लिए भेज दिया गया। इस तरह के पारिवारिक हत्याकांड समाज के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई का स्वागत किया है।

## पाकुड़ में ओवरलोडिंग के खिलाफ ऑल राइड्स ड्राइवर मजदूर महासंघ मुखर, सरकार से की सख्त कार्रवाई की मांग

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



पाकुड़। जिले में ओवरलोड वाहनों के बेलगाम परिचालन और चालक मजदूरों की लगातार बढ़ती परेशानियों को लेकर ऑल राइड्स ड्राइवर मजदूर महासंघ एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाया है। महासंघ ने झारखंड सरकार के परिवहन एवं श्रम विभाग को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

महासंघ का कहना है कि जिले में मिट्टी, चिप्स, कोयला, पत्थर और बालू जैसे खनिज पदार्थों को क्षमता से अधिक लादकर वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इस अवैध ओवरलोडिंग का खामियाजा गरीब चालक मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। वाहन पकड़े जाने पर चालकों को भारी जुमार्ना, कानूनी कार्रवाई और जेल तक की सजा का सामना करना पड़ता है।

संगठन ने कहा कि ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है, जिससे चालक और आम राहगीरों की जान जोखिम में पड़ जाती है। साथ ही, सड़कें भी तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही हैं और सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।महासंघ ने संबंधित विभागों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। संगठन ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।महासंघ के राज्य समिति उपाध्यक्ष फिरोज शेख ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि परिवहन विभाग, जिला प्रशासन, खनन विभाग और वन विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर नियमित संयुक्त जांच अभियान चलाया जाए, ताकि ओवरलोडिंग की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके।उन्होंने कहा कि सरकार इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाए और की गई कार्रवाई की जानकारी संगठन को भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि चालक मजदूरों के अधिकारों और हितों की रक्षा

## रथ मेला का हुआ भव्य शुभारंभ, नगर परिषद अध्यक्ष, एसडीपीओ व सामाजिक कार्यकर्ता ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** रथ यात्रा के पावन अवसर पर नगर थाना के समीप स्थित ऐतिहासिक रथ मेला मैदान में गुरुवार को पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ रथ मेला का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कुमार गौरव, नगर परिषद अध्यक्ष साबरी पाल तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद एसडीपीओ कुमार गौरव ने नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता एवं पुलिस बल के साथ पूरे मेला परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मेला समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीपीओ ने मेला समिति को निर्देश दिया कि मेले के सभी प्रमुख स्थानों पर शीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही मेले में आए सभी दुकानदारों, झूला संचालकों एवं कर्मचारियों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित विवरण नगर थाना में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने प्रत्येक दुकान पर नगर थाना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय तथा जिला कंट्रोल रूम के संपर्क नंबर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष साबरी पाल ने शहरवासियों को रथ यात्रा और मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर परिषद की ओर से मेले में साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मेला प्रबंधक सुजीत सरकार ने बताया कि इस वर्ष मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कई नई एवं आधुनिक मनोरंजन गतिविधियों को शामिल किया गया है। मेले में जलपरी शो, बड़ी नाव, जादू के कार्यक्रम तथा विभिन्न राज्यों से आए आकर्षक दुकानों की व्यवस्था की गई है, जहां लोग पूरे परिवार के साथ खरीदारी और मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं। वहीं अविनाश यादव ने मेले में आने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने बच्चों एवं सामान की सुरक्षा के प्रति स्वयं सतर्क रहें तथा दोपहिया वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या चोरी की घटना से बचा जा सके। इस मौके पर भाजपा नेत्री प्राची चौधरी, निधि गुप्ता, मधु देवी, रामभक्त सेवा दल के जिला अध्यक्ष रतन भगत, मनोज सिंह, मेला समिति के तन्मय त्रिवेदी, जयंत रजक, विष्णु यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सांसद विजय हांसदा को शादी की बधाई देने पहुंचे पार्टी कार्यकर्ता



**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**पाकुड़।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा के विवाह समारोह के बाद उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों का तांता लगा हुआ है। बुधवार को बीआरएसआर चाणक्य होटल में आयोजित रिसेप्शन समारोह में झामुमो के पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने सांसद विजय हांसदा और उनकी धर्मपत्नी से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट किए तथा वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह में मौजूद नेताओं और कार्यकताओं ने नवदंपति के सुखद एवं सफल दांपत्य जीवन की कामना की। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी रंजन मुर्मू, सुशील भगत, सुन्ना, मोहम्मद तनवीर आलम, संतोष भगत, रंजीत पंडित समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने सांसद और उनकी पत्नी को शादी की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बीज एनपीएस का, फसल पेंशन कीः विषय पर वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित असंगठित क्षेत्र के परिवारों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को बताया भविष्य की आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार

**झारखंड जागरण संवाददाता**




**हजारीबाग।** पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) तथा हजारीबाग के अग्रणी बैंक बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त समन्वय से गुरुवार को होटल श्री विनायक, हजारीबाग में ₹बीज एनपीएस का, फसल पेंशन की₹ विषय पर वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, छोटे कारोबारियों एवं ग्रामीण परिवारों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के माध्यम से वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम का शुभारंभ पीएफआरडीए के उप महाप्रबंधक श्री मनीष मणि, नाबार्ड की डीडीएम सुश्री रिचा भारती, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री भोला दानी, बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक श्री खिरोड़ चंद साहू, एसएलबीसी के उप महाप्रबंधक श्री संतोष कुमार सिन्हा तथा अग्रणी जिला प्रबंधक श्री किशोर कुमार सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में परिवार छोटे होते जा रहे हैं, जीवन-यापन का खर्च लगातार बढ़ रहा है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपनी वृद्धावस्था के लिए आर्थिक तैयारी स्वयं करनी होगी। विशेष रूप से किसानों और छोटे कारोबारियों की आय मौसम एवं बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर रहती है। ऐसे में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) नियमित बचत के माध्यम से भविष्य के लिए स्थायी एवं भरोसेमंद आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है।कार्यक्रम के दौरान डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से पीएफआरडीए की स्थापना, उसके कार्यों तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विभिन्न लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित किसानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सदस्यों, ग्रामीण कारीगरों, कृषि श्रमिकों एवं छोटे उद्यमियों को एनपीएस से जुड़ने की प्रक्रिया, निवेश के विकल्प तथा दीर्घकालीन लाभों से अवगत कराया गया।इस अवसर पर जानकारी दी गई कि सरकार एफपीओ एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) को पेंशन एजेंट के रूप में जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है। इनके माध्यम से एनपीएस संचय योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है तथा इस कार्य के लिए उन्हें प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस), राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस), अटल पेंशन योजना (एपीवाई), एनपीएस वात्सल्य तथा एनपीएस संचय योजना के प्रावधानों एवं लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने लोगों से नियमित बचत की आदत अपनाकर एनपीएस से जुड़ने का आह्वान किया, ताकि वे स्वयं एवं अपने परिवार के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य सुनिश्चित कर सकें।

## सुशी चंद्रगुप्त कोल माइंस में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन, 54 यूनिट रक्त संग्रहित,उपायुक्त श्री हेमंत सती ने किया उद्घाटन, रक्तदाताओं एवं प्रबंधन की सराहना की



**हजारीबाग।**सुशी चंद्रगुप्त कोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड, केरेडारी (SCCMPL) द्वारा कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री के. संकीर्थ रेड्डी के निर्देश पर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग के ब्लड बैंक के सहयोग से कंपनी के साइट कार्यालय परिसर में प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कुल 54 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त श्री हेमंत सती ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त ने सुशी चंद्रगुप्त कोल माइंस के प्रबंधन एवं पूरी टीम द्वारा समाजहित में आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होते हैं और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।रक्तदान शिविर के उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त ने चंद्रगुप्त कोल माइंस परियोजना के खदान (क्वारी) संचालन क्षेत्र का भी निरीक्षण किया तथा परियोजना की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।इस अवसर पर सुशी चंद्रगुप्त कोल माइंस के प्रबंधन ने उपायुक्त का पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया। कंपनी के अधिकारियों ने उनके साथ परियोजना क्षेत्र का भ्रमण कराया तथा विभिन्न परिचालन संबंधी जानकारियां साझा कीं।कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी, ब्लड बैंक की चिकित्सकीय टीम तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मनरेगा में अनियमितता का आरोप, कागजों में पूरी हुई बागवानी और कुआं योजना, जमीन पर नहीं दिखा कार्य



**पाकुड़ः** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। आरोप है कि हिरणपुर प्रखंड की मंझलाडीह पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में एक लाभुक के नाम पर स्वीकृत आम बागवानी एवं सिंचाई कुआं योजना को कागजों पर पूरा दिखाकर लाखों रुपये की निकासी कर ली गई, जबकि मौके पर योजना का लाभ दिखाई नहीं देता।जानकारी के अनुसार, रघुनाथपुर निवासी सिताराम मुर्मू के नाम पर आम बागवानी और सिंचाई कुआं योजना स्वीकृत की गई थी। आरोप है कि योजना के तहत लगभग 3 लाख 42 हजार 704 रुपये की राशि निकाल ली गई, लेकिन जमीन पर न तो बागवानी का कोई स्पष्ट अस्तित्व दिखाई देता है और न ही कुआं पूरी तरह तैयार किया गया है।लाभुक की मां ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर आज तक एक भी आम का पेड़ मौजूद नहीं है। उनका कहना है कि योजना के तहत करीब 100 आम के पौधे लगाने की बात कही गई थी, लेकिन वर्तमान में एक भी पौधा दिखाई नहीं देता। वहीं, सिंचाई के लिए स्वीकृत कुआं भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे परिवार को योजना का वास्तविक लाभ नहीं मिल सका है।ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी अभिलेखों में योजना को पूर्ण दिखाकर राशि की निकासी कर ली गई, जबकि धरातल पर कार्य अधूरा है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और लाभुक को योजना का वास्तविक लाभ दिलाने की मांग की है। इस घटना ने मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना होगा कि संबंधित विभाग मामले की जांच कर क्या कार्रवाई करता है।इस संबंध में पंचायत सचिव राम मुर्मू ने बताया कि लाभुक की ओर से उचित देखरेख नहीं किए जाने के कारण बागवानी के पौधे जीवित नहीं रह सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो सिंचाई कुआं अधूरा है, उसे जल्द ही पूरा कराया जाएगा।

## रथ द्वितीया पर बैहरी सखिया शिवांगना शिव मंदिर में तोरण द्वार निर्माण का हुआ शिलान्यास, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल



**हजारीबाग-**सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बैहरी सखिया स्थित शिवांगना शिव मंदिर मेला प्रांगण में रथ द्वितीया के पावन अवसर पर स्वागत सह तोरण द्वार निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद तोरण द्वार की आधारशिला रखी।ग्रामीणों ने बताया कि यह तोरण द्वार क्षेत्र के 13 गांवों के लोगों के आपसी सहयोग से बनाया जा रहा है। इस पहल को ग्रामीणों ने सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बैहरी सखिया का शिवांगना शिव मंदिर इस पूरे क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। रामनवमी के अवसर पर यहां दर्जनों गांवों के अखाड़ाधारी जुटते हैं और अपनी पारंपरिक कला एवं शौर्य का भव्य प्रदर्शन करते हैं। इसके अलावा दुर्गा पूजा सहित अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में भी यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में दुर्गा मंडप के लिए छावनी शेड निर्माण का भी जल्द प्रयास किया जाएगा, ताकि विभिन्न आयोजनों के दौरान लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।कार्यक्रम में विशेष रूप से हजारीबाग जिले के सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, पूरण महतो, रामस्वरूप महतो, जानकी महतो, भुनेश्वर महतो, परमेश्वर दयाल, लालमन महतो, देवकी महतो, मोहन ठाकुर, जयनारायण कुशवाहा, शशि कुमार, शिवनारायण महतो, धीरज कुमार, दिलचंद महतो, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सौ वर्षों से राष्ट्रसेवा में लीन आरएसएस का पंजीकरण प्रमाणपत्र मांग रहे कांग्रेस नेताओं से कुछ सवाल



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक



असल में कांग्रेस की समस्या संघ के पंजीकरण से नहीं, संघ के प्रभाव से है। जिस संगठन ने बिना सरकारी धन, बिना विदेशी सहायता और बिना सत्ता के सहारे सौ वर्षों तक राष्ट्रजीवन को दिशा दी हो, उससे कांग्रेस की बेचैनी स्वाभाविक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कांग्रेस और उसके वैचारिक सहयोगियों ने एक बार फिर वही पुराना शोर उठाया है कि संघ पंजीकृत क्यों नहीं है? कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे का पत्र और उसके बाद खड़ा किया गया राजनीतिक कोलाहल इस बात का प्रमाण है कि संघ विरोधियों के पास न तथ्य बचे हैं, न तर्क। वह केवल विवाद पैदा करना चाहते हैं, क्योंकि जिस संगठन को जनता का भरोसा और समाज का समर्थन हासिल हो, उसे बदनाम करने का सबसे आसान तरीका संदेह फैलाना होता है।

लेकिन इस बार संघ ने भी स्पष्ट और सीधा उत्तर दिया है। मोहन भागवत ने साफ कहा, ह्लहिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है।ह्व यह उस पूरी मानसिकता पर प्रहार है जो मानती है कि भारत की हर सांस्कृतिक चेतना को सरकारी मुहर से ही वैधता मिलेगी। भागवत ने कहा कि संघ 1925 में स्थापित हुआ था। क्या तब अंग्रेजों से जाकर पंजीकरण कराया जाता? साथ ही स्वतंत्रता के बाद भी भारत के संविधान ने कभी यह अनिवार्य नहीं किया कि हर स्वैच्छिक संगठन सरकारी रजिस्टर में दर्ज हो तभी वह अस्तित्व में रह सकता है। असल में कांग्रेस की समस्या संघ के पंजीकरण से नहीं, संघ के प्रभाव से है। जिस संगठन ने बिना सरकारी धन, बिना विदेशी सहायता और बिना सत्ता के सहारे सौ वर्षों तक राष्ट्रजीवन को दिशा दी हो, उससे कांग्रेस की बेचैनी स्वाभाविक है। संघ ने चरित्र निर्माण किया, अनुशासन दिया, समाज को जोड़ा, सेवा का संस्कार दिया और राष्ट्रवाद को जीवन का व्यवहार बनाया। दूसरी ओर कांग्रेस का एक हिस्सा वर्षों तक विदेशी शक्तियों के सामने वैचारिक समर्पण करता रहा। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौते करने वाली राजनीति आज संघ से राष्ट्रभक्ति का प्रमाण मांग रही है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 नागरिकों को संगठन बनाने की स्वतंत्रता देता है। यह नागरिकों का मौलिक अधिकार है। संविधान कहीं नहीं कहता कि हर सामाजिक संगठन को पहले सरकार के सामने सिर झुकाकर अनुमति लेनी होगी। सोसाइटी कानून, न्यास कानून और अन्य व्यवस्थाएं केवल कानूनी सुविधाओं के लिए हैं, अस्तित्व के लिए नहीं। संघ के पंजीकरण प्रमाणपत्र को देखने की चाह रखने वाले प्रियांक खरगे, पवन खेड़ा और कांग्रेस के नेताओं को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में मंत्री होना कानून से ऊपर होना नहीं होता। किसी मंत्री की व्यक्तिगत इच्छा कानून नहीं बन जाती। यदि कानून में अनिवार्यता नहीं है, तो केवल राजनीतिक नफरत के कारण किसी संगठन को कटघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। यही विधि का शासन है, यही संविधान की आत्मा है।

संघ को समझने के लिए उसकी मूल प्रकृति को समझना आवश्यक है। संघ कोई पारंपरिक कार्यालयी संस्था नहीं, बल्कि समाज आधारित आंदोलन है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने इसे सदस्यता कार्ड, शुल्क और कागजी ढांचे की बजाय शाखा, संस्कार और स्वयंसेवा के आधार पर खड़ा किया। आज भी कोई व्यक्ति शाखा में जाकर स्वयंसेवक बन सकता है। यही कारण है कि संघ समाज के बीच रहता है, किसी फाइल में बंद नहीं रहता। संघ अपने आरम्भकाल से ही सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ता रहा है। संघ में औपचारिक सदस्यता और कठोर संस्थागत नियंत्रण नहीं होता। शाखाएं अपने संसाधनों से चलती हैं और संगठन का संचालन सामाजिक सहभागिता से होता है।

इतिहास यह भी बताता है कि संघ को बार-बार राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद प्रतिबंध लगाया गया, आपातकाल में हजारों स्वयंसेवक जेल भेजे गए, बाबरी प्रकरण के बाद भी हमला हुआ। लेकिन हर बार संघ और अधिक मजबूत होकर निकला। इसका कारण यह था कि संघ की जड़ें सत्ता में नहीं, समाज में हैं। मोहन भागवत ने भी याद दिलाया कि सरकारें संघ पर प्रतिबंध लगाती रहीं, इसका अर्थ ही यह है कि सरकारें संघ के अस्तित्व और प्रभाव को मानती रही हैं। देखा जाये तो संघ विरोधी बार बार पारदर्शिता और कराधान का मुद्दा उठाते हैं। लेकिन वह जानबूझकर न्यायालयों के निर्णयों को नजरअंदाज करते हैं। ह्लगुरु दक्षिणाह्व को लेकर न्यायालयों ने पारस्परिकता के सिद्धांत को स्वीकार किया था। पटना उच्च न्यायालय ने स्पष्ट माना कि स्वयंसेवकों का स्वैच्छिक योगदान करयोग्य आय नहीं माना जा सकता। संघ ने कभी कानून से छूट नहीं मांगी। उसने केवल वही स्वीकार किया जो कानून कहता है। कानून जहां लागू होता है, वहां संघ के सहयोगी संगठन विधिवत पंजीकृत हैं, लेखा परीक्षण कराते हैं और अपने प्रतिवेदन भी प्रकाशित करते हैं।

यही वह बिंदु है जहां कांग्रेस का पाखंड खुलकर सामने आता है। दशकों तक सत्ता में रहने वाली पार्टी आज संघ से पारदर्शिता मांग रही है, जबकि स्वयं उसके इतिहास पर आपातकाल, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और विदेशी प्रभाव के आरोप लगे हुए हैं। जो दल लोकतंत्र को कुचलने के लिए आपातकाल थोप सकता है, वह आज लोकतांत्रिक मूल्यों का उपदेश दे रहा है। यह राजनीतिक हास्य से अधिक कुछ नहीं। मोहन भागवत ने बिल्कुल सही कहा कि संघ खुलकर काम करता है, किसी गुप्त संगठन की तरह नहीं। लाखों शाखाएं, हजारों सेवा प्रकल्प, शिक्षा, ग्राम विकास, आपदा राहत, सामाजिक समरसता, वनवासी कल्याण, गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, संघ का हर कार्य समाज के सामने है। यदि संघ में कुछ छिपा होता तो वह सौ वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में इतने व्यापक रूप से स्वीकार नहीं किया जाता।

दरअसल संघ की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि उसने राष्ट्रवाद को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा। जब भी देश पर संकट आया, स्वयंसेवक सबसे पहले खड़े दिखाई दिए। विभाजन के समय राहत कार्य हो, प्राकृतिक आपदाएं हों, महामारी का दौर हो या सीमा पर सैनिकों के परिवारों की सहायता, संघ के कार्यकर्ता हर जगह सक्रिय रहे। यही कारण है कि भारत का सामान्य नागरिक संघ को कागजी संस्था नहीं, राष्ट्रीय चेतना का प्रहरी मानता है। संघ को लेकर सबसे अधिक भ्रम उन लोगों में है जो भारत को केवल सत्ता और चुनाव की नजर से देखते हैं। संघ सत्ता के लिए नहीं, समाज के लिए काम करता है। यही कारण है कि वह राजनीतिक उतार चढ़ाव से अप्रभावित रहता है। मोहन भागवत ने हाल में कहा था कि संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, लेकिन सबसे अधिक गलत समझा जाने वाला संगठन भी है। यह कथन बिल्कुल सही है। जिन लोगों ने कभी शाखा देखी ही नहीं, वह संघ पर सबसे अधिक आरोप लगाते हैं।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना कीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# कैश का नो टेंशन डिजीटल करेंसी है न




ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती। देश में क्रिप्टो करंसी की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सुरक्षित और आसान डिजिटल करंसी लाने की योजना पर काफी समय से कार्य कर रहा था और अब 01 दिसंबर से आम लोगों के लिए ई-रुपये का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा चुका है। इससे पहले आरबीआई ने 01 नवंबर से डिजिटल करंसी ई-रुपये की शुरूआत सरकारी प्रतिभूतियों के थोक कारोबार के लिए की थी। फिलहाल खुदरा ई-रुपये के परीक्षण में चार बैंकों (आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईडीएफसी बैंक तथा यस बैंक) और चार शहरों (दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू, भुवनेश्वर) को शामिल किया गया है। पहले ही दिन ह्यडिजिटल रुपये से करीब पौने दो करोड़ रुपये मूल्य का लेनदेन हुआ। दरअसल इन चार बैंकों की ओर से कुल 1.71 करोड़ रुपये डिजिटल मुद्रा की मांग की गई थी। मांग के मुताबिक आरबीआई ने इनको डिजिटल रुपया जारी किया। आरबीआई के मुताबिक आने वाले दिनों में बैंकों की बढ़ती जरूरत के हिसाब से जारी की जाने वाली रकम में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। आरबीआई से जारी किया गया डिजिटल रुपया भारत की पहली वर्चुअल करंसी है। इसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी (सीबीडीसी) रेग्युलेट करेगा। डिजिटल करंसी डिजिटल फॉर्मेट में है और यह हार्ड कैश की जगह लेगी। डिजिटल करंसी सीबीडीसी के तहत काम करती है और सीबीडीसी को भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है। सीबीडीसी को बराबर मूल्य पर कैश में एक्सचेंज किया जा सकेगा। डिजिटल करंसी को जलाया या डैमेज नहीं किया जा सकता। इसलिए एक बार जारी किए जाने के बाद यह हमेशा रहेगी जबकि करंसी नोट कुछ सालों में खराब हो जाते हैं। डिजिटल करंसी के इस्तेमाल से लोगों को अपनी नकदी की सुरक्षा की चिंता से मुक्ति मिलेगी और जिन लोगों का बैंक में खाता नहीं हैं, वे भी इसके जरिये बैंकिंग प्रणाली में शामिल हो सकेंगे। अभी हमारी जेब में जो करंसी नोट या सिक्के रहते हैं, डिजिटल करंसी में वही डिजिटल रूप में हमारे मोबाइल फोन या वॉलेट में रहेंगे और हमें लेनदेन के लिए बैंक की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम फिलहाल जिस प्रकार नकद में पैसों का लेनदेन करते हैं बिल्कुल उसी प्रकार डिजिटल रुपये से भी कर पाएंगे।

यह भी जान लें कि ई-रुपया किस तरह काम करेगा। ई-रुपया पूरी तरह से कैशलैस और कांटैक्टलैस भुगतान प्रणाली है। इसका इस्तेमाल एक ही बार किया जा सकता है। ई-रुपया वास्तव में टोकन आधारित होगा, जो एक ई-मेल जैसा हो सकता है और पैसे भेजने के लिए पासवर्ड डालना होगा, जो बिना इंटरनेट के कार्य करेगा। ई-रुपये से मोबाइल फोन के जरिये चंद सेकेंडों में ही लेनदेन संभव होगा और इस लेनदेन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से देखा भी जा सकेगा। इसकी सबसे खास बात यही है कि इसके माध्यम से लेनदेन डिजिटल भुगतान प्रणाली की तुलना में ज्यादा रीयल टाइम और कम लागत में होगा और इसमें बैंकों की तरह निपटान की जरूरत भी नहीं होगी। सीबीडीसी में नकद देते ही इंटरबैंक सैटलमेंट की जरूरत नहीं रह जाएगी, जिससे लेनदेन कम लागत में होगा। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ई-रुपये से देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी और इससे देश की भुगतान प्रणाली को पारदर्शी बनाने में भी मदद मिलेगी। देश में डिजिटल करंसी का प्रचलन बढ़ने पर रुपये छापने की लागत बहुत कम हो जाएगी और इससे धन भेजना भी सस्ता होगा। वास्तव में यह क्रिप्टो करंसी से बिल्कुल अलग है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती, जिनका चलन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। दरअसल बिट कॉइन या अन्य क्रिप्टो करंसी डीसेंट्रलाइज्ड होती है, जिन पर किसी भी सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता जबकि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी सेंट्रलाइज्ड है। इसे भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है और इसे आरबीआई ही जारी करेगा। इसलिए यह पूरी तरह सुरक्षित है। इसे आसानी से एक मोबाइल से दूसरे पर भेजा जा सकेगा और इससे हर प्रकार का सामान खरीदा जा सकेगा तथा प्रत्येक सेवाओं के लिए इसका उपयोग किया जा सकेगा। सामान्य शब्दों में कहा जाए तो डिजिटल करंसी का इस्तेमाल हम अपने सामान्य रुपये-पैसे के रूप में कर सकेंगे लेकिन ये रुपये-पैसे डिजिटल फॉर्म में होंगे। यही कारण है कि डिजिटल करंसी में निवेश करना दुनियाभर में प्रचलित अन्य वर्चुअल करंसी के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित माना जा रहा है। डिजिटल करंसी में ब्लॉक चेन टैक्नोलॉजी तथा अन्य तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है।

# हिंदी में पढ़ाई

नई शिक्षा नीति के तहत देश ने पेशेवर शिक्षा भी हिंदी माध्यम से देने की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। अब तक चिकित्सा शास्त्र की पढ़ाई सिर्फ अंग्रेजी में ही होती थी और उसकी किताबें अंग्रेजी में ही उपलब्ध हुआ करती थीं, लेकिन अब चिकित्सा के तीन विषयों की तीन किताबों का हिंदी में आना सुखद और ऐतिहासिक प्रगति है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत एमबीबीएस छात्रों के लिए हिंदी पाठ्य-पुस्तकों का अनावरण किया है। अपनी तरह के इस पहले कदम के तहत, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के हिस्से के रूप में तीन विषयों, जैव रसायन, शरीर रचना विज्ञान और चिकित्सा शरीर क्रिया विज्ञान की हिंदी पाठ्य-पुस्तकों का विमोचन किया गया है। लगे हाथ, उन्होंने यह भी घोषणा की है कि इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और कानून की शिक्षा भी जल्द ही हिंदी में दी जाएगी। जाहिर है, हिंदी में ऐसी पहल को किसी हिंदीभाषी क्षेत्र के राज्य को ही अंजाम देना था और इसमें मध्य प्रदेश ने बाजी मार ली है।

पेशेवर या व्यावसायिक शिक्षा मातृभाषा या हिंदी में देने की चर्चा पुरानी है। संविधान निमार्ताओं ने यही सोचा था कि आजादी मिलने के बाद के दो दशक में हिंदी समृद्ध हो जाएगी और अंग्रेजी अनिवार्य नहीं रह जाएगी। लेकिन यह सच है, हमारी सरकारों ने भाषा संबंधी बाधाओं से जूझने का जोखिम नहीं उठाया और अंग्रेजी स्वाभाविक ही सशक्त होती चली गई। हिंदी क्षेत्र में डॉक्टरी भले ही मातृभाषा में होती है, लेकिन पढ़ाई तो अंग्रेजी में ही होती आई है। जब अस्पतालों में डॉक्टर-मरीज संवाद हिंदी में होता है, तो डॉक्टरों का आपसी परामर्श या चिकित्सा कार्य अंग्रेजी में क्यों हो? इलाज भी अगर हिंदी में होगा, तो शायद ज्यादातर मरीजों को समझने में सुविधा होगी। अभी तो अनेक डॉक्टरों के हाथ से लिखी पर्ची को पढ़ना-समझना भी आसान नहीं है। हालांकि, हिंदी में पढ़ाई से एक खतरा यह है कि विदेश में नौकरी नहीं मिलेगी। शायद सरकार नीति के तहत ही ऐसा चाहती है कि देश के योग्य पेशेवर देश की सेवा में ही अपनी प्रतिभा का उपयोग करें। वैसे अगर भाषा को माध्यम बनाकर ब्रेन ड्रेन को रोकने का सपना देखा जा रहा है, तो इसमें बहुत सफलता नहीं मिलेगी। ब्रेन ड्रेन रोकने के दूसरे बेहतर तरीके हो सकते हैं। देश में अगर कार्य संस्कृति व वेतन-भत्ते को सुधार लिया जाए, तो बहुत सारे युवा या डॉक्टर, इंजीनियर ऐसे भी होंगे, जो विदेश से लौट आएंगे। खैर, पेशेवर शिक्षा को हिंदी भाषा में प्रदान करने के मामले में हम पिछड़ गए हैं, लेकिन इसके लिए अभी कतई दुखी होने या अफसोस करने की जरूरत नहीं है। भारत अनेक भाषाओं का देश है और यहां हिंदी को किसी भी भाषा पर थोपा नहीं जा सकता, यह भारत की उदारता के विरुद्ध होगा। जो देश छोटे थे या जिन देशों ने तानाशाही की, वहां स्थानीय भाषा में पूरी शिक्षा संभव हो गई। वास्तव में, पेशेवर शिक्षा में पूरा जोर गुणवत्ता पर होना चाहिए। अगर हम अपने हर शिक्षण संस्थान में गुणवत्तापूर्ण डॉक्टर, इंजीनियर, वकील पैदा करने लगेंगे, तब जरूरी बदलाव लाने में हम सफल होंगे। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए चलना होगा। फिलहाल, यह खुशी की बात है कि 10 हिंदीभाषी और गैर-हिंदीभाषी राज्यों ने इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की पुस्तकों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद शुरू कर दिया है। कुल मिलाकर, आने वाले समय में भारत में दस से ज्यादा भाषाओं में पेशेवर पढ़ाई की आजादी होगी और होनी भी चाहिए।

# साइबर धोखाधड़ी से बचें, तुरंत करें शिकायत और हों सुरक्षित

साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम है तत्काल शिकायत करना। संभावित होने वाली किसी भी साइबर अपराध की जानकारी के बाद, व्यक्ति को तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम निवारण इकाई में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। साइबर क्राइम का बढ़ता चेहरा हमारे डिजिटल युग में एक बड़ी चिंता का सबब बन गया है। इंटरनेट और तकनीकी उन्नति के साथ, इसके साथ साइबर जोखिम भी बढ़ गए हैं। व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, रैंसमवेयर, वेबसाइटों के हैकिंग आदि साइबर क्राइम के प्रमुख उदाहरण हैं। ये अपराध लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि व्यापारिक और सार्वजनिक स्तर पर भी।

साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण कदम है तत्काल शिकायत करना। संभावित होने वाली किसी भी साइबर अपराध की जानकारी के बाद, व्यक्ति को तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम निवारण इकाई में शिकायत दर्ज करनी चाहिए। बहुत सारे लोग इस बात को नजरअंदाज करते हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि शिकायत करने से उन्हें और ज्यादा मुसीबत में डाला जाएगा, लेकिन यह गलत धारणा है।

शिकायत करना ही सबसे बेहतरीन रास्ता है ताकि आप सुरक्षित रह सकें और अपराधियों को पकड़ा जा सके। साइबर क्राइम से निपटने के लिए पुलिस और साइबर निवारण दलें तत्पर हैं और शिकायत करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए उन्हें उनकी पूरी मदद करने के लिए तैयार हैं। यदि आप किसी साइबर अपराध के शिकार हैं, तो आपको रिपोर्ट साइबर के माध्यम से मामले की तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए, ताकि इसे जांच के लिए सही कानून प्रवर्तन एजेंसी को भेजा जा सके।

शिकायत करते समय, आपको सभी जानकारी को सही और सटीक तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए। अपनी संदिग्धियों को साफ तरीके से व्यक्त करें और संभावित आक्रमण के सबूतों को संग्रहित करें। यह जानकारी पुलिस को सहायता प्रदान करेगी और वे आपकी मदद कर सकते हैं। व्यक्तिगत जानकारी की चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, रैंसमवेयर, वेबसाइटों के हैकिंग आदि साइबर क्राइम के प्रमुख उदाहरण हैं। ये अपराध लोगों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, न केवल व्यक्तिगत स्तर पर बल्कि व्यापारिक और सार्वजनिक स्तर पर भी।

साइबर क्राइम से बचाव के लिए सावधानी बरतना भी महत्त्वपूर्ण है। इंटरनेट पर व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए सबसे अच्छा तरीका है जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करना। सतर्क रहें, अपने पासवर्ड को मजबूत रखें, अनचाहे ईमेलों और वेबसाइटों से दूर रहें, और साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करें।

साइबर क्राइम होने पर शिकायत करना सबसे बड़ा कदम होता है जो हमें मुसीबत से बचा सकता है। यदि हम सभी मिलकर सावधान रहें और साइबर सुरक्षा को गंभीरता से लें, तो हम सब मिलकर इस डिजिटल युग में सुरक्षित रह सकते हैं।



# पटना में पुलिस-अपराधी के बीच मुठभेड़, बंटी यादव हत्याकांड का मुख्य आरोपी रवीश घायल



एजेंसी

**पटना :** राजधानी पटना में गुरुवार को पुलिस और एक कुख्यात अपराधी के बीच मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में बंटी यादव अपहरण व हत्याकांड का मुख्य आरोपी रवीश कुमार उर्फ बसिया के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया. पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में भर्ती कराया है. जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार चल रहा रवीश शहर में छिपा हुआ है. सूचना मिलते ही कोतवाली और बुद्धा कॉलोनी थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया. पुलिस टीम बुद्धा कॉलोनी इलाके में एलएनटी से पूरब बांस घाट जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहुंची और आरोपी को घेर लिया. रवीश ने खुद को चारों ओर से घिरा देख पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी. उसकी एक गोली कोतवाली थाना की सरकारी गाड़ी के बोनट पर लगी. हालांकि वाहन में सवार थाना प्रभारी (SHO) और अन्य पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए. इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की. इस दौरान पुलिस की गोली रवीश के दाहिने पैर में लगी और वह घायल होकर वहीं गिर पड़ा. इसके बाग पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लेकर अस्पताल भेज दिया. घटनास्थल से पुलिस को एक देसी कट्टा और आरोपी की एक चप्पल मिली है. हथियार को जब्त कर आगे की जांच की जा रही है.पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रवीश उर्फ बसिया बंटी यादव अपहरण और हत्या मामले का मुख्य आरोपी है. घटना के बाद से वह लगातार फरार था और उसकी तलाश में कई जगहों पर छापेमारी की जा रही थी. गुरुवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उसे पुलिस ने धर दबोचा.पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, रवीश के खिलाफ हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी और अन्य गंभीर मामलों सहित कई आपराधिक केस दर्ज हैं. वह लंबे समय से पुलिस की सूची में वांछित अपराधियों में शामिल था. अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के स्वस्थ होने के बाद उससे बंटी यादव हत्याकांड और उसके अन्य आपराधिक मामलों को लेकर पूछताछ की जाएगी साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि फरारी के दौरान उसे किस-किस का सहयोग मिला. अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# नदी का तेज बहाव भी तोड़ नहीं पाया पिता का हौसला, कंधे पर बेटे को बैठा पहुंचाया स्कूल



एजेंसी

**पटनाः** नेपाल के तराई में लगातार हो रही बारिश का असर अब बिहार के पश्चिम चंपारण के सीमावर्ती दोन इलाके में साफ दिखने लगा है. यहां गंडक, मसान, हरहा, कपन और भलुई जैसी पहाड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है. नदियों में तेज बहाव के कारण रामनगर प्रखंड का दोन इलाका एक बार फिर मुख्य इलाके से कटने लगा है.इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में एक पिता अपने छोटे बेटे को कंधे पर बैठाकर तेज बहाव वाली नदी पार करता नजर आ रहा है. बताया जा रहा है कि वह बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए नदी पार कर रहा था. तेज धारा के बीच नदी पार करने का यह दृश्य लोगों को भावुक कर रहा है.पिता द्वारा बेटे को कंधे पर बैठाकर नदी पार कराने वाले वायरल वीडियो ने दोन इलाके की वर्षों पुरानी समस्याओं और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को उजागर कर दिया है. वायरल वीडियो ने यह सवाल भी खड़े कर दिए हैं कि आखिर इस इलाके को सुरक्षित सड़क और पुल की सुविधा कब मिलेगी, ताकि लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार न करनी पड़े. जानकारी के अनुसार, नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण सोमवार को वाल्मीकिनगर गंडक बराज से करीब दो लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया. इसके बाद गंडक समेत कई पहाड़ी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया, जिसके बाद प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा है. साथ ही नदी के किनारे नहीं जाने की भी सलाह दी है.बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब रामनगर प्रखंड के दोन इलाके की नदियां उफना गई हैं. हर साल बारिश के मौसम में यहां के करीब 22 गांव चारों तरफ से पानी से घिर जाते हैं. कई इलाकों में आज भी पुल नहीं बने हैं. ऐसे में जब नदियों का जलस्तर बढ़ जाता है तो लोगों को बच्चों को स्कूल पहुंचाने, मरीजों को अस्पताल ले जाने और जरूरी सामान लाने के लिए जान जोखिम में डालकर उफनती नदियां पार करनी पड़ती हैं.

# मुख्य आरोपी के एनकाउंटर पर एसएसपी बोले- नेपाल भागने की फिराक में था रवीश, अब तक क्या-क्या हुआ




एजेंसी

**पटनाः** बंटी यादव हत्याकांड का मुख्य आरोपी और कुख्यात अपराधी रवीश गुरुवार की सुबह मुठभेड़ में घायल हो गया. पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की थी और गोली रवीश के पैर में लगी थी. घायल रवीश को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां वह खतरे से बाहर है. यह मुठभेड़ बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके में एलएनटी घाट के पास हुई.

**एनकाउंटर के बारे में एसएसपी ने क्या बताया?**

एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि बंटी यादव की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी रवीश के लिए छापेमारी की जा रही थी. इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि रवीश पटना आकर और पैसे लेकर नेपाल भागने की तैयारी में है. जानकारी मिली कि वह नदी के रास्ते नाव से पटना आया है. इस वजह से पटना के घाटों पर पुलिस की चेकिंग चल रही थी. ऐसे में पटना के एलएनटी घाट के पास पहुंचा तो पुलिस ने उसे पकड़ा.पुलिस ने रवीश को रोकने की कोशिश की लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी और गोली पुलिस की गाड़ी पर लगी. इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई. गोली उसके पैर में लगी और वह घायल हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया. मौके से हथियार बरामद किया गया है.उन्होंने आगे यह भी बताया कि रवीश और बंटी के बीच वर्चस्व की लड़ाई थी. शराब के मामले में रवीश पहले भी जेल जा चुका है. इस पूरे घटनाक्रम में 4 लोग और भी सम्मिलित हैं, जिसे लेकर कार्रवाई की जा रही है. जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी.

**मुख्य आरोपी पर कई आपराधिक मामले हैं दर्ज**

जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी पिस्टल बरामद किया है. वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया था. बरामद हथियार की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी. मौके पर लॉ एंड ऑर्डर एएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद, डीआईयू, एसआईयू और कोतवाली थाना की टीम मौजूद रही. आरोपी पर पटना के अलग-अलग थानों में हत्या के प्रयास, लूट और रंगदारी समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं.

**मामले की जांच के लिए बनी थी टीम**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि-व्यवस्था-01) के नेतृत्व में चार विशेष एसआईटी का गठन किया गया था. इनमें अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण (सीडीआर, टावर डंप, आईपीडीआर व सोशल मीडिया) और छापेमारी के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गईं थीं.

**अब तक हुई 5 आरोपियों की गिरफ्तारी**

जांच के दौरान 7 जुलाई को पुलिस ने रोहित कुमार, बजरंगी कुमार और रवि कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था. इसके बाद 11 जुलाई को अथमलगोला थाना इलाके के फुलेलपुर फोरलेन के नीचे खेत में मिट्टी में दबा बंटी यादव का शव बरामद हुआ. आगे की जांच में पुलिस ने सोमवार को रौशन कुमार और अजीत कुमार सहनी को गिरफ्तार किया. पूछताछ में दोनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की. इस तरह से मामले में अब तक पांच की गिरफ्तारी हो चुकी है.

**गिरफ्तार आरोपियों ने क्या बताया?**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों ने बताया था कि रवीश कुमार का मोनी किन्नर से संबंध था. दोनों उत्तर प्रदेश से ट्रेन के जरिए अवैध शराब लाकर उसकी बिक्री करते थे. इसी कारोबार में हिस्सेदारी की मांग को लेकर बंटी यादव और रवीश के बीच अक्सर विवाद होता था.

## संक्षिप्त खबर

### भरत तिवारी एनकाउंटर : 15 पुलिस अधिकारियों और जवानों को न्यायिक आयोग का समन

**बिहार :** भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर केस की न्यायिक जांच अब अहम चरण में पहुंच गई है. मामले की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने जगदीशपुर के एसडीओ, तत्कालीन डीएसपी, तत्कालीन शाहपुर थानाध्यक्ष समेत 15 पुलिस अधिकारियों और जवानों को गवाही के लिए समन जारी किया है. सभी को अलग-अलग तारीखों पर आयोग के सामने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है. आयोग ने संबंधित अधिकारियों और जवानों को 16 और 17 जुलाई को पेश होने का निर्देश दिया है. इस दौरान आयोग घटना से जुड़े सभी पहलुओं, गवाहों के बयानों और पुलिस के पक्ष को विस्तार से सुनेगा, ताकि जांच को आगे बढ़ाया जा सके. गौरतलब है कि बीते 17 जून को भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित बिलौटी गांव में भरत भूषण तिवारी का एनकाउंटर किया गया था. घटना के बाद परिजनों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए थे, जिसके बाद सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिए थे. इसके बाद मामले की निष्पक्ष जांच के लिए आयोग का गठन किया गया, जो एनकाउंटर से जुड़े साक्ष्य जुटा रही है. इसी कड़ी में उन अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को बुलाया गया है, जो एनकाउंटर के दौरान मौके पर मौजूद थे या कार्रवाई में शामिल थे. समन पाने वालों में एसडीओ, तत्कालीन डीएसपी और थानाध्यक्ष के अलावा शाहपुर थाना के दारोगा, जांच अधिकारी, एएसआई, एसटीएफ के जवान, चालक हवलदार और डीएसपी के बॉडीगार्ड समेत अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल हैं. इधर आयोग की जांच के साथ-साथ फोरेंसिक प्रक्रिया भी जारी है. एनकाउंटर में इस्तेमाल किए गए हथियारों की जांच के लिए तत्कालीन जगदीशपुर डीएसपी के बॉडीगार्ड, एक दारोगा और एक एएसआई की सरकारी सर्विस पिस्टल जब्त की गई है. इन हथियारों को विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा जाएगा, जहां बैलिस्टिक और अन्य तकनीकी परीक्षण किए जाएंगे.इससे पहले तत्कालीन शाहपुर थानाध्यक्ष की सरकारी पिस्टल, एसटीएफ के एक जवान की सर्विस पिस्टल और भरत भूषण तिवारी के पास से बरामद हथियार भी जांच के लिए जब्त किए जा चुके हैं. अधिकारियों को उम्मीद है कि फोरेंसिक रिपोर्ट से घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं.अब सभी की नजर आयोग की आगामी सुनवाई और फोरेंसिक रिपोर्ट पर है. जांच पूरी होने के बाद आयोग अपनी रिपोर्ट सौंपेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी.

### घरेलू गैस सिलेंडर की जमाखोरी का खुलासा, दुकान व घर से 21 सिलेंडर जब्त

**बिहारः** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी का मामला सामने आया है. जिला प्रशासन ने बेला चौक पर एक दुकान और एक घर से छापेमारी कर 21 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किया है. इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से गैस सिलेंडर जमा करने और बेचने वालों में हड़कंप मच गया है.जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि बेला चौक में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण किया जा रहा है. सूचना के आधार पर एसडीएम दीपक कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया. गठित टीम ने बेला चौक में छापेमापी की. इस दौरान वीरेंद्र चौधरी की दुकान से दो भरे हुए और नौ खाली गैस सिलेंडर बरामद किए हैं. वहीं ललिता देवी के घर से पांच भरे हुए और पांच खाली सिलेंडर मिले. जिला प्रशासन ने सभी 21 सिलेंडर जब्त कर लिए हैं, जिनमें सात भरे हुए और 14 खाली सिलेंडर शामिल हैं. जब्त किए गए सभी सिलेंडरों को जयनगर थाना लाया गया है.प्रशासन का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण या उनका व्यावसायिक इस्तेमाल नियमों के खिलाफ है. शुरूआती जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद वीरेंद्र चौधरी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या अवैध भंडारण की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके. अधिकारियों ने कहा कि जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता बनाए रखने और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे.

### किशनगंज में शिक्षक कर रहा था नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट के तरत केस दर्ज



किशनगंज : बिहार के किशनगंज जिले के पोठिया थाना क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल शिक्षक पर अपनी नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप लगा है. पुलिस ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रमनिया पोखर के शिक्षक मो. अजमल के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.पीड़ित 12 वर्षीय छात्रा ने 11 जुलाई को पोठिया थाने में शिकायत दर्ज कराई. छात्रा ने आरोप लगाया है कि शिक्षक मो. अजमल ने स्कूल परिसर में उसके साथ अनुचित व्यवहार किया. विरोध करने पर शिक्षक ने उसे धमकाया और घटना के बारे में किसी को न बताने की चेतावनी दी.बताया गया है कि छात्रा हाल ही में अपने पिता की मौत के कारण मानसिक रूप से परेशान थी. शिकायत के अनुसार छात्रा ने घटना की जानकारी विद्यालय के अन्य शिक्षकों को भी दी थी, लेकिन आरोप है कि मामले को दबाने का प्रयास किया गया.

स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप और पंचायत स्तर पर समाधान के प्रयासों के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई. बाद में छात्रा और उसकी मां ने हिम्मत जुटाकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई. पीड़िता और उसकी मां ने आरोपी शिक्षक के प्रभावशाली होने के कारण सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है.

**आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग :** मामले की जानकारी मिलने के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने तत्काल प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया. घटना के विरोध में छात्रा के परिजन और ग्रामीण विद्यालय पहुंचे और आरोपी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की.

**छात्रा के आवेदन पर जांच शुरू :** विद्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रधानाध्यापक द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के जवाब में शिक्षक ने लिखित रूप से अपने व्यवहार पर खेद व्यक्त करते हुए माफी मांगी है. पोठिया थाना की पुलिस ने छात्रा के आवेदन के आधार पर थाना में केस दर्ज कर लिया है. मामले की जांच शुरू कर दी है.

# आईआरसीटीसी मनी लॉन्ड्रिंग केस में लालू परिवार को फिलहाल राहत, अब 31 जुलाई को आएगा अदालत का अगला फैसला



एजेंसी

**.बिहारः** आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार को फिलहाल राहत मिली है. गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट इस मामले में आरोप तय करने पर फैसला नहीं सुना सकी. अब अदालत 31 जुलाई को इस पर अगला आदेश देगी.

**ईडी ने दाखिल की है चार्जशीट**

इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है. ईडी ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, तेज प्रताप यादव समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है. एजेंसी का आरोप है कि इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े तथ्य सामने आए हैं.

**क्या है पूरा मामला?**

यह मामला उस समय का है, जब लालू प्रसाद यादव केंद्र की यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे. आरोप है कि वर्ष 2004 से 2009 के बीच रेलवे के होटलों के रखरखाव और संचालन का ठेका निजी कंपनी को देने में अनियमितता की गई.जांच एजेंसियों के अनुसार, आईआरसीटीसी के रांची और पुरी स्थित दो होटलों के विकास, संचालन और रखरखाव का ठेका एक निजी कंपनी को दिया गया था.

**जमीन के बदले ठेका देने का आरोप**

ईडी का आरोप है कि इस ठेके के बदले लालू परिवार को पटना में कीमती जमीन बेहद कम कीमत पर ट्रांसफर की गई. जांच में यह भी दावा किया गया है कि बाद में इस जमीन को बेनामी संपत्तियों और शेल कंपनियों के जरिए परिवार के सदस्यों के नाम पर स्थानांतरित किया गया.इन्हीं कथित वित्तीय लेन-देन और अवैध कमाई के आरोपों को आधार बनाकर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था.

**अब 31 जुलाई पर टिकी नजर**

फिलहाल अदालत ने आरोप तय करने पर फैसला टाल दिया है. अब 31 जुलाई को होने वाली अगली सुनवाई में यह साफ होगा कि अदालत इस मामले में आरोप तय करती है या नहीं. इस फैसले पर लालू परिवार और ईडी, दोनों की नजरें टिकी हुई हैं.

# बांकीपुर उपचुनाव से पहले प्रशांत किशोर को एक और झटका, केसी सिन्हा के बाद अब चेतना झांब और श्रुति श्री भी छोड़ेंगी जन सुराज



एजेंसी

**बांकीपुरः** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव से पहले प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को लगातार झटके लग रहे हैं. बुधवार को कई नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को भी दो और बड़े नाम पार्टी छोड़ने जा रहे हैं. इससे चुनाव से पहले जन सुराज की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं.

**आज चेतना झांब और श्रुति श्री करेंगी बीजेपी जॉइन**

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म निमार्ता चेतना झांब और फतुहा की प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री गुरुवार को भाजपा की सदस्यता लेंगी. दोनों नेताओं का बीजेपी में जाना जन सुराज के लिए नुकसान माना जा रहा है.

**प्रो. केसी सिन्हा समेत कई नेता हुए बीजेपी में शामिल**

इससे पहले 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में बांकीपुर सीट से जनसुराज के उम्मीदवार रहे प्रो. केसी सिन्हा ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई.उनके साथ जनसुराज के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुए. वहीं, दीघा विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी बिट्टू सिंह और मनेर से पूर्व प्रत्याशी गोपाल सिंह ने भी बीजेपी की सदस्यता ली.

**प्रशांत किशोर के खिलाफ लगा पोस्टर**

पटना में प्रशांत किशोर को लेकर एक पोस्टर भी चर्चा का विषय बना हुआ है. पोस्टर में लिखा है कि केसी सिन्हा तो सिर्फ झांकी है, जमानत जब्त होना अभी बाकी है. इनको वोट नहीं, नोट चाहिए.

**बीजेपी में आते ही साधा निशाना**

भाजपा में शामिल होने के बाद गोपाल सिंह ने कहा कि अहंकारी व्यक्ति संगठन नहीं चला सकता. उनका आरोप था कि प्रशांत किशोर के पास कोई स्पष्ट विजन नहीं है. वहीं बिट्टू सिंह ने कहा कि अब उनका राजनीतिक भविष्य भाजपा के साथ ही जुड़ा रहेगा. उन्होंने कहा कि अब बीजेपी छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगा. जीना यहीं है, मरना यहीं है.

**बीजेपी ने किया स्वागत**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने नए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर जन सुराज के कई नेता बीजेपी में शामिल हुए हैं. उन्होंने भरोसा जताया कि सभी नए सदस्य संगठन को और मजबूत बनाने का काम करेंगे.

# पिता ने बेटी के अपहरण का कराया था एफआईआर अपराधियों ने सिर पर मारी गोली



एजेंसी

**मुंगेरः** जिले के सफियासराय थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बुधवार देर रात दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दिया. चिमनी भट्ठा पर ड्यूटी कर रहे नाइट गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है. शुरूआती जांच में पूरा मामला पुरानी रंजिश से जुड़े विवाद से संबंधित माना जा रहा है.

**नाइट गार्ड की गोली मारकर हत्याः** जानकारी के अनुसार सफियासराय थाना क्षेत्र में एक चिमनी भट्ठा के 45 वर्षीय नाइट गार्ड की गोली मारकर हत्या की गई है. गार्ड रोज की तरह बुधवार रात खाना खाने के बाद अपनी ड्यूटी पर पहुंचे थे. वह भट्ठा परिसर में रखी चारपाई पर सो गए थे जिसके बाद यह घटना घटित हुई.

**अज्ञात अपराधियों ने किया फायरिंगः** देर रात अज्ञात अपराधियों ने सो रहे नाइट गार्ड को बेहद करीब से गोली मार दी. गोली लगते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए. परिजनों के अनुसार दो गोली मारी गई, जिसमें से एक गोली उनके सिर पर मारी गई थी.

**पूरे क्षेत्र की घेराबंदीः** शुरूआती जांच में मामला पुरानी रंजिश और मृतक की बेटी के कथित अपहरण एवं प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद से जुड़ा माना जा रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही सफियासराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद भी घटनास्थल पर पहुंचे.

**FSL की को बुलाया गया टीमः** उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने का निर्देश दिया. इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

**बेटी के प्रेम प्रसंग और पुराने विवाद पर जांच केंद्रितः** पुलिस की प्रारंभिक जांच में एक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है. बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले गार्ड की बेटी का कथित अपहरण का मामला सामने आया था. इस मामले में उसने सफियासराय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था. पुलिस को आशंका है कि इसी मामले को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश के कारण हत्या की इस वारदात को अंजाम दिया गया है.

**सीसीटीवी की जांच जारीः** हालांकि पुलिस फिलहाल किसी एक निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है. पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे संभावित सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों को भी खंगाल रही है.

**परिजनों में मचा कोहरामः** घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए.परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजनों ने हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है. पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है.फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है. कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा, चालक समेत आठ लोग घायल



एजेंसी

**बेगूसराय :** जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र स्थित जमटिया ढाला के पास गुरुवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां दरभंगा से गंगा स्नान कर सिमरिया लौट रहे श्रद्धालुओं से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया. इस हादसे में चालक समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, श्रद्धालुओं दरभंगा से गंगा स्नान कर सिमरिया लौट रहे थे. तभी एनएच-28 पर अचानक एक बंदर सड़क पार करने लगा. उसे बचाने के लिए चालक ने ऑटो मोड़ने की कोशिश की, जिससे उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया. और ऑटो सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और ऑटो में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. इसके बाद सभी घायलों को एंबुलेंस से बछवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. घायलों में चालक सिकंदर पासवान के अलावा रीता देवी, रेखा देवी, सत्या देवी, सुशीला देवी, गीता देवी और शैल देवी सहित आठ लोग शामिल हैं. प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर उपचार के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. इधर घटना की सूचना पाकर बछवाड़ा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को हटवाकर यातायात सामान्य कराया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# भारत-यूके फ्री ट्रेड से रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर जैसी लग्जरी कारें होंगी सस्ती

नई दिल्ली

आप रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर, जैगुआर, एस्टन मार्टिन जैसी लग्जरी कार खरीदने का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। भारत-यूके के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) 15 जुलाई से लागू हो गया है। इस समझौते का सबसे बड़ा असर ऑटोमोबाइल सेक्टर पर देखने को मिलेगा। अब यूके से भारत आने वाली कई लग्जरी कारों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी कम हो जाएगी। इसका असर आने वाले समय में इन कारों की कीमतों पर भी दिख सकता है। भारत-यूके एफटीए के तहत अब यूके में बनी और पूरी तरह तैयार होकर आने वाली लग्जरी कारों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी जो 110 फीसदी से घटाकर सीधे 30 फीसदी कर दी गई है। यह राहत पहले साल 20,000 कारों के तय कोटा पर मिलेगी। यही वजह है कि रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर, जगुआर, एस्टन मार्टिन और बेंटले जैसे ब्रिटिश ब्रांड की कारें पहले के मुकाबले कम कीमत पर मिल सकती हैं।

- समझौते का सबसे बड़ा असर ऑटोमोबाइल सेक्टर पर देखने मिलेगा

## भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट आज से लागू हो गया

### ट्रक और अन्य वाहनों पर भी मिलेगा फायदा

सिर्फ लग्जरी कारें ही नहीं, बल्कि यूके से आने वाले ट्रकों पर भी टैक्स कम कर दिया गया है। अभी ट्रकों पर 44 फीसदी ड्यूटी लगती है, जो अगले 5 सालों में घटकर 8.8 फीसदी के करीब आ जाएगी। इससे कमर्शियल सेक्टर में भी सस्ती मशीनरी और ट्रांसपोर्ट के नए रास्ते खुलेंगे। हालांकि, अभी कंपनियों की ओर से नई कीमतों का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन आने वाले कुछ दिनों में शोरूम्स में इन कारों के नए रेट्स देखने को मिलेंगे। हर कंपनी की अपनी अलग पॉलिसी और प्रॉफिट मार्जिन होता है, इसलिए हर कार की कीमत में होने वाली कमी मॉडल और इंजन क्षमता के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है।



*उन कारों पर लागू होगा जो यूके में बनेगी :* अंतिम कीमत जीएसटी, रोड टैक्स और डीलर मार्जिन पर भी निर्भर करेगी। यह बदलाव मुख्य रूप से उन कारों पर लागू होगा जो यूके में तैयार होकर भारत आती हैं, जिन्हें ऑटो सेक्टर की भाषा में सीबीयू यानी कंप्लीटली बिल्ट यूनिट कहा जाता है।

*20 से 30 फीसदी तक सस्ती हो सकती है कारें :* लग्जरी कारों की कीमत में इंपोर्ट ड्यूटी का हिस्सा सबसे ज्यादा होता है, इसलिए 80 फीसदी की यह भारी कटौती कार की लैंडेड कॉस्ट को बहुत कम कर देगी। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन कारों की कीमतों में 20 फीसदी से लेकर 30 फीसदी तक की सीधी गिरावट आ सकती है। इसका मतलब है कि जिस कार की कीमत अभी 7 से 8 करोड़ रुपए है, ड्यूटी कम होने के बाद उसकी कीमत में 2 से 3 करोड़ रुपये तक की कमी हो सकती है। वहीं करीब 5 करोड़ रुपए की कार पर भी 1 से 2 करोड़ रुपए तक की राहत मिल सकती है।

### नई कीमतों का ऐलान होना अभी बाकी

हालांकि कंपनियां अभी नई कीमतों का ऐलान करने की तैयारी कर रही हैं। यह खबर उन लोगों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है जो रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर, एस्टन मार्टिन या मैकलारेन जैसी महंगी और आलीशान गाड़ियां खरीदने का सपना देखते हैं।

### इन कारों को मिलेगा फायदा?

इस समझौते का फायदा सबसे ज्यादा यूके में बनी लग्जरी कारों को मिलेगा. रोल्स-रॉयस, लैंड रोवर, एस्टन मार्टिन या मैकलारेन और बेंटले जैसे ब्रांड इसके दायरे में आएंगे। इसके अलावा यूके से आने वाले कई ऑटो पार्ट्स भी सस्ते हो सकते हैं, जिससे भविष्य में कुछ गाड़ियों की कीमत और मेंटेनेंस कॉस्ट पर भी असर पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 16 पैसे टूटकर 96.32 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बुधवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ 96.32 प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और डॉलर के कमजोर होने से रुपये में गिरावट सीमित रही।

### सिग्नेचर ग्लोबल का कर्ज बढ़कर 390 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध कर्ज बढ़कर 390 करोड़ रुपये हो गया, जो मार्च 2026 के अंत में 200 करोड़ रुपये था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, '30 जून, 2026 तक कंपनी के पास नकदी एवं बैंक में जमा राशि 2,522 करोड़ रुपये थी।

### कडपा में डालमिया सीमेंट संयंत्र की आधारशिला रखी गई



कडपा (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने बुधवार को डालमिया भारत कंपनी के 3,100 करोड़ रुपये से प्रस्तावित दूसरे सीमेंट विनिर्माण संयंत्र की यहां आधारशिला रखी। कंपनी का यह नया संयंत्र हरित सीमेंट उत्पादन के लिए तैयार किया जा रहा है और इसके 2027-28 की तीसरी तिमाही तक चालू होने की उम्मीद है।

### कुसुमगर का शेयर 44% चढ़कर हुआ सूचीबद्ध



नई दिल्ली। खास तरह का कपड़ा बनाने वाली कंपनी कुसुमगर लिमिटेड का शेयर बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद निर्गम मूल्य 419 रुपये के मुकाबले 44 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 419 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 36.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 574 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### आईजीएक्स ने आईपीओ के लिए दस्तावेज किए दाखिल

नई दिल्ली। इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईजीएक्स, देश का पहला ऑनलाइन डिलीवरी-आधारित प्राकृतिक गैस कारोबार मंच है। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश पर आधारित होगा। इसके तहत प्रवर्तक इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड (आईईएक्स) 1.67 करोड़ तक शेयर बेचेगी। आईपीओ के बिक्री पेशकश पर आधारित होने के कारण इससे आईजीएक्स को कोई राशि प्राप्त नहीं होगी।

## ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम ने जारी किए ताजा आंकड़े

# ऑटो सेक्टर में बंपर उछाल, जून में 24 प्रतिशत बढ़ी पैसेंजर कारों की बिक्री

नई दिल्ली

भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए जून 2026 का महीना बेहद शानदार रहा है। देश में जून 2026 के दौरान पैसेंजर व्हीकल, टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर की बिक्री में जोरदार बढ़त दर्ज की गई है। ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू बाजार में वाहनों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। घरेलू बाजार के साथ-साथ विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरी इंडस्ट्री की रफ्तार को नई ताकत मिली है।

सियाम के अनुसार, जून 2026 में कंपनियों ने डीलरों को 3,88,144 पैसेंजर व्हीकल भेजे। पिछले साल जून में यह संख्या 3,12,851 थी। यानी इस बार पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में सालाना आधार पर 24.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे साफ है कि कारों की मांग में अच्छी तेजी बनी हुई है।

घरेलू बाजार में वाहनों की मांग मजबूत बनी हुई है

विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है

भारतीय कारों की मांग में अच्छी तेजी देखी गई

### थ्री-व्हीलर और ई-रिक्शा की रफ्तार भी तेज

कमर्शियल और पैसेंजर थ्री-व्हीलर मार्केट में भी ग्राहकों ने खूब दिलचस्पी दिखाई है। जून 2026 में थ्री-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। इसकी बिक्री 26.1 फीसदी बढ़कर 77,951 यूनिट रही। पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 61,828 यूनिट था। इस दौरान पैसेंजर थ्री-व्हीलर की बिक्री 25 फीसदी बढ़कर 64,181 यूनिट पहुंच गई। वहीं सामान ढोने वाले थ्री-व्हीलर की बिक्री 29.4 फीसदी बढ़कर 11,828 यूनिट रही। ई-रिक्शा की बिक्री में भी 52.4 फीसदी की मजबूत बढ़त दर्ज की गई और इसकी बिक्री 1,590 यूनिट तक पहुंच गई।



### विदेशों में भी बढ़ी भारतीय गाड़ियों की डिमांड

घरेलू बाजार के साथ-साथ भारत से वाहनों का एक्सपोर्ट भी तेजी से बढ़ा है। जून 2026 में कुल वाहन एक्सपोर्ट 34 फीसदी बढ़कर 6,73,105 यूनिट रहा। टू-व्हीलर एक्सपोर्ट 40.2 फीसदी बढ़कर 5,43,684 यूनिट पहुंच गया। थ्री-व्हीलर एक्सपोर्ट में 39.7 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई और यह 51,950 यूनिट रहा। वहीं पैसेंजर व्हीकल एक्सपोर्ट लगभग स्थिर रहा और इसकी संख्या 76,601 यूनिट दर्ज की गई।

### एसयूवी की मांग सबसे ज्यादा

पैसेंजर व्हीकल में सबसे ज्यादा मांग यूटिलिटी व्हीकल यानी एसयूवी की रही। जून में एसयूवी की बिक्री 19.9 फीसदी बढ़कर 2,17,228 यूनिट पहुंच गई। वहीं पैसेंजर कार की बिक्री 15.7 फीसदी बढ़कर 98,610 यूनिट रही। वैन की बिक्री भी 9.5 फीसदी बढ़कर 10,230 यूनिट तक पहुंच गई।

### टू-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी

त्योहारी सीजन से पहले टू-व्हीलर बाजार में भी तगड़ी रौनक लौट आई है। जून 2026 में टू-व्हीलर की बिक्री भी मजबूत रही। इस दौरान कंपनियों ने 18,51,400 टू व्हीलर डीलरों को भेजे, जबकि पिछले साल जून में यह संख्या 15,61,283 थी। यानी टू-व्हीलर की बिक्री में 18.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। टू-व्हीलर में सबसे ज्यादा तेजी स्कूटर की बिक्री में देखने को मिली। जून में स्कूटर की बिक्री 39.1 फीसदी बढ़कर 7,44,823 यूनिट पहुंच गई। वहीं मोटरसाइकिल की बिक्री 6.4 फीसदी बढ़कर 10,56,422 यूनिट रही। मोपेड की बिक्री में भी 50.4 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज हुई और यह 50,155 यूनिट तक पहुंच गई।

# अब एआई की तरफ बढ़ रहे विप्रो के ग्राहक : प्रेमजी

नई दिल्ली



- मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे एआई को
- आईटी क्षेत्र में अभ भी सतर्कता का माहौल है

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो के कार्यकारी चेयरमैन रिशद प्रेमजी ने बुधवार को कहा कि अब ग्राहक कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रारंभिक परीक्षण परियोजनाओं तक सीमित रखने की जगह अपनी मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में अब भी सतर्कता का माहौल है और कंपनियां लागत को कम करने एवं दक्षता बढ़ाने पर खास ध्यान दे रही हैं। प्रेमजी ने विप्रो की 80वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते वर्ष में एआई और आधुनिकीकरण को लेकर चर्चा तेज रही, लेकिन कंपनियां सतर्क बनी रहीं और दक्षता, एकीकरण एवं लागत नियंत्रण को प्राथमिकता दी। रिशद ने कहा, /"एआई हमारे समय के सबसे बुनियादी बदलावों में से एक है। इससे जहां कार्यकुशलता बढ़ रही है, वहीं नवाचार, रूपांतरण एवं वृद्धि के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। साथ ही आंकड़ों, आधुनिकीकरण और एआई-आधारित प्रौद्योगिकी सेवाओं की मांग भी तेज हो रही है।" प्रेमजी ने कहा कि अब ध्यान प्रयोग से आगे बढ़कर वास्तविक क्रियान्वयन पर आ गया है। प्रेमजी ने कहा, /"हमारे ग्राहक प्रारंभिक परीक्षण चरण से आगे बढ़ चुके हैं और एआई को अपने मुख्य परिचालन का हिस्सा बना रहे हैं। इसका असर हमें काम की प्रकृति में बदलाव के रूप में दिखाई दे रहा है।"

### एक माह की योजना अब पांच दिन में पूरी हो रही

कंपनी ने आंतरिक तौर पर एआई लागू कर अपनी मासिक वित्तीय समापन प्रक्रिया को घटाकर सिर्फ आठ घंटे कर दिया है, जबकि पहले एक महीने में बनने वाली योजना अब पांच दिन में पूरी हो रही है। प्रेमजी ने कहा कि एआई आधुनिकीकरण की गति और लागत संरचना दोनों को बदल रही है और इससे वृद्धि के नए रास्ते खुल रहे हैं।

# गौतम अदाणी का अमेरिकी अदालत में हलफनामा पेश

नई दिल्ली



- आरोप हटाने के पीछे कोई सौदा या समझौता नहीं
- इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस बात से इनकार किया है कि उनके खिलाफ आपराधिक आरोपपत्र को खारिज करने के अमेरिकी न्याय विभाग के फैसले के पीछे कोई वादा, समझौता या सौदा था। इसके साथ ही अमेरिकी अदालत में दाखिल हलफनामे में उन्होंने कहा है कि उन्हें इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं है।

यह हलफनामा अमेरिका में न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले की जिला अदालत के न्यायाधीश निकोलस गराउफिस के निर्देश पर दाखिल किया गया है। जिला न्यायाधीश ने आठ जुलाई को अदाणी से शपथ लेकर यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या आरोपों को वापस लेने के फैसले के संबंध में उन्हें किसी प्रस्ताव, समझौते या लाभ की जानकारी है। अदाणी ने अपने हलफनामे में कहा है कि उन्हें 'किसी भी तरह के वादे, पेशकश, मांग, प्राप्ति, सहमति या स्वीकार' के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि आरोप हटाने के बदले में किसी मूल्यवान चीज के आदान-प्रदान से जुड़ा कोई समझौता हुआ था।

### मामले को खत्म करने निवेश प्रतिबद्धताओं से जोड़ा गया

इससे पहले चार जुलाई को दायर एक हलफनामे में न्याय विभाग ने मीडिया में आई उन खबरों को खारिज किया था, जिनमें मामले को खत्म करने को निवेश प्रतिबद्धताओं से जोड़ा गया था। विभाग ने कहा था कि अभियोजन कानूनी और साक्ष्य संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा था, क्योंकि कथित घटनाएं मुख्य रूप से भारत में हुई थीं, निवेशकों को नुकसान का कोई प्रमाण नहीं था और मामला भारत में भी जांच के दायरे में है।

## नवी मुंबई हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शुरू




अबू धाबी। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) से अंतरराष्ट्रीय सेवाओं की बुधवार को शुरुआत हुई। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने हवाई अड्डे से अबू धाबी के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालित की। करीब 100 यात्रियों को लेकर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान भारतीय समयानुसार देर रात दो बजकर 55 मिनट पर नवी मुंबई हवाई अड्डे से रवाना हुई।

करीब ढाई घंटे का सफर तय कर यह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी हवाई अड्डे पर पहुंची। एयर इंडिया एक्सप्रेस अबू धाबी के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें संचालित करेगी। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 25 दिसंबर, 2025 को घरेलू सेवाएं शुरू हुई थीं।

# चीन की आर्थिक वृद्धि दर दूसरी तिमाही में घटी

- वर्ष 2022 के अंत के बाद सबसे धीमी
- एआई के बढ़ते उपयोग से निर्यात में वृद्धि दर्ज

हांगकांग



चीन की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी।

सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह पिछले तीन वर्षों से अधिक समय में सबसे धीमी वृद्धि दर है। सरकारी आंकड़े पूर्वानुमानों से कम और जनवरी-मार्च तिमाही में दर्ज पांच प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर की तुलना में भी काफी नीचे रहे। यह स्थिति ऐसे समय में रही, जब कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते उपयोग के दम पर और चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों की मजबूत वैश्विक मांग के कारण निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण ऊर्जा कीमतों में तेज वृद्धि से वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति बढ़ने के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक असर नहीं पड़ा।

# राजीव कुमार की नियुक्ति को आरबीआई से मिली मंजूरी

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को कहा कि आरबीआई ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को तीन साल के लिए बैंक के अंशकालिक चेयरमैन के रूप में नियुक्ति दे दी है। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कुमार की नियुक्ति 15 जुलाई, 2026 से प्रभावी होगी।

मौजूदा अंतरिम चेयरमैन केकी मिस्त्री बैंक के गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक के रूप में बने रहेंगे। कुमार देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और वित्त सचिव रह चुके हैं। उन्होंने 2017-2020 के दौरान वित्तीय सेवा विभाग का सचिव रहते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनरुद्धार और वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।


# बैंक शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 130 अंक मजबूत

- अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद से कम रहा
- फेड आने वाले महीनों में कम आक्रामक रुख अपनाएगा

मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी आई और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बैंक शेयरों में बढ़त और अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद से कम रहने के साथ बीएसई सेंसेक्स 130 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 26 अंक की तेजी रही।

अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद के मुकाबले अधिक नरम रहने से ऐसी संभावना है कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति के मामले में कम आक्रामक रुख अपनाएगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 130.49 अंक चढ़कर 77,185.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 591.33 अंक के लाभ के साथ 77,646.27 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 26.45 अंक बढ़कर 24,078.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील और इन्फोसिस शामिल हैं।



## अब डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूपीआई ही चलेगा

# ग्राहकों को झटका, क्रेडिट कार्ड से एलआईसी प्रीमियम पेमेंट बंद

नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ऐसे ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया है, जो अपने इंश्योरेंस प्रीमियम का पेमेंट ऑनलाइन तरीकों से क्रेडिट कार्ड से करते रहे हैं। एलआईसी की वेबसाइट पर कस्टमर पोर्टल के जरिए भी बीमा की किस्त का भुगतान होता है, लेकिन वहां अब सिर्फ नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और यूपीआई से पेमेंट का विकल्प बचा है।

बीमाधारक पहले इन तीन विकल्पों के अलावा क्रेडिट कार्ड से भी प्रीमियम का डिजिटल भुगतान कर सकते थे। ऑनलाइन के अलावा एलआईसी एजेंट के द्वारा या एलआईसी के ब्रांच में प्रीमियम का पेमेंट जमा हो सकता है। देश में बड़ी संख्या में डिजिटल पेमेंट के लिए लोग क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं। क्रेडिट कार्ड से पेमेंट लेना बंद करने से एलआईसी के ग्राहक बड़ी संख्या में प्रभावित हुए हैं।

## पहले क्रेडिट कार्ड से भी प्रीमियम का डिजिटल भुगतान कर सकते थे

### एलआईसी बिल डेस्क की सेवा ले रही थी

एलआईसी के एक एजेंट ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि क्रेडिट कार्ड को पेमेंट के ऑप्शन से हटाने के पीछे पेमेंट गेटवे कंपनी द्वारा इस सेवा के बदले लिया जा रहा शुल्क वजह है। एलआईसी की साइट पर पेमेंट गेटवे कंपनी बिल डेस्क की सेवा थी, जिसके जरिए प्रीमियम भुगतान कंपनी तक पहुंचता था।





*सेवा शुल्क को लेकर हुआ कोई विवाद :* इस सेवा के बदले बिल डेस्क कंपनी से कुछ चार्ज लेती थी, जिसको लेकर संभवतः कोई विवाद पैदा हुआ है। क्रेडिट कार्ड से भुगतान के बदले एक सुविधा शुल्क लगता है, लेकिन उसका वहन एलआईसी ही करती है। डेबिट कार्ड, यूपीआई और नेटबैंकिंग से प्रीमियम पेमेंट पर कोई चार्ज नहीं लगता है।

### दूसरे पेमेंट गेटवे कंपनी से बातचीत जारी

इस एजेंट को भरोसा है कि जल्द ही ऑनलाइन पेमेंट में पहले की तरह क्रेडिट कार्ड का विकल्प वापस आ जाएगा। इस संबंध में एलआईसी की और से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। बताया जा रहा है की एलआईसी क्रेडिट कार्ड के लिए किसी दूसरे पेमेंट गेटवे कंपनी से बातचीत कर रही है। जल्द की समझौता होते ही क्रेडिट कार्ड से पेमेंट का ऑप्शन शुरू कर दिया जाएगा।

### पेमेंट गेटवे कंपनी बिल डेस्क को हटाया गया

सुविधा शुल्क को लेकर पेमेंट गेटवे कंपनी बिल डेस्क और एलआईसी के बीच कुछ मतभेद उभरने के बाद क्रेडिट कार्ड को ऑनलाइन पेमेंट विकल्प से हटा दिया गया है। एक दूसरे एलआईसी एजेंट ने भी क्रेडिट कार्ड को पेमेंट ऑप्शन से हटाने के पीछे इसी कारण की चर्चा की। इस एजेंट ने बताया कि किसी दूसरे पेमेंट गेटवे कंपनी से एलआईसी के अधिकारियों की बातचीत चल रही है।

# सोना स्थिर, चांदी में रही गिरावट

नई दिल्ली।



- चांदी 100 रुपए टूटकर 2,26,000 रुपए प्रति किलो

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि स्थानीय मांग कमजोर होने के कारण चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले दिन के 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर ही बनी रही। हालांकि, चांदी की कीमत 100 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जबकि मंगलवार को यह 2,26,100 रुपये


### आभूषण विक्रेताओं की खरीदारी रही कम

कारोबारियों का कहना है कि आभूषण विक्रेताओं और औद्योगिक लिवालों की ओर से कम लिवाली के कारण घरेलू बाजार में कीमती धातुओं की कीमतें एक दायरे में बनी रहीं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 23.30 डॉलर या 0.57 प्रतिशत गिरकर 4,029.66 डॉलर प्रति औंस रह गया और चांदी लगभग एक प्रतिशत के नुकसान के साथ 58.26 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोका

# 16 साल बाद फाइनल में स्पेन एम्बाप्पे की स्टार ब्रिगेड फेल

## सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को दी शिकस्त, रविवार को होगा फाइनल



अर्लिंगटन

स्पेन की मजबूत रक्षापंक्ति और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के आगे किलियन एम्बाप्पे की अगुआई वाली फ्रांस की स्टार आक्रमण पंक्ति पूरी तरह बेअसर साबित हुई और 2010 की विश्व चैंपियन स्पेन ने एक बार फिर फीफा विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली। स्पेन ने सेमीफाइनल में मिकेल ओयारजाबाल और पेड्रो पोरो के गोल के दम पर फ्रांस को 2-0 से शिकस्त दी।

इसके साथ ही स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोकते हुए अपनी शानदार रक्षात्मक क्षमता का एक और नमूना पेश किया। स्पेन अब रविवार को होने वाले फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। फाइनल न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेला जाएगा।



### फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए : यामाल

मैच से पहले युवा स्टार लामिन यामाल ने कहा था कि फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए और मैदान पर उनका यह दावा सही साबित हुआ। फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज फ्रांस की अगुवाई विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोररों में शामिल एम्बाप्पे कर रहे थे, जिन्होंने सेमीफाइनल से पहले विश्व कप के 20 मुकाबलों में 20 गोल किए थे। उनके साथ बैलन डी'ओर विजेता उस्मान डेम्बेले और इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल में मदद करने वाले माइकल ओलीसे भी थे, लेकिन यह तिकड़ी स्पेन की रक्षा पंक्ति के आगे प्रभावहीन रही।

### ओयारजाबाल ने पेनाल्टी को गोल में बदला

स्पेन को 22वें मिनट में बढ़त मिली, जब यामाल के शानदार मूव पर फ्रांस के डिफेंडर लुकास डिन्ये ने फाउल कर दिया। इस पेनाल्टी को ओयारजाबाल ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 58वें मिनट में पोरो ने दानी ओल्मो के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए दूसरा गोल दागकर जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अपने 19वें जन्मदिन के एक दिन बाद खेल रहे यामाल ने बाद में एक गोल भी किया, लेकिन करीबी ऑफसाइड के कारण उसे नकार दिया गया। टीम को हालांकि शुरुआती बढ़त दिलाने में उनकी सूझबूझ भरी खेल शैली निर्णायक साबित हुई।

# 14 टीमों के साथ नए प्रारूप में खेला जाएगा वनडे विश्व कप

### आईसीसी ने बदला वनडे वर्ल्ड कप का फॉर्मेट

- वनडे विश्व कप में सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण की एंट्री
- 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट



एडिनबर्ग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2027 वनडे विश्व कप और 2028 टी20 विश्व कप के प्रारुप में कुछ बदलाव किए हैं, जिनका उद्देश्य दोनों टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा को और अधिक रोमांचक बनाना है। ये फैसले आईसीसी की सालाना बैठक में लिए गए। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में पूर्व योजना के अनुसार 14 टीमें ही भाग लेंगी, जो पिछले चरण की 10 टीम से अधिक हैं। हालांकि टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आईसीसी ने सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण को शामिल किया है।

### सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच होंगे मुकाबले

आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 14 योग्य टीमें भाग लेंगी लेकिन संशोधित प्रारुप के तहत फाइनल तक पहुंचने के लिए तीन चरण की प्रतियोगिता होगी, जिससे टूर्नामेंट के हर मैच का महत्व बढ़ेगा और शुरुआत से लेकर फाइनल तक प्रतिस्पर्धा रोमांचक बनी रहेगी।' 'सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच मुकाबले होंगे, जिनमें से एक टीम दूसरे दौर में पहुंचेगी, जिसमें छह टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन टीम और दोनों समूहों में शेष टीम में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली एक टीम सुपर-7 (पहले प्रस्तावित सुपर-6 के स्थान पर) में पहुंचेगी। सुपर-7 चरण से शीर्ष चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### मुकाबले होंगे पहले से ज्यादा रोमांचक

आईसीसी ने कहा, 'इन बदलावों से हर मैच का महत्व बढ़ेगा और मुकाबले पहले से ज्यादा रोमांचक होंगे। इससे प्रशंसकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, वहीं नई और उभरती टीम को भी क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता रहेगा।' ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के बाद अब सुपर-8 की जगह सुपर-10 चरण होगा।टूर्नामेंट में चार-चार टीम के पांच ग्रुप बनाए जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीम सुपर-10 में पहुंचेंगी। पिछले चरण में सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंचती थीं।

### हर ग्रुप की शीर्ष टीम सीधे पहुंचेगी अंतिम चार में

नए प्रारुप में अब प्रत्येक ग्रुप की केवल शीर्ष टीम ही सीधे अंतिम चार में पहुंचेगी। ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम विपरीत ग्रुप की तीसरे स्थान वाली टीम के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी, जिससे प्रतियोगिता में एक नया रोमांच जुड़ जाएगा। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में उभरती हुई टीम के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए दूसरे चरण में भाग लेने वाली टीम की संख्या 8 से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया गया है।'

### स्कॉटलैंड को यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा

आईसीसी ने यह भी बताया कि स्कॉटलैंड को 2026 टी20 विश्व कप में विशेष परिस्थितियों में अंतिम समय पर बांग्लादेश की जगह खेलने के कारण सीधे यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं 2026 टी20 विश्व कप में खेलने वाली लेकिन स्वतः क्वालीफाई नहीं कर पाने वाली बाकी टीम सीधे वैश्विक क्वालीफायर में पहुंचेंगी। वैश्विक क्वालीफायर के अन्य आठ स्थानों के लिए क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन होगा। इनमें अफ्रीका, एशिया और यूरोप से दो-दो टीम जबकि अमेरिका और पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र से एक-एक टीम क्वालीफाई करेगी। वैश्विक क्वालीफायर में प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष टीम और कुल मिलाकर अगली तीन सर्वश्रेष्ठ टीम 2028 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## खबर संक्षेप



### असम में देर रात तक खुले रहेंगे रेस्टोरेंट

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने घोषणा की कि विश्व कप फुटबॉल के मैचों के दिन राज्य की राजधानी में रेस्टोरेंट (रेस्तरां) को सुबह 3 बजकर 30 मिनट तक खुला रखने की अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुटबॉल लोगों को जोड़ता है और राज्य सरकार चाहती है कि खेल प्रेमी बिना किसी असुविधा के सेमीफाइनल और फाइनल का आनंद लें।

### मर्सिडीज एफवन : अतिका ने हासिल की पोल पोजीशन



**विटेरबो।** भारत की 11 वर्षीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर ने मर्सिडीज एफवन के दो जूनियर ड्राइवरों को पछाड़कर चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी प्रोग्राम के तीसरे दौर में पोल पोजीशन हासिल की। अतिका ने भीषण गर्मी के बीच यह प्रदर्शन किया। उन्हें इस सर्किट पर खेलने का खास अनुभव नहीं था लेकिन उन्होंने इसे यादगार बना दिया। इस भारतीय ड्राइवर ने इटली के निकोलो पेरिको और जर्मनी के डेविन टिट्ज जैसे स्थापित मर्सिडीज एफवन जूनियर ड्राइवरों को हराकर पोल पोजीशन हासिल की। उन्होंने प्रतियोगिता का एक रिकॉर्ड भी बनाया।

### पहली बार पुरुष और महिला हॉकी विश्व कप एकसाथ

**बेंगलुरु।** बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच विश्व कप में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है लिहाजा भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर चल रहे राष्ट्रीय शिविर में तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड में 15 से 30 अगस्त के बीच टूर्नामेंट खेला जाएगा और पहली बार महिला और पुरुष विश्व कप एक साथ, एक जगह पर होगा। भारतीय पुरुष टीम ने एफआईएच प्रो लीग के नीदरलैंड और लंदन चरण में अच्छा प्रदर्शन किया।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत, इंग्लैंड से दूसरी भिड़ंत आज

## बदला दूसरे वनडे का समय, शाम 5.30 बजे होगा शुरू

कार्डिफ

पहले मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगी तो कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फॉर्म पर सभी का ध्यान केंद्रित रहेगा। गिल ने बर्मिंघम में खेले गए पहले वनडे में भारत की छह विकेट से जीत में 80 रन बनाए थे, लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्हें 'रिटायर्ड हर्ट' होकर मैदान छोड़ना पड़ा था। भारत उनके जल्द से जल्द फिट होने की उम्मीद कर रहा होगा। पिछले कुछ समय में यह पहला अवसर नहीं है जबकि गिल को फिटनेस संबंधी समस्या के कारण मैदान छोड़ना पड़ा।



### अक्षर ने मारी लंबी छलांग, टॉप टेन में शामिल

**दुबई।** भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन से आईसीसी वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। अक्षर में इस मैच में चार विकेट लेने के अलावा नाबाद 57 रन भी बनाए, जिससे वह आईसीसी रैंकिंग की नवीनतम सूची में तीन पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता था। अक्षर की बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 18 पायदान ऊपर 73वें जबकि गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### गिल की रेटिंग में बढ़ोतरी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 'रिटायर्ड हर्ट' होने से पहले 80 रन की शानदार पारी खेली। इससे उनकी रेटिंग में 12 अंकों की बढ़ोतरी हुई है और अब वह वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज डैरिल मिचेल से केवल 11 अंक पीछे हैं। जसप्रीत बुमराह ने वापसी पर एक विकेट लिया, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इससे वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 24 पायदान (177वां स्थान) और ऑलराउंडर रैंकिंग में 16 पायदान (55वां स्थान) आगे बढ़ने में सफल रहे। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट 76 रन बनाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में संयुक्त 12वें स्थान पर पहुंच गए।

### जूनियर हॉकी टीम को मिली ब्रिटेन में मिश्रित सफलता

**नई दिल्ली।** इस साल चीन में होने वाले अंडर-21 एशिया कप के लिए तैयारी कर रही भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ब्रिटेन के अपने दौरे में मिश्रित सफलता हासिल की तथा जहां उसने तीन मैच जीते वहीं चार मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। जूनियर एशिया कप चार से 13 सितंबर तक चीन के मोकी में खेला जाएगा। ब्रिटेन दौरे में भारतीय टीम ने स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम, अमेरिका की अंडर-21, इंग्लैंड की अंडर-21 और बेल्जियम की अंडर-21 टीमों के खिलाफ कुल सात मैच खेले।

# जापान ओपन : भारत की चुनौती समाप्त आयुष, उन्नति, लक्ष्य हारकर बाहर

टोकियो

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में संघर्षपूर्ण मुकाबलों में हार गए जबकि लक्ष्य सेन को सीधे गेम में पराजय मिली।

एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता आयुष को दूसरी वरीयता प्राप्त पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुन्लावुत वितिदसर्न ने 21-19, 23-25, 21-15 से हराया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज उन्नति को चीनी ताइपै की हुआंग यू



सुन ने 16-21, 21-16, 21-15 से मात दी। आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य को स्थानीय खिलाड़ी कोकी वातानाबे ने 38 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया। भारत के तीनों खिलाड़ी पहले दौर की बाधा भी पार नहीं कर सके, जो अगले महीने दिल्ली में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले अच्छा संकेत नहीं है। भारत 17 साल बाद इसकी मेजबानी कर रहा है।

अब भारत की उम्मीदें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित टीम पर टिकी हैं। सिंधू का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा जबकि ध्रुव और तनीषा शीर्ष वरीयता प्राप्त फेंग यान झि और हुआंग डोंग पिंग से खेलेंगे।

# झज्जर के पहलवान अमन ने जीता गोल्ड

## *हिसार के विशाल और दीपक को मिले कांस्य पदक, हंगरी में छाए हरियाणा के पहलवान*

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज़)।** हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित रैंकिंग कुश्ती सीरीज' में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। झज्जर के स्टार पहलवान अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भारवर्ग में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस पूरे टूर्नामेंट में अमन का प्रदर्शन बेहद आक्रामक और एकतरफा रहा, जहां उन्होंने 4 मुकाबलों में शानदार खेल दिखाते हुए कुल 44 पॉइंट हासिल किए और विपक्षी खिलाड़ियों को केवल 6 पॉइंट ही लेने दिए। अमन ने अपने दमदार खेल के दम पर 3 मुकाबलों में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर एकतरफा जीत दर्ज की।





### दीपक ने नुरद्दीन को हराया

दीपक ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल में कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीता। दीपक ने प्लेऑफ में अजरबैजान के नुरद्दीन नोवरुजोव को 9-8 से हराया। वहीं 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कुमार मोहित कजाखस्तान के नाचिन कुलर से हारकर बाहर हो गए।

### विशाल ने कजाकिस्तान के पहलवान को दी पटखनी

हिसार के पहलवान विशाल कालीरामन ने 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भारवर्ग में देश की झोली में कांस्य पदक डाला। ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए मुकाबले में विशाल ने कजाकिस्तान के पहलवान दास्तानबेक को चारों खाने चित कर दिया। विशाल ने पूरे मुकाबले में मजबूत पकड़ बनाए रखी और प्रतिद्वंद्वी को 8-2 के बड़े अंतर से मात देकर पोडियम पर अपना स्थान पक्का किया। अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारतीय पहलवानों के इस शानदार प्रदर्शन से देश के खेल जगत और प्रशंसकों में भारी उत्साह का माहौल है।

### जकार्ता में छाए मुक्केबाज निशा ने एकतरफा मुकाबले में जापान की बॉक्सर को हरा जीता गोल्ड

# एशियन अंडर-19 और 23 चैंपियनशिप में जीते 17 पदक, इनमें 11 हरियाणा की बेटियों ने कब्जाए

रोहतक

इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित एशियन अंडर-19 और अंडर-23 महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों ने 17 पदक जीते। इनमें 3 गोल्ड, 10 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसमें 11 पदक हरियाणा की मुक्केबाजों ने जीते हैं। बुधवार को खेले गए अंडर-23 श्रेणी के फाइनल में निशा ने गोल्ड जीता, जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसमें रोहतक की 75 में मुस्कान ने रजत व 80 में नैना ने कांस्य पदक जीता। 65 में काजल ने रजत और 51 में तनु ने कांस्य











पदक जीता है। ये दोनों खिलाड़ी रोहतक साई में अभ्यास करती है। अंडर-23 आयु वर्ग के 54 किलोग्राम वर्ग में निशा ने एकतरफा मुकाबले में जापान की कोइन कोकुफु को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक कब्जाया। 60 किलोग्राम में निकिता चंद को उज्बेकिस्तान की मुश्तरिवोनु इब्रोखिमजोन से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक मिला। 65 किग्रा में काजल को उज्बेकिस्तान की सेविंच ख्रामोवा के खिलाफ 5-0 से व 75 किग्रा वर्ग में मुस्कान को कजाकिस्तान की सुगला नाइबाए के खिलाफ 5-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जिससे दोनों को रजत पदक मिला। हैवीवेट श्रेणी (80+ किग्रा) के रोमांचक मुकाबले में प्रियंका ने बेहतरीन जज्बा दिखाया, लेकिन वह उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाखोबिदिनोवा से 4-1 से मुकाबला हार गईं और उन्हें रजत पदक मिला। इसके अलावा भारत की तनु (51 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) ने सेमीफाइनल तक का सफर तय कर देश के लिए चार कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक हासिल किए।

### अंडर-19 में भी छाई म्हारी लाडलियां

इससे पहले एशियन अंडर-19 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी भारतीय बेटियों ने रिंग में उतरकर अपना दबदबा कायम किया और 10 में से 8 पदक अपने नाम किए। इस वर्ग में भारत की दो जांबाज मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा लहराया, जिनमें 51 किलोग्राम भार वर्ग में चंद्रिका भोरेशी पुजारी और 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्राची शामिल रहीं। इनके अलावा गुंजन (48 किग्रा), जॉयश्री देवी चिरोम (54 किग्रा), चाहत (60 किग्रा), अंशिका (75 किग्रा), मेघा श्योकंद (80 किग्रा) और प्राची टोकस (+80 किग्रा) ने फाइनल तक का सफर तय कर रजत पदक जीते।

### हरियाणा की धरती बॉक्सिंग की नर्सरी बनी : मेजर सिंधु

हरियाणा की बेटियों के इस दमदार प्रदर्शन पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने हर्ष और गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने सभी पदक विजेताओं और उनके कोचों को बधाई देते हुए कहा कि इन बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा, जकार्ता में देश को मिले 17 पदकों में से 11 पदक हरियाणा की मुक्केबाजों ने जीते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा की धरती आज भी देश के लिए खेल और बॉक्सिंग की सबसे मजबूत नर्सरी बनी हुई है। कोच नवीन खोखर और कोच सुधीर हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।



# अमेरिकी हमलों से तेहरान दहला, एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल-ड्रोन साइट्स धुआं धुआं

एजेंसी

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जंग की आग धधकती ही जा रही है. तेहरान आधी रात धमाकों से दहल उठा. बता दें कि अमेरिका ने देर रात लगातार 5वें दिन ईरान की राजधानी तेहरान में भीषण बमबारी की. अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने जानकारी दी कि अलस्सुबह लगभग साढ़े तीन बजे (भारतीय समय) उसने ईरान के ग्रेटर टुंब द्वीप पर तटीय रक्षा प्रणाली और क्रूज मिसाइल भंडारण ठिकानों पर बम बरसाये. 90 मिनट में पूरा इलाका धुआं धुआं हो गया. अमेरिकी सेना के अनुसार ईरान के खर्ग द्वीप की तरफ जा रहे एक तेल टैंकर जो बार बार चेतावनी देने के बावजूद नहीं रुका तो उसे हेलफायर मिसाइल से उडा दिया गया. इसके साथ ही अमेरिका ने ईरान के सैन्य ठिकानों, एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाइल-ड्रोन साइट्स पर हमले कर उसे नेस्तनाबूद कर दिया. ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी कि अहवाज शहर और बंदर अब्बास पर अमेरिकी हमला हुआ है, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ. ईरान के सरकार एजेसी आईआरआईबी ने आरोप लगाया कि अहवाज के एक अस्पताल के पास हमला हुआ है. इधर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने दावा किया कि उसने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया है. कुवैत ने कहा कि उसने ईरान की चार मिसाइलें और 21 ड्रोन हमले रोक दिये. एक खबर और है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इजरायली सरकार को खरीखोटी सुनाई है. द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार वेंस ने आरोप लगाया है कि इजरायली सिस्टम में शामिल कुछ लोग (इजरायली नेता) अमेरिकी जनता की राय को बदलने की कोशिश में लगे हुए हैं, ताकि ईरान के साथ युद्ध लंबे समय तक जारी रहे. उनका कहना था कि कुछ लोग ईरान के साथ हुई शांति वार्ता को पटरी से उतारने में लगे हुए हैं. वेंस ने उन इजरायली नेताओं की भी आलोचना की और कहा कि वे ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को लंबे समय तक जारी रखना चाहते हैं.

## बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान का भीषण पलटवार, दहल उठा पूरा मध्य-पूर्व क्षेत्र



**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच जारी सीधे स्तर का सैन्य टकराव अब पूरी तरह से नियंत्रण से बाहर होकर महायुद्ध में बदल गया है। अमेरिका द्वारा किए गए हवाई हमलों के जवाब में ईरान ने बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर अब तक का सबसे बड़ा और विनाशकारी पलटवार किया है। पश्चिम एशिया के खाड़ी क्षेत्र में चल रहा सैन्य संकट अब एक बेहद खतरनाक और विनाशकारी मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिका द्वारा बुधवार को ईरान के भीतर किए गए बैक-टू-बैक दो बड़े हवाई हमलों के जवाब में तेहरान ने अब तक का सबसे बड़ा और भीषण पलटवार किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उन्होंने गुरुवार को बहरीन में स्थित मुख्य अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर सबसे बड़ा हमला बोला है, जिसने पूरे मध्य-पूर्व को हिलाकर रख दिया है। इस भीषण प्रहार के साथ ही ईरान ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक व्यापारिक जलमार्ग 'होर्मुज जलसंधि' को पूरी तरह से बंद करने का एलान कर दिया है, जिससे वैश्विक तेल बाजार के पूरी तरह क्रैश होने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

# इजरायल की 3.3 अरब डॉलर की सैन्य फंडिंग पर अमेरिकी संसद में रार, नेतन्याहू को झटका

एजेंसी

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी सैन्य संघर्ष और गाजा में बिगड़ते मानवीय हालातों के बीच इजरायल को अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर अपने सबसे मजबूत सहयोगी देश अमेरिका से एक बड़ा झटका लगा है। अमेरिका की ओर से इजरायल को दी जाने वाली सालाना 3.3 अरब डॉलर (लगभग रु 27,000 करोड़) की सैन्य सहायता राशि को लेकर अमेरिकी संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स' में गंभीर मतभेद और खींचतान खुलकर सामने आ गए हैं। अमेरिकी संसद के आधे से ज्यादा सत्ताधारी डेमोक्रेटिक सांसदों ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की



आक्रामक सैन्य नीतियों का कड़ा विरोध करते हुए इस भारी-भरकम सहायता राशि में तत्काल रूप से बड़ी कटौती करने या इसे पूरी तरह से रोकने के पक्ष में मतदान किया है।

अमेरिकी संसद के भीतर इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर बुधवार को एक विशेष संशोधन प्रस्ताव पर ऐतिहासिक मतदान कराया गया। यह संशोधन प्रस्ताव अमेरिका के 'राष्ट्रीय सुरक्षा खर्च विधेयक' में इजरायल को दी जाने वाली बिना शर्त सैन्य मदद को पूरी तरह रोकने के उद्देश्य से लाया गया था। हालांकि, अंतिम परिणाम की बात करें तो यह प्रस्ताव सदन में गिर गया; क्योंकि प्रस्ताव के पक्ष में मात्र 104 वोट पड़े, जबकि इसके विरोध में 314 सांसदों ने एकजुट होकर मतदान किया। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही यह संशोधन राष्ट्रीय सुरक्षा खर्च विधेयक में जुड़ने से रह गया हो, लेकिन इस वोटिंग ने यह पूरी तरह साफ कर दिया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की युद्ध रणनीति और गाजा नीति को लेकर अमेरिकी संसद और खुद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर बहुत गहरी और वैचारिक दरार आ चुकी है।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा आज से शुरू, मौसी के घर 'गुंडिचा' प्रस्थान करेंगे महाप्रभु, 30 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

एजेंसी



**भूवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी शहर में गुरुवार सुबह से जगन्नाथ रथ यात्रा बेहद हर्षोल्लास और अगाध श्रद्धा भाव के साथ शुरू हो गई है. हर साल आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकलने वाली इस पावन यात्रा में भाग लेने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुरी पहुंचे हैं, जिससे पूरा मंदिर परिसर महाप्रभु के जयकारों से गूंज उठा है. मंदिर के चुनरा सेवायत शरत मोहंती ने बताया कि इस बार सुबह से ही मंदिर के अंदर के सभी धार्मिक अनुष्ठान बहुत तेजी से पूरे किए गए हैं. ऐसा लग रहा है कि स्वयं महाप्रभु की यही इच्छा थी कि वे जल्दी से जल्दी बाहर आकर अपने भक्तों को दर्शन दें. सुबह तड़के मंगला आरती और स्नान पूजा के बाद भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया और फिर गोपाल वल्लभ भोग व राजभोग के रूप में सात्विक खिचड़ी अर्पित की गई.

### गर्भगृह से बाहर आए महाप्रभु

धार्मिक अनुष्ठानों के बाद बेहद भव्य तरीके से 'पाहांडी बिजे' की परंपरा शुरू हुई, जिसमें भगवान के विग्रहों को आदरपूर्वक गर्भगृह से बाहर लाया गया. सबसे पहले चक्रराज सुदर्शन, फिर भगवान बलभद्र, माता सुभद्रा और अंत में भगवान जगन्नाथ को लाकर उनके निर्धारित रथों पर विराजमान कराया गया. रथ यात्रा के शुरूआती समय में पुरी में हल्की बारिश भी देखी जा रही है. इसे भक्त भगवान की प्रसन्नता और आशीर्वाद से जोड़कर देखते हैं. मान्यता है कि रथ यात्रा के दिन वर्षा होने का अर्थ है कि भगवान अपने भक्तों से बेहद प्रसन्न हैं.

### सोने की झाड़ू से हुई रथों की सफाई

भगवान के रथ पर विराजमान होने के बाद रथ यात्रा का सबसे प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण अनुष्ठान 'चेरा पहरा' निभाया गया. इस रस्म के तहत पुरी के गजपति राजा स्वयं एक सेवक के रूप में रथों के पास पहुंचे और उन्होंने सोने की झाड़ू से तीनों रथों के मंडप को साफ किया. इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तीनों विशाल रथों- नंदीघोष (भगवान जगन्नाथ का रथ), तालध्वज (बलभद्र जी का रथ) और दर्पदलन (माता सुभद्रा का रथ) का शुद्धिकरण किया गया. अब सभी जरूरी रस्में पूरी होने के बाद रथों में लकड़ी के घोड़े जोड़ दिए गए हैं. लाखों भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ मोटे रस्सों को थामकर रथों को खींचना शुरू कर दिया है. महाप्रभु का यह कारवां धीरे-धीरे गुंडिचा मंदिर की ओर बढ़ रहा है, जहाँ शाम को पहुंचने पर विशेष संध्या आरती उतारी जाएगी.

### स्कंद पुराण में मिलता है 12वीं सदी के इस पर्व का इतिहास

ऐतिहासिक और पौराणिक साक्ष्यों की बात करें तो भगवान जगन्नाथ की इस रथ यात्रा का विस्तृत वर्णन प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों जैसे स्कंद पुराण, ब्रह्म पुराण और पद्म पुराण में गहराई से मिलता है। ऐतिहासिक रूप से, पुरी के इस भव्य जगन्नाथ मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में पूर्वी गंगा राजवंश के प्रतापी राजा अनंतवर्मन चोडगंगा देव ने करवाया था। तब से लेकर आज तक यह रथ यात्रा एक अटूट और सतत परंपरा के रूप में भारत के सबसे बड़े धार्मिक उत्सवों में शुमार है। हालांकि, शोधकताओं के अनुसार, मुगल आक्रमणों और विदेशी ताकतों के हमलों के कारण वर्ष 1558 से 1735 के बीच इतिहास में कुल 32 बार इस भव्य रथ यात्रा का आयोजन नहीं किया जा सका था, लेकिन हर बार यह परंपरा अपने मूल गौरव के साथ पुनः स्थापित हुई। पुरी के अलावा गुजरात के अहमदाबाद में भी साबरमती नदी के तट पर करीब 400 वर्षों से संत सारंगदास जी द्वारा स्थापित मंदिर से ऐसी ही एक विशाल रथ यात्रा निकालने का गौरवशाली इतिहास रहा है। रथ यात्रा के समापन के बाद भी कुछ बेहद अनूठी परंपराएं निभाई जाती हैं।

# ई-20 पेट्रोल से इंजन खराब, कंज्यूमर कोर्ट का कंपनी को आदेश, एक लाख मुआवजा और नयी कार दें

एजेंसी

**रायपुर।** देश में ई-20 पेट्रोल को लेकर जारी नफा नुकसान की बहस के बीच एक अहम खबर आयी है. ई-20 पेट्रोल के इस्तेमाल से वाहन के इंजन में खराबी आने की बात रायपुर (छत्तीसगढ़) जिले के कंज्यूमर कोर्ट ने मानी है. दरअसल रायपुर के डॉक्टर प्रेमराज ने जून 2024 में एक महंगी कार खरीदी थी, जो बार-बार बंद हो रही थी. कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और डीलर को आदेश दिया कि वह अपने ग्राहक(शिकायतकर्ता) को 45 दिन के अंदर सेम मॉडल की नयी कार दें. मामला यह है कि कार मालिक ने आरोप लगाया था कि ई-20 पेट्रोल की वजह से उसकी कार को बहुत नुकसान पहुंचा.

उन्होंने दावा किया था कि ई-20 पेट्रोल के कारण उसकी कार के इंजन की परफॉर्मेंस में गिरावट





आयी. माइलेज में गिरावट देखी गयी. आरोप लगाया कि बार-बार सर्विस सेंटर पर कार रिपेयर कराने के बावजूद परेशानी दूर नहीं हुई. काफी पैसे खर्च करने पडे. कंज्यूमर कोर्ट के सामने शिकायतकर्ता ने सबूत पेश किया कि उसकी कार के इंजन में ई-20 फ्यूल जमा हुआ मिला. वर्कशॉप में उसे ठीक कराया, लेकिन कुछ दिन बाद पेट्रोल टैंक में सफेद और चिपचिपा लिक्विड मिला. बता दें कि कार निमार्ता कंपनी(मारुति सुजुकी) और डीलर ने यह दावा किया था कि उनकी कार का मॉडल ई-20 फ्यूल के साथ आसानी से चल सकता है. यह दावा भी किया था कि कार में आ रहीं समस्याएं मालिक की गलती की वजह से है. तर्क दिया कि कार का रखरखाव ठीक से न होने और सामान्य टूट-फूट होने की वजह से खराबी आयी है. हालांकि शिकायतकर्ता ग्राहक ने कंपनी की बात नकारते हुए कहा कि साल 2024 में जब कार खरीदी थी, तो वह बिल्कुल ठीक चल रही थी, लेकिन ई-20 पेट्रोल भरवाने के बाद से लगातार परेशानी बढ़ती चली गयी. समस्या दूर होते नहीं देख कार मालिक ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड पर केस किया था. सुनवाई के क्रम में कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी. लेकिन कोर्ट कंपनी के बात से सहमत नहीं हुआ. शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला देते हुए कंपनी को निर्देश दिया कि 45 दिन के अंदर सेम मॉडल की कार शिकायतकर्ता को दें. कहा कि यह ई20 फ्यूल से चलने वाली होनी चाहिए. कंपनी कार नहीं देती है तो उसे वाहन मालिक को कार के पैसे वापस करने होंगे.

# पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार का बड़ा कदम, होर्मुज मार्ग पर भारतीय नाविकों की तैनाती पर रोक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भारी भू-राजनीतिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्गों पर बढ़ते सैन्य खतरों के बीच भारत सरकार ने भारतीय नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा नीतिगत निर्णय लिया है। नौवहन क्षेत्र की शीर्ष नियामक संस्था, महानिदेशालय समुद्री प्रशासन (डीजीएमए) ने एक आपातकालीन एडवाइजरी जारी करते हुए सभी जहाज मालिकों, जहाज प्रबंधन कंपनियों और चालक दल की भर्ती करने वाली एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इन निदेर्शों के तहत अगले आधिकारिक आदेश तक फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ने वाले सबसे संवेदनशील 'होर्मुज जलडमरूमध्य' से गुजरने वाले किसी भी व्यावसायिक पोत या मालवाहक जहाज पर भारतीय नाविकों की तैनाती पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दी गई है।



महानिदेशालय द्वारा जारी इस आधिकारिक सुरक्षा गाइडलाइन में फारस की खाड़ी, होर्मुज जलसंधि और उसके आसपास के पूरे प्रभावित समुद्री क्षेत्र में संचालित होने वाले सभी जहाजों के कप्तानों को बेहद सतर्क रहने को कहा गया है। डीजीएमए ने निर्देश दिया है कि जहाजों के संचालन के दौरान अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी की जाने वाली तात्कालिक नेविगेशन चेतावनियों और सुरक्षा अपडेट पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखी जाए। इसके साथ ही, किसी भी संभावित आपातकालीन स्थिति या हमले से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय पोत एवं बंदरगाह सुरक्षा कोड के तहत निर्धारित सभी कड़े सुरक्षा मानकों और रक्षात्मक उपायों को तत्काल प्रभाव से पोतों पर लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार का यह सख्त कदम हाल ही में खाड़ी क्षेत्र में 'एमटी अल बहियाह' और 'एमटी मोम्बासा' नाम के दो बड़े वाणिज्यिक जहाजों पर हुए घातक मिसाइल व ड्रोन हमलों की पृष्ठभूमि में आया है। इन दोनों प्रभावित जहाजों पर कुल 46 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिनमें से 30 चालक दल के सदस्य भारतीय नागरिक थे। इस भयानक समुद्री हमले के दौरान 'एमटी अल बहियाह' पर तैनात एक भारतीय नाविक की दर्दनाक मौत हो गई थी।

# पीएम मोदी हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब को देंगे रु 25 हजार करोड़ की सौगात, हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

एजेंसी

**नयी दिल्ली/चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के दौरे पर रहेंगे. इस दौरान वो करीब 25 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे. सुबह लगभग 11 बजे प्रधानमंत्री जींद रेलवे स्टेशन पर जींद और सोनीपत के बीच चलने वाली देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. इसके बाद पीएम चंडीगढ़ जाएंगे, जहां दोपहर करीब 1:45 बजे वो 6,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे. इसके बाद, प्रधानमंत्री जालंधर पहुंचेंगे, जहां वो 5,470 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे.

### पीएम जींद में दिखाएंगे भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग 11:30 बजे जींद के एकलव्य स्टेडियम में हरियाणा को 14,700 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे. जिसमें वो विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे. इनमें सड़क, रेल, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं. वो इस अवसर पर सभा को संबोधित भी करेंगे.

### दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे का बड़ा हिस्सा होगा राष्ट्र को समर्पित

प्रधानमंत्री दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के पैकेज-1 से पैकेज-5 का उद्घाटन करेंगे. 157.92 किलोमीटर लंबे इस एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर के शुरू होने से दिल्ली से कटरा की यात्रा का समय करीब 14 घंटे से घटकर 6 घंटे रह जाएगा. वहीं, दिल्ली से अमृतसर की यात्रा भी करीब आठ घंटे की बजाय चार घंटे में पूरी की जा सकेगी. इस परियोजना से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर ट्रैफिक का दबाव कम होने और औद्योगिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है. प्रधानमंत्री अंबाला-काला अंब फोरलेन हाईवे को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे. ये परियोजना हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच सड़क संपर्क को मजबूत करेगी और औद्योगिक क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी. इसके अलावा 40.60 किलोमीटर लंबे जींद-गोहाना ग्रीनफील्ड हाईवे का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिससे दोनों शहरों के बीच यात्रा समय में कमी आएगी.

## गुजरात : तीन मिनट में दो बार आया भूकंप, लोग सहमे

**अहमदाबाद** : गुजरात के कच्छ जिले में गुरुवार को तीन मिनट के अंतराल पर दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र कच्छ जिले में धोलावीरा से 32 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में स्थित था. रिक्टर पैमाने पर पहले आए भूकंप की तीव्रता 3.6 दर्ज की गई जबकि दूसरा झटका 3.2 की तीव्रता का रहा. वहीं मणिपुर के विष्णुपुर में भी गुरुवार को 3.6 तीव्रता का भूकंप आया. पहले भूकंप का केंद्र खावड़ा से लगभग 32 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित था. वहीं दूसरे भूकंप का केंद्र धोलावीरा से करीब 32 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में बताया गया. दोनों झटके अपेक्षाकृत कम तीव्रता के थे, लेकिन लोगों ने इन्हें स्पष्ट रूप से महसूस किया. जानकारी के मुताबिक, दोनों भूकंपों की वजह से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है. न ही किसी इमारत को क्षति पहुंचने की खबर सामने आई है. वहीं स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं. गुजरात का कच्छ भारत के सबसे अधिक भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में शुमार किया जाता है. यह इलाका भूकंपीय जोन-5 में आता है, जिसे देश का सबसे संवेदनशील भूकंप क्षेत्र माना जाता है. यहां पर समय-समय पर हल्के से लेकर मध्यम तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं.

# सिलीगुड़ी कॉरिडोर पहुँचे सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, 'चिकन नेक' पर भारत कर रहा बड़ी तैयारी

एजेंसी

**सिलीगुड़ी।** भारत ने अपने सबसे संवेदनशील सामरिक क्षेत्र सिलीगुड़ी कॉरिडोर यानी 'चिकन नेक' को अभेद्य सुरक्षा कवच में बदलने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा दिए हैं। भारतीय सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ का पूर्वी कमान के अहम सैन्य ठिकानों, विशेषकर बेंगडुबी मिलिट्री स्टेशन और नागालैंड स्थित 3 कोर (स्पीयर कोर) का दौरा इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत अब केवल सीमाओं की निगरानी नहीं, बल्कि किसी भी दुस्साहस का करारा और त्वरित जवाब देने की पूरी तैयारी कर चुका है। पूर्वोत्तर की सुरक्षा, सैन्य आधुनिकीकरण और रणनीतिक बुनियादी ढांचे को अभूतपूर्व गति से मजबूत किया जा रहा है, ताकि देश की इस जीवनरेखा की ओर उठने वाली हर चुनौती का जवाब उसी की भाषा में दिया जा सके। हम आपको बता दें कि बेंगडुबी मिलिट्री स्टेशन का महत्व इसलिए असाधारण है क्योंकि यह सिलीगुड़ी कॉरिडोर के उत्तरी प्रवेश द्वार पर स्थित है। यही वह संकरा भू-भाग है जिसे सामरिक भाषा में



भारत का 'चिकन नेक' कहा जाता है। नेपाल और बांग्लादेश के बीच स्थित यह कॉरिडोर अपने सबसे संकरे हिस्से में 20 किलोमीटर से भी कम चौड़ा है। यही एकमात्र सड़क और रेल संपर्क है जो भारत के मुख्य भूभाग को असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा जैसे आठ पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। यदि किसी संघर्ष या बड़े संकट के दौरान यह संपर्क बाधित होता है तो पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की रसद, सैन्य सहायता और नागरिक आपूर्ति पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इसी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार इस पूरे क्षेत्र में रक्षा और परिवहन अवसंरचना को युद्धस्तर पर मजबूत कर रही है। भारतीय रेलवे ने हाल ही में 35 किलोमीटर लंबी भूमिगत रेल लाइन बनाने की योजना की घोषणा की है।

## संक्षिप्त खबर

### सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत पर दिल्ली हाईकोर्ट चिंतित, केंद्र-दिल्ली सरकार को दिशा निर्देश जारी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की बिगड़ती जा रही हालत पर आज दिल्ली हाईकोर्ट ने चिंता जताते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को दिशा निर्देश जारी किये. कोर्ट ने सुनवाई के क्रम में कहा, हर नागरिक की जान कीमती है और उसकी रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी बनती है. बता दें कि उनकी भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गयी है .सुनवाई करते हुए कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि सोनम वांगचुक की रोजाना मेडिकल जांच हो, बता दें कि वांगचुक की भूख हड़ताल का आज 19वां दिन है. दायर की गयी याचिका में वांगचुक को जबरन खाना खिलाने के निर्देश देने की मांग भी की गयी है. केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को जानकारी दी कि सरकारी चिकित्सक वांगचुक के स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए हैं. सॉलिसिटर जनरल ने भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित इलाज मिलेगा. बता दें कि श्री वांगचुक ठएएळ पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के खिलाफ कॉक्रोच जनता पार्टी के समर्थन में दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले 19 दिन से भूख हड़ताल पर हैं. उनका वजन 8.9 किलो तक गिर गया है.

### मानसून सत्र : परिसीमन बिल का विरोध करेगी, चंदा चोरी, पेपर लीक का मुद्दा उठायेगी कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में आज निर्णय लिया गया कि 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में परिसीमन बिल का विरोध किया जायेगा. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आज गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गलत तरीके से दो तिहाई बहुमत जुटाने में लगी है. इंडिया ब्लॉक इसका विरोध करेगा. जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि संसद की मौजूदा संख्या में यदि महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया जाये तो कांग्रेस इसका समर्थन करेगी. कांग्रेस सभी विपक्षी दलों के संपर्क में हैं. आरोप लगाया कि भाजपा चालाकी से दो तिहाई बहुमत पाने की कवायद में लग गयी है. मगर उसे लोकसभा में दो तिहाई बहुमत नहीं मिलने की उम्मीद नहीं है. रमेश ने कहा कि लोकसभा में इतनी तोड़ फोड़ के बाद भी भाजपा दो तिहाई बहुमत नहीं पा सकती. जयराम रमेश ने कहा कि चंदा चोरी, पेपर लीक, ई-20 एथेनॉल घोटाला, अमेरिकी ट्रेड डील, विदेश नीति आदि मुद्दे मानसून सत्र में उठाएंगे.

### पेपर लीक को लेकर राहुल गांधी के तेवर तल्ख, एक्स पर पोस्ट किया, 17 जुलाई को देहरादून आ रहा हूं




**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शामिल होने कल देहरादून जायेंगे. बता दें कि देश में विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर राहुल गांधी के तेवर तल्ख हैं. उन्होंने आज गुरुवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, 17 जुलाई को देहरादून आ रहा हूं. उनका सवाल था कि उत्तराखंड ही क्यों आ रहा हूं. इसका जवाब खुद देते हुए कहा, क्योंकि देवभूमि को पेपर लीक का ाि्रील्ल३ी बना दिया गया है. राज्य सरकार पर हमलावर होते हुए एक्स पर लिखा, यहां पटवारी, लेखपाल या कोई और पद काबिलियत से नहीं, अपराधियों के तय किये रेट से मिलते हैं. तंज कसा कि सरकार ने सख़्त नकल-विरोधी कानून बनाया. फिर भी पेपर लीक होते रहे. कानून कागज पर ही पर रहा. बाजार में पेपर बिकते रहे. राहुल ने लिखा, जरा सोचिए, एक बच्चे ने सालों तैयारी की. फॉर्म भरा, फीस दी, दूर के सेंटर तक गया. लेकिन उसका पद किसी और ने खरीद लिया. यह लीक नहीं - यह चोरी है. उस युवा के हक की, उसके रोजगार की, उसके भविष्य की. राहुल गांधी ने लिखा, मैं उत्तराखंड के हर अभ्यर्थी, हर छात्र, हर युवा से कह रहा हूं. यह आपकी लड़ाई है, और मैं आपके साथ हूं. 17 जुलाई को देहरादून आइए .छात्रों की गूंज को हुंकार बनाये. लिखा, भविष्य नीलाम नहीं होने देंगे. सपने लीक नहीं होने देंगे.

### वाराणसी के लिए नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेवा, लखनऊ में भी रुकेगी



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को पंजाब के जालंधर से नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेवा को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे. नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का नाम संत रविदास एक्सप्रेस रखा गया है. यह लंबी दूरी की रात भर की यात्रा के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के नेटवर्क के विस्तार में एक और कदम है. साथ ही पीएम मोदी नवनिर्मित जालंधर रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन करेंगे. नई संत रविदास एक्सप्रेस ट्रेन उत्तर प्रदेश के वाराणसी को पंजाब के अमृतसर के पास छेहरटा से जोड़ेगी, जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश और पंजाब के बीच रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा. रेलवे के मुताबिक, ट्रेन नंबर 14624 (छेहरटा से वाराणसी) हर हफ्ते बुधवार, शुक्रवार और रविवार को दोपहर 2:05 बजे छेहरटा से रवाना होगी. ट्रेन नंबर 14623 (वाराणसी से छेहरटा) हर हफ्ते गुरुवार, शनिवार और सोमवार को शाम 7:05 बजे वाराणसी से प्रस्थान करेगी. यह नई ट्रेन हफ्ते में दोनों तरफ से कुल छह फेरे लगाएगी. संत रविदास वंदे भारत एक्सप्रेस उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के प्रमुख शहरों को जोड़ेगी, जो जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला कैंट, लुधियाना, जालंधर सिटी और अमृतसर में रुकेगी. रेलवे बोर्ड के अनुसार, ट्रेन का रखरखाव छेहरटा स्टेशन पर किया जाएगा. रेलवे के अनुसार, छेहरटा से दोपहर 2:05 बजे रवाना होने के बाद यह ट्रेन दोपहर 2:25 बजे अमृतसर, अगले दिन सुबह 7:30 बजे लखनऊ और दोपहर 12:15 बजे अपने गंतव्य वाराणसी पहुंचेगी. इसी प्रकार वापसी में यह ट्रेन शाम 7:05 बजे वाराणसी से प्रस्थान करेगी. मध्य-रात्रि 12:10 बजे लखनऊ, शाम में 4:35 बजे अमृतसर और शाम 5:10 बजे छेहरटा पहुंचेगी.



# यश की टॉक्सिक से क्लैश बदलेगी ईठा की रिलीज डेट

मुंबई। यश की 'टॉक्सिक' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होने वाला है। दोनों ही फिल्मों को लेकर काफी बज है। हालांकि, अब खबरें हैं कि 'ईठा' की रिलीज पोस्टपोन की जा सकती है। साउथ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर खबरों में हैं। ये फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म पोस्टपोन हुई और अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज हो रही है। यश की 'टॉक्सिक' को लेकर बज इतना ज्यादा है कि बाकी फिल्ममेकर अपनी फिल्में इस समय रिलीज करने से परहेज कर रहे हैं. हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की फिल्म वेबान की रिलीज डेट भी पोस्पोन हुई।



लाइफ Style


# शहनाज

## पर्सनल लाइफ पर बात करने से किया इंकार

हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब शहनाज ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

एक इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्लीज मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए।' शहनाज ने राघव को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने अफेयर की खबरों पर ध्यान न देते हुए बातचीत का रुख राघव के काम की तरफ मोड़ दिया। शहनाज ने राघव की आने वाली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने राघव की तारीफ करते हुए कहा, राघव पहली बार किसी फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर किया है। इसलिए, सभी लोग सिनेमाघरों में जाकर उनकी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को जरूर देखें और उन्हें पूरा सपोर्ट करें। फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' दुनिया भर के सिनेमाघरों में 30 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में राघव जुयाल मुख्य भूमिका (अजय सिंह) में नजर आएंगे।

हॉलीवुड मसाला




# ऑब्सेशन के सीक्वल की कोई योजना नहीं

लॉस एंजिल्स। ऑब्सेशन फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने एक इंटरव्यू में यह साफ किया है कि इस फिल्म के सीक्वल की फिलहाल कोई योजना नहीं है। माइकल ने कहा कि हालांकि वे इस फिल्म के अगले भाग में काम करना पसंद करेंगे, लेकिन अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। माइकल ने मजाक में कहा कि फिल्म में उनके किरदार 'बेयर' को जो अंत मिला, दर्शक उसी के हकदार उसे मानते थे। इसलिए शायद ही लोग उसकी वापसी चाहें। हालांकि, उन्होंने फिल्म के निर्देशक करी बार्कर के उस आइडिया की तारीफ की, जिसमें इस फिल्म को एक अलग-अलग कहानियों वाली सीरीज में बदलने की बात कही गई है।



# एंजेलिना-ब्रैड की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहारा की उम्र 21 साल है। हाल ही में जहारा ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया है। इससे पहले उनकी बहन शिलोह और भाई मैडॉक्स भी ऐसा कर चुके हैं। ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से जहारा ने कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया है। टीएमजेड को मिले अदालती दस्तावेजों के मुताबिक जहारा ने कैलिफोर्निया के कानून के हिसाब से लगातार चार मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रैड पिट का मानना है कि बच्चों के साथ उनके खराब रिश्ते के लिए एंजेलिना जोली जिम्मेदार हैं। साल 2016 में ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक लिया था। यह तलाक हॉलीवुड में सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दरअसल, हॉलीवुड फैंस के बीच यह कपल आइडल माना जाता था, ऐसे में इनका अलग होना फैंस को दुखी कर गया।



# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के पूरे हुए 15 साल

नई दिल्ली। ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की अदाकारी वाली फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' की रिलीज को बुधवार को 15 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फरहान अख्तर ने अपनी इस फिल्म को याद किया है। उन्होंने इस फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ एक नोट लिखा है। फरहान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के कलाकार नजर आ रहे हैं। बीटीएस तस्वीरों में फरहान, ऋतिक रोशन, अभय देओल, कटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन भी नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा '15 साल, अब भी हर पल का भरपूर फायदा उठा रहा हूं। फिल्म के 15 साल पर जश्न मना रहा हूं।' फरहान अख्तर की पोस्ट पर विनीत कुमार सिंह ने लिखा 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा क्लासिक है।'




# मुसाफिर कैफे का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें तीन मुसाफिरों की अधूरी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली है। दर्शक इसे 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। ट्रेलर की शुरुआत लाइब्रेरी के एक सीन से होती है, जहां चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) एक-दूसरे से बातें कर रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में आवाज आ रही है, 'जिंदगी में हर मुसाफिर किसी वजह से मिलता है। कोई थोड़ी देर के लिए। कोई जिंदगी भर के लिए'। इसके बाद सुधार और चंदर के बीच करीबी बढ़ती है। दोनों साथ घूमते-फिरते हैं। प्यार होता है। वेदिका कहती हैं, 'तुम जैसे लोग थोड़ी देर से मिलते हैं'।

स्थानीय खेल समाचार

# भोपाल जिले की 36 सदस्यीय टीम घोषित, अर्णव कप्तान

भोपाल। इंदौर में 16 से 18 जुलाई तक आयोजित होने वाली 54वीं राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिये भोपाल टीम घोषित की गई। आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 ग्रुप में खेली जायेगी एवं इस तीन दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता के माध्यम से सब जूनियर नेशनल जयपुर के लिए मध्यप्रदेश की टीम का चयन किया जायेगा। तैराक खिलाड़ियों में मौली आहुजा, आन्या वाडिया, हिमांशी लीलानी, जाग्वी सबनानी, आराध्या मेहता, तृषा विश्वकर्मा, तीशा पंथी, साक्षी चतुर्वेदी, दानिका बाथम, तेजस्विनी कौशल, मिताली निकुंभ, यूमायरा दत्ता, अवनी कौशल, कनुप्रिया शर्मा, किमाया तिवारी, चहक



# 10000 गाने बनाने वाले संगीत के जादूगर, जिनकी धुनों पर सजती थी रफी और लता की आवाज...

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में कई दिग्गज संगीतकार हुए हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक गीत और कंपोजिशन दिए हैं। आनंद बख्शी से लेकर- आर बर्मन और लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी से लेकर खय्यम तक जैसे लीजेंडरी म्यूजिशियंस ऐसे थे जिन्होंने कई गानों की बेहतरीन कंपोजिशन दी और कई बेहतरीन गाने लिखे भी। इनके लिखे गीत सालों बाद भी सदाबहार हैं और कई तो कल्ट क्लासिक बनकर उभरे हैं। इन्हीं में से एक संगीतकार ऐसे थे जिन्होंने अपने पूरे करियर में 10 हजार से ज्यादा गीत लिखे और कंपोज किए। उन्होंने ना सिर्फ हिंदी बल्कि गुजराती*



***40 के दशक में मिली सफलता*** : अविनाश व्यास 1912 में गुजरात में जन्मे थे और उन्होंने उस्ताद अलाउद्दीन खान से ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने अपने करियर की पहली सफलता 1948 में रिलीज हुई फिल्म गुणसुंदरी से मिली थी जो गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में बनी थी। उन्होंने फिल्मों के अलावा लोकगीत, भजन और गैर फिल्मी गीत भी लिखे। भारतीय कला और संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें 1070 में पद्म श्री से सम्मानित किया था।


### 190 गुजराती फिल्मों में भी दिया संगीत

भारतीय संगीत के वो महान जादूगर थे जिन्होंने अपने कॅरियर में 10 हजार गीत लिखे और उन्हें कंपोज किया. वे थे अविनाश व्यास. जिन्होंने गुजराती सिनेमा में लगभग 190 फिल्मों के लिए संगीत दिया और रफी साहब और लता दीदी से अपने सदाबहार गीतों को आवाज दिलवाई।

### अविनाश व्यास के वो गीत, जिन्हें रफी-लता ने गाया

# नास्तिक हूं, मगर किसी धर्म का अनादर नहीं करता : अन्नू कपूर

नई दिल्ली। अन्नू कपूर अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में वह वास्तु में अटूट आस्था की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। उनके मुताबिक यह उनकी अपनी सोच से बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि एक एक्टर की निजी सोच और उनके निभाए गए किरदारों के बीच फर्क होना चाहिए। अन्नू कपूर कहा कि 'मैं नास्तिक हूं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी धर्म या किसी की आस्था का अनादर करता हूं।



जब प्रोड्यूसर संदीप कपूर मेरे पास एक ऐसे फिजिक्स प्रोफेसर का रोल लेकर आए जो वास्तु में विश्वास करता है, तो मैंने उसे स्वीकार कर लिया। एक एक्टर के तौर पर, मुझे ऐसे किरदार निभाने का मौका उत्साहित करता है जो असल जिंदगी में मेरी अपनी पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग हों।' उन्होंने आगे कहा 'मैंने उत्सुकता और जानकारी के लिए हस्तरेखा शास्त्र और ज्योतिष पर कई किताबें पढ़ी हैं। मगर ये मेरे निजी अनुभव और शौक हैं। इन्हें एक एक्टर के तौर पर मेरे प्रोफेशनल काम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा 'कई बार मेरे बयानों को संदर्भ से हटकर पेश किया जाता है। मैंने कभी किसी की आस्था का मजाक नहीं उड़ाया और न ही कभी अपनी बातों से किसी को दुख पहुंचाने की कोशिश की है। मैं हर व्यक्ति की अपनी पसंद की चीजों में विश्वास रखने की आजादी का सम्मान करता हूं।' फिल्म से दर्शकों को क्या उम्मीद करनी चाहिए, इस पर कपूर का मानना है कि 'उत्तर दा पुत्तर' में मजाक-मस्ती के साथ-साथ एक अहम संदेश भी है। 'यह फिल्म मनोरंजन तो करती ही है, साथ ही दर्शकों को एक जरूरी संदेश भी देती है। मैं बस सबसे यही कहूंगा कि ट्रेलर को आखिर तक देखें। जब मेरे किरदार की पत्नी उससे कहती है 'इस वास्तु के चक्कर में तुम डरपोक हो गए हो,' तो यह एक डायलॉग ही फिल्म की असल बात को बयां कर देता है।'

JHARKHAND EDUCATION CENTER
JHARKHAND EDUCATION CENTER RANCHI
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रमेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.